✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 196 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 13 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



नवादा जिले के चिरैला स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं के साथ संवाद करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्र सरकार ने बदला मनरेगा का नाम

**नई दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** केंद्र सरकार ने 12 दिसंबर को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलकर 'पूज्य बापू ग्रामीण रोज़गार योजना' करने को मंज़ूरी दे दी है। यह भारत की सबसे बड़ी ग्रामीण रोजगार योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को काम की गारंटी देकर उनके जीवनस्तर को बेहतर बनाना है। सरकार ने योजना में दो अहम बदलाव भी किए हैं। पहला, गारंटीकृत रोजगार दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। दूसरा, न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाकर 240 रुपये प्रतिदिन कर दिया गया है। इन बदलावों से लाखों ग्रामीण परिवारों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है।

### शिक्षक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**खगड़िया(नबिटा ब्यूरो)।** किशनगंज के एक सरकारी स्कूल में पदस्थापित शिक्षक 48 वर्षीय रामप्रवेश कुमार ने फांसी लगाकर इहलीला समाप्त कर ली। वे मूल रूप से खगड़िया जिले के मोरकाही थाना अंतर्गत बछौता वार्ड नंबर आठ के रहने वाले थे। वे किशनगंज जिले के एक सरकारी स्कूल में शिक्षक पद पर तैनात थे। स्वजनों ने बताया कि गुरुवार देर रात वे किशनगंज से घर आए थे। लोगों का कहना है कि खाना खाकर कमरे में सोने चले। पत्नी दूसरे कमरे में बच्चों के साथ सोई थी। सुबह उठने पर देखा कि रामप्रवेश कुमार पंखे की कुंडी में फंदा लगाकर लटके हुए हैं।

### सीएम नीतीश ने शिवराज पाटिल के निधन पर जताया शोक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व केन्द्रीय गृहमंत्री एवं पूर्व लोकसभा स्पीकर शिवराज पाटिल के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि उनका निधन अत्यंत दुखद है। भारतीय राजनीति में स्व. शिवराज पाटिल के योगदान को हमेशा याद किया जायेगा। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### घूसखोर पूर्व प्रखंड बीइओ को सश्रम कारावास

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना सिविल कोर्ट की निगरानी की विशेष अदालत ने शुक्रवार को रिश्वतखोरी के एक मामले में दोषी कोईलवर के तत्कालीन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सूर्यकांत सिंह को सजा सुनाई है। कोर्ट ने उन्हें एक वर्ष की कैद और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी है। गवाहों के बयान और उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर विशेष अदालत ने आरोपित को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दोषी पाया था। रिश्वतखोरी का यह मामला वर्ष 2007 का है। शिकायत मिलने के बाद निगरानी ने 23 हजार रुपये रिश्वत लेते उन्हें गिरफ्तार किया था। आरोपित विद्यालय आवंटन के लिए शिकायकर्ता से रिश्वत मांग रहा था।

# 2027 में होने वाली जनगणना के लिए कैबिनेट से 11718 करोड़ की मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंन्द्रीय कैबिनेट ने शुक्रवार को तीन महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी। कैबिनेट ने जनगणना के लिए 11,718 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कोयला लिंकेज नीति में सुधार के लिए कोलसेटू नीति को भी मंजूरी दी है। सरकार ने खोपरा 2025 सीजन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को भी नीतिगत मंजूरी दे दी है। कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जनगणना 2027 की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा प्रशासनिक और सांख्यिकीय अभ्यास होगा। जनगणना 2027 अब तक की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी। जनगणना केंद्र का विषय है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जनगणना की संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 होगी। बर्फ से ढके क्षेत्रों के लिए यह तिथि 1 अक्तूबर 2026 को होगी। वैष्णव ने कहा कि जनगणना 2027



दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण और आवास जनगणना होगी। इसे अप्रैल से सितंबर 2026 तक अंजाम दिया जाएगा। दूसरे चरण में जनसंख्या की गिनती होगी। यह फरवरी 2027 से शुरू होगी। बर्फ से ढके क्षेत्रों में सितंबर 2026 से शुरू होगी। केंद्रीय कैबिनेट ने 'कोयला लिंकेज नीति में सुधारः कोलएसईटीयू' को भी नीतिगत मंजूरी दी है। वैष्णव ने कहा कि भारत कोयले के मामले में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। 2020 में कोयले का वाणिज्यिक खनन शुरू हुआ, जिससे घरेलू कोयले की उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। भारत ने 2024-25 में पहली बार एक वर्ष में एक अरब टन कोयले के उत्पादन का आंकड़ा पार किया। 2024-25 में कुल उत्पादन 1.048 अरब टन रहा। खपत के प्रतिशत के रूप में आयात लगातार घट रहा है। 2024-25 में आयात में 7.9% की कमी आई जिसके परिणामस्वरूप लगभग 60,700 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई। रेल-कोयला साझेदारी के बारे में बताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष रेलवे के जरिए 823 मिलियन टन कोयले का परिवहन किया गया। घरेलू बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार रिकॉर्ड उच्च स्तर पर है।

## बैंककर्मी की राइस मिल पर इओयू का छापा 40 लाख नकद और कई दस्तावेज जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जिले के बिहटा में जय माता दी राइस मिल पर आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 40 लाख रुपये नकद के साथ कई महत्वपूर्ण और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पाटलिपुत्र कॉपरेटिव बैंक के कर्मी भवेश कुमार पर गबन और आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। इन्हीं आरोपों की जांच को आगे बढ़ाते हुए इओयू की टीम ने राइस मिल पर कार्रवाई की। भवेश कुमार ने अपने एक रिश्तेदार के नाम पर इस राइस मिल को किराए पर ले रखा था। मिली जानकारी के अनुसार भवेश कुमार पटना के जीरो माइल, जखरिया पुल के पास आलीशान मकान के मालिक हैं और उनकी बैंक सैलरी की तुलना में कई गुणा अधिक ईएमआई चुकाने की जानकारी सामने आई है। इसी असंगति को देखते हुए उनके खिलाफ आय से



अधिक संपत्ति मामले की जांच चल रही है। जय माता दी राइस मिल मूल रूप से औरंगाबाद निवासी अजय कुमार सिंह के नाम से रजिस्टर्ड है। करीब तीन वर्ष पहले अजय कुमार सिंह पर क्षेत्र के कई पैक्सों और किसानों की बड़ी रकम गबन कर फरार होने का आरोप लगा था। उसी प्रकरण के बाद से यह मिल बंद पड़ी थी। हाल के दिनों में मिल को दोबारा किराये पर लेकर चलाने की चर्चा थी। इओयू की टीम बरामद दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रही है। छापेमारी में मिली नगदी और कागजात बैंक कर्मी के खिलाफ चल रही जांच को और मजबूती दे सकते हैं।

### एसपी ने एएसआइ को किया गिरफ्तार, ओपी प्रभारी निलंबित

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** मछली लदे वाहनों के चालकों से जबरन वसूली के आरोप में एसपी स्वीटी सहरावत ने डंगराहा ओपी के एएसआई पर बड़ी कार्रवाई की है। वायरल वीडियो की जांच के बाद एएसआई को निलंबित कर गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं अधीनस्थों पर नियंत्रण में लापरवाही बरतने के आरोप में डंगराहा ओपी प्रभारी को भी निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि 10 दिसंबर को सोशल मीडिया पर पूर्णिया पुलिस से जुड़ा एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था। एसपी ने मामले का संज्ञान लेते हुए इसकी जांच का निर्देश बायसी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दिया। जांच में संबंधित पुलिसकर्मी की पहचान डंगराहा ओपी में तैनात सअनि रामदेव कुमार सिंह के रूप में हुई। वहीं, डंगराहा ओपी प्रभारी पुअनि अमित कुमार को भी अधीनस्थों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं रखने और लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने नवादा के रजौली में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र समेत कई योजनाओं का किया निरीक्षण

## जीविका दीदियों के कारण बिहार की आर्थिक स्थिति में हो रहा सुधार : नीतीश

**डॉ पंकज / अशोक राय (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)**

**नवादा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को जिले के रजौली प्रखंड अंतर्गत हरदिया पंचायत के ग्राम चिरैला स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक (+2) विद्यालय परिसर का भ्रमण कर वहां संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक छात्रावास के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री नेताजी सुभाष चंद्र छात्रावास के विद्यार्थियों से बातचीत कर पठन-पाठन एवं मिल रही सुविधाओं से अवगत हुए। विद्यालय प्रांगण में आत्मरक्षार्थ कराटे का प्रशिक्षण ले रही छात्राओं से भी मुख्यमंत्री ने बातचीत की। उन्होंने कहा कि आप सभी मन लगाकर पढ़िए। आप सभी बच्चे भारत के भविष्य हैं। आपकी जो जरूरत होगी, सरकार उसे पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने विद्यालय प्रांगण में समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, जीविका दीदियों, छात्रों आदि द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने 137 जीविका स्वयं सहायता समूह को विभिन्न बैंकों के प्रदत्त ऋण से संबंधित एक करोड़ 29 लाख रूपये का सांकेतिक चेक लाभार्थियों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से संवाद के क्रम में कहा कि आप सभी



काफी अच्छा काम कर रही हैं। इससे बिहार की आर्थिक स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है। हर क्षेत्र में आप सभी जीविका दीदियां पूरी मेहनत और लगन से काम कर रही हैं। सरकार आपकी हर जरूरतों को ससमय पूरा करने की हर संभव कोशिश करती है। आगे जो भी आवश्यकताएं होंगी उसे भी पूरा किया जाएगा। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य उपकेंद्र-सह-हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर, हरदिया के परिसर का भ्रमण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जानेवाली चिकित्सकीय सुविधाओं, दवा की उपलब्धता, डाक्टरों की तैनाती आदि के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने फुलवरिया जलाशय, रजौली में ऊपर बिजली नीचे मछली की तर्ज पर लगाए जा रहे 10 मेगावाट का फ्लोटिंग सोलर संयंत्र के प्रगति कार्य का जायजा लिया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह फुलवरिया जलाशय 30 एकड़ में फैला हुआ है। लोक स्वास्थ्य प्रमंडल द्वारा रजौली बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत यहीं से पानी फिल्टर कर आसपास के 90 गांवों के घरों में जल की आपूर्ति की जा रही है क्योंकि यहां का भू-जल फ्लोराइडयुक्त है,जिसके सेवन से कई प्रकार की बीमारियां होती हैं। मुख्यमंत्री ने फुलवरिया जलाशय में 182 फीश केज वाला आाुनिक मत्स्य पालन मडल का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने नवादा जिला के रजौली अंचल में फुलवरिया जलाशय के समीप प्रस्तावित औद्योगिक विकास क्षेत्र के तहत चिन्हित की गई भूमि का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि यहां औद्योगिक विकास के लिए 220 एकड़ जमीन उपलब है। यहां आवागमन भी काफी सुगमतापूर्वक से हो सकेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधायक विभा देवी, विमल राजवंशी, विनीता मेहता, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मगध प्रमंडल की आयुक्त डा. सफीना एएन, पुलिस महानिरीक्षक छत्रनील सिंह, जिलाधिकारी रवि प्रकाश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## घूसखोर डाटा ऑपरेटर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** पटना से आई निगरानी विभाग की टीम ने शुक्रवार को अहले सुबह फिल्मी अंदाज में रिश्वतखोर डाटा ऑपरेटर को रंगे हाथ घूस के 14 हजार रुपए के साथ उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया है। सबसे बड़ी बात यह है कि अकोढीगोला के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रणव कुमार के घूसखोर डाटा ऑपरेटर डाटा ऑपरेटर चंदन कुमार शर्मा पिछले तीन दिनों से विजिलेंस की टीम को लगातार चकमा दे रहा था लेकिन आखिरकार शुक्रवार को निगरानी के हत्थे चढ़ गया। उसे एक शिक्षक से वेतन निर्धारण के लिए 14 हजार रुपए लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद टीम उसे



पटना लेकर चली गई है। वहीं ऑपरेटर की गिरफ्तारी की भनक लगते ही बीईओ फोन बंद कर फरार हो गए हैं। हालांकि निगरानी की टीम ने डिहरी स्थित गांधीनगर में उनके आवास पर दबिश दी पर वह नहीं मिले। निगरानी के डीएसपी विंध्याचल प्रसाद ने बताया कि अकोढीगोला के शिक्षक सुनील कुमार ने निगरानी में शिकायत की थी कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रणव कुमार क्षेत्र के 10 शिक्षकों के वेतन निर्धारण के लिए 15 हजार रुपए की मांग कर रहे हैं। अंततः 14 हजार रुपए में बात तय हो गई है। इसके बाद आज सुबह जब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के डाटा ऑपरेटर चंदन शर्मा अपने आवास पर शिक्षक से 14 हजार रुपए रिश्वत ले रहे थे तभी निगरानी की टीम ने उन्हें दबोच लिया। बाद में निगरानी की टीम डिहरी स्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रणव कुमार के आवास पर भी पहुंची लेकिन वे अपना मोबाइल स्विच ऑफ करके वहां से गायब पाए गए। शिक्षक सुनील कुमार की मानें तो वह अकोढीगोला के मध्य विद्यालय बांका में पोस्टेड हैं। बीइओ अपने डाटा ऑपरेटर के माध्यम से विशिष्ट शिक्षकों के वेतन निर्धारण के एवज में घूस की मांग कर रहे थे।

## भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य का होगा समग्र विकास : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भीमबांध वाइल्ड लाइफ सेंचुरी (भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य) के समग्र विकास के लिए शीघ्र विस्तृत परियोजना प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। इसको लेकर उन्होंने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर के साथ शुक्रवार को बैठक भी की। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि परियोजना प्रस्ताव में वन अनुभव केंद्र सह कार्यशाला एवं प्रशिक्षण केंद्र, वेलनेस सेंटर, योग ग्राम, आयुर्वेद केंद्र, इनडोर गतिविधि क्षेत्र, कैफ़ेटेरिया-भोजनालय, प्रशासनिक भवन, रेस्टोरेंट और सभा कक्ष, गरम पानी की झील, ट्री हाउस सह कॉटेज, व्यूप्वाइंट, ट्रैकिंग मार्ग, लैंडस्केपिंग, भीम सेन कुंड आदि का निर्माण शामिल करें। साथ ही इसमें बेलाटांड़, चोरमारा, नारोकॉल, बहेरातानड़, बघेल, कुकुरझाप धाम, खड़गपुर झील और भौराकोल झील क्षेत्रों को भी जोड़ा जाये। इन क्षेत्रों के पर्यटकीय विकास से भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य की और बड़ी पहचान स्थापित होगी। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अभयारण्य के परिक्षेत्र में रहने वाले 12 से 13 हजार आदिवासियों और स्थानीय लोगों के रोजगार तथा उनके विकास को ध्यान में रखकर प्रस्ताव तैयार किए जाएं। उन्होंने कहा कि मुंगेर जिले का भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य अपनी प्राकृतिक संपदा, गरम जल धाराओं, घने जंगलों और जैव विविधता के लिए अद्वितीय है।

## लर्निंग सेंटर के रूप में विकसित होंगे बिहार के सभी आंगनबाड़ी केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों को लर्निंग सेंटर के रूप में विकसित किया जायेगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा ताकि बच्चों का पोषण, बेहतर स्वास्थ्य और उन्हें पढाई के लिए तैयार किया जा सके। राज्यभर में 1 लाख 15 हजार 64 आंगनबाड़ी संचालित हैं जिनमें 41 लाख 38 हजार 829 बच्चे नामांकित हैं। जानकारी के मुताबिक प्रारंभिक बच्चों की शिक्षा को ध्यान में रखते हुए अब तक एक लाख दो हजार 921 सेविकाओं को इस कार्यक्रम के तहत ट्रेनिंग मिला है। पहले चरण में 13 जिलों के 35 हजार 409 सेविकाओं और दूसरे चरण में 25 जिलों के 67 हजार 512 सेविकाओं को ट्रेनिंग दिया गया है। इस तीन दिनों के ट्रेनिंग में पोषण और पढाई जैसी गतिविधियां शामिल हैं। दरअसल इनमें प्रारंभिक बाल्यावस्था में बच्चों की देखभाल, तीन से 6 साल के बच्चों के सर्वांगीण विकास, मानव जीवन चक्र में पोषण की भूमिका, दिव्यांग बच्चों के समावेशन के अधिकार जैसी कई जानकारियां दी गयी। समाज कल्याण विभाग की सचिव वंदना प्रेयषी ने कहा है कि विभाग पहले बाल्यावस्था की देखभाल और शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए लगातार सक्रिय है। इनके समावेशी विकास के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। वंदना प्रेयषी ने यह भी कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में तमाम लाभकारी योजनाएं आसानी से पहुंचे, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

## भारतीय रेल में यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता : अश्विनी वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेल में यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। किसी भी असामान्य घटना की रेलवे प्रशासन द्वारा गहन जांच की जाती है। तकनीकी कारणों के अलावा किसी अन्य कारण की आशंका होने पर राज्य पुलिस की सहायता ली जाती है। यह जानकारी केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में दी। श्री वैष्णव ने कहा कि कुछ मामलों में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से भी मार्गदर्शन लिया जाता है। हालांकि जांच का प्राथमिक माध्यम राज्य पुलिस ही है। यह संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप है। इसके अंतर्गत आपराधिक गतिविधियों की जांच, कानून व्यवस्था बनाए रखना और पटरियों, पुलों, सुरंगों आदि रेलवे के बुनियादी ढांचे की सुरक्षा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा वर्ष 2023 और 2024 में रेलवे ट्रैक से छेड़छाड़/तोड़फोड़ की सभी घटनाओं में, राज्यों की पुलिस, जीआरपी और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा मामले दर्ज किए गए। इसके बाद जांच, अपराधियों की गिरफ्तारी की गई और उन पर मुकदमा चलाया गया। रेल मंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए रेलवे द्वारा राज्य पुलिस, जीआरपी के साथ बेहतर समन्वय, समन्वित कार्रवाई और निगरानी के लिए चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों और असुरक्षित इलाकों



में रेलकर्मियों, रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी और सिविल पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से लगातार गश्त की जा रही है। उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों, असुरक्षित इलाकों में गश्त करने और खतरों को प्रभावी ढंग से कम करने के लिए खुफिया जानकारी साझा करने हेतु विशेष दल गठित किए गए हैं। रेलवे पटरियों के पास पड़ी सामग्री को हटाने के लिए नियमित अभियान चलाए जा रहे हैं। इसका उपयोग शरारती तत्व रेलवे ट्रैक पर रखकर अवरोध उत्पन्न करने के लिए कर सकते हैं। रेलवे ट्रैक के पास रहने वाले लोगों को ट्रैक पर अवांछित सामग्री रखने, रेल घटकों को हटाने के बाद होने वाली संभावित घटनाओं के परिणामों के बारे में जागरूक किया जा रहा है और उनसे सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने का अनुरोध किया जा रहा है। रेलवे राज्य स्तरीय सुरक्षा समिति की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। अपराध पर नियंत्रण, मामलों के पंजीकरण, उनकी जांच और रेलवे परिसर के साथ-साथ चलती ट्रेनों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आरपीएफ द्वारा राज्य पुलिस/जीआरपी अधिकारियों के साथ सभी स्तरों पर सक्रिय रूप से घनिष्ठ संपर्क स्थापित किया जाता है। इसमें तोड़फोड़ की घटनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है और खुफिया जानकारी साझा की जाती है। श्री वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय और राज्य खुफिया एजेंसियों के अलावा, आरपीएफ की खुफिया इकाइयां, यानी सीआईबी और एसआईबी को नियमित रूप से जागरूक किया जाता है और उन्हें निर्देश दिए जाते हैं कि वे खुफिया जानकारी एकत्र करें और पुलिस अधिकारियों के समन्वय से तोड़फोड़ के प्रयासों का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। पिछले कुछ वर्षों में उठाए गए विभिन्न सुरक्षा उपायों के परिणामस्वरूप दुर्घटनाओं की संख्या में भारी कमी आई है।

CMYK

# नेशनल मखाना बोर्ड की पहली बैठक में मखाना क्षेत्र के समग्र विकास हेतु महत्वपूर्ण निर्णय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** नेशनल मखाना बोर्ड की पहली बैठक 12 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में कृषि और किसान कल्याण विभाग के सचिव देवेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बिहार के कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार और बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर के कुलपति डी. आर. सिंह सहित विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। यह बैठक भारत में मखाना क्षेत्र के वैज्ञानिक, तकनीकी और बाजार उन्मुख विकास की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण आधारशिला मानी जा रही है। बैठक में केंद्रीय मखाना विकास योजना और नेशनल मखाना बोर्ड के क्रियान्वयन की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू की गई। राज्यों और अनुसंधान संस्थानों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक कार्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा विभिन्न घटकों पर बजट आवंटन को मंजूरी दी गई। निर्णयों में मखाना उत्पादन बढ़ाने, तकनीक हस्तांतरण, बाजार विस्तार, सब्सिडी प्रावधान, स्टार्टअप और उद्यमिता को बढ़ावा देने से संबंधित प्रावधान शामिल हैं जिनसे किसानों और नए उद्यमियों को सीधे लाभ मिलेगा। बैठक में राज्यों की बीज आवश्यकता को एकीकृत करने और गुणवत्ता युक्त बीज उपलब्ध कराने के लिए बिहार के सबौर स्थित कृषि विश्वविद्यालय और अन्य शोध संस्थानों की प्रमुख भूमिका पर जोर दिया गया। राज्य कृषि विश्वविद्यालय, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय और एनआरसी मखाना दरभंगा को विभिन्न राज्यों के प्रशिक्षणकर्ताओं को मखाना मूल्य श्रृंखला की नवीनतम तकनीकों पर प्रशिक्षण देने की जिम्मेदारी सौंपी गई जिससे पारंपरिक और गैर-पारंपरिक दोनों क्षेत्रों में उत्पादन का दायरा बढ़ सके। बोर्ड ने मखाना आधारित आवश्यकता-आधारित अनुसंधान, उन्नत खेती और प्रसंस्करण तकनीक, ग्रेडिंग, ड्राइंग, पॉपिंग और पैकेजिंग के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे की स्थापना, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग, बाजार संबंध और निर्यात अवसरों को मजबूत करने पर विशेष बल दिया। इन प्रयासों से मखाना उत्पादों की गुणवत्ता और उनकी घरेलू तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने का लक्ष्य तय किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा 15 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय मखाना बोर्ड के औपचारिक शुभारंभ के बाद 2025-26 के केंद्रीय बजट में की गई घोषणा को अब पूर्ण रूप दिया जा रहा है। सरकार ने 476.03 करोड़ रुपये की लागत से वर्ष 2025-26 से 2030-31 तक संचालित होने वाली केंद्रीय मखाना विकास योजना को मंजूरी दी है। इस योजना से अनुसंधान, बीज उत्पादन, किसानों की क्षमता वृद्धि, कटाई और प्रसंस्करण तकनीक, मूल्य संवर्धन, विपणन और निर्यात को विशेष प्रोत्साहन मिलेगा। बैठक ने भारत के मखाना क्षेत्र के लिए एक समन्वित, वैज्ञानिक और बाजार उन्मुख विकास का व्यापक रोडमैप तैयार किया है, जिससे आने वाले वर्षों में मखाना उद्योग को नई गति और वैश्विक पहचान प्राप्त होने की उम्मीद है।

# विमला फाउंडेशन ने किया पर्यावरण कल्याण एवं उत्तम स्वास्थ्य विषय पर सेमिनार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** विमला फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार को स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर (राज्य स्वास्थ्य समिति), शास्त्री नगर, पटना में 'पर्यावरण कल्याण एवं उत्तम स्वास्थ्य' विषय पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली और जन-जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर विमला फाउंडेशन ने लेमन एंटरटेनमेंट और अर्बन औरा के साथ मिलकर भविष्य में सामाजिक सरोकारों को एक व्यापक अभियान के रूप में आगे बढ़ाने की अपनी योजना साझा की। विमला फाउंडेशन के सचिव आशुतोष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक समाज में स्वास्थ्य और पर्यावरण एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं, इसीलिए सामूहिक प्रयास ही सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। विमला फाउंडेशन के सचिव आशुतोष कुमार ने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज में पर्यावरण और स्वास्थ्य के विषयों पर सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त हो सके। सेमिनार में पहुंचे वक्ता वरिष्ठ पत्रकार बृजमोहन सिंह ने कहा कि राज्य में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण को व्यापक मुहिम के तौर पर चलाना होगा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि हम स्वच्छ हवा, स्वच्छ जल और हरित परिवेश चाहते हैं तो हमें आज ही छोटे-छोटे कदम उठाने होंगे। उन्होंने प्लास्टिक उपयोग में कमी, पौधरोपण, जल संरक्षण और शहरी कचरा प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की। अगले वक्ता के तौर पर भाजपा नेता व मेयर प्रतिनिधि शिशिर कुमार ने स्वास्थ्य और पर्यावरण के परस्पर संबंधों पर कहा कि दूषित पर्यावरण सीधे हमारे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता, फेफड़ों के स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन को प्रभावित करता है। स्वस्थ समाज का निर्माण तभी संभव है जब हमारे आसपास का पर्यावरण भी स्वस्थ हो। उन्होंने कहा कि नगर निगम के पर्यावरण संरक्षण अभियान में लोग सतत उनका सहयोग करें। अगली वक्ता के तौर पर राज्य स्वास्थ्य समिति एवं परिवार कल्याण संस्थान की निदेशक डॉ पूनम रमण ने सामुदायिक भागीदारी और जन-जागरूकता को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बदलाव सरकारें नहीं, समाज मिलकर लाता है। जब युवा, महिलाएं, स्थानीय संगठन और आम लोग एक साथ खड़े होते हैं, तब पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों क्षेत्रों में स्थायी परिवर्तन दिखाई देता है।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवराज पाटिल के निधन पर राजेश राम सहित वरिष्ठ नेताओं ने जताया शोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** देश के पूर्व गृहमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता शिवराज पाटिल का 90 वर्ष की आयु में आज लातूर, महाराष्ट्र में निधन हो गया। उनके निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेता शिवराज पाटिल के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से हमने अपना अभिभावक खो दिया। दुःख के इस घड़ी में बिहार कांग्रेस परिवार उनके परिजनों के साथ खड़ा है और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें हिम्मत दें। मृत आत्मा की शांति की कामना करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि नगर पालिका से अपनी सियासी पारी शुरू करने वाले दिवंगत नेता शिवराज पाटिल ने संसद तक का सफर तय किया। केंद्र में मंत्री बनने से लेकर लोकसभा के स्पीकर और राज्यपाल तक रहे। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज घर पर ही चल रहा था। सत्तर के दशक में सियासत में कदम रखा और विधायक से लेकर सांसद और देश के गृहमंत्री बनने तक का सफर तय किया। फर्श से अर्श तक का सियासी सफर तय किया और राजनीति की बुलंदी तक पहुंचे। वे साफ-सुथरी छवि के नेता रहे। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी, स्व. राजीव गांधी और स्व. डॉ. मनमोहन सरकार में वे मंत्री रहे। इसके अलावे पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक भी रहे। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके निधन की निकट भविष्य में पूर्ति नहीं हो सकती। शोक व्यक्त करने वाले प्रमुख नेताओं में विधान परिषद में दल के नेता व पूर्व अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, कपिलदेव प्रसाद यादव, अजय चौधरी, प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, असित नाथ तिवारी सहित अन्य नेतागण है।

## एचडीएफसी बैंक ग्रुप ने एचडीएफसी टेक इनोवेटर्स सफलतापूर्वक किया पूरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एचडीएफसी बैंक ग्रुप ने एचडीएफसी टेक इनोवेटर्स-2025 के चौथे संस्करण को सफलतापूर्वक पूरा किया जिसमें छह सेक्टर के 10 विजेताओं और उभरती महिला फाउंडर्स के लिए दो स्पेशल रिकग्निशन अवॉर्ड्स की घोषणा की गई। एचडीएफसी टेक इनोवेटर्स-2025 को एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी कैपिटल और एचडीएफसी एएमसी ने मिलकर आयोजन किया था जिसमें ग्रुप की दूसरी कंपनियों- एचडीएफसी लाइफ, एचडीएफसी एर्गो, एचडीएफसी सिक्योरिटीज और एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज ने भारत के तेजी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम को सपोर्ट किया। इस एडिशन में देश के 290 से ज्यादा शहरों के 1600 से अधिक स्टार्टअप्स ने रूचि दिखाई थी। एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड (ब्रांच बैंकिंग, पेमेंट्स, ट्रेजरी, लायबिलिटी प्रोडक्ट्स, मार्केटिंग, वर्चुअल चैनल्स और इंफ्रास्ट्रक्चर) आशीष पार्थसारथी ने कहा कि आज यहां स्टार्टअप्स को पहचान देना और भारत की अगली पीढ़ी की कॉर्पोरेशन बनने की उनकी यात्रा में उनका सपोर्ट करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

## हर आपदा में मदद के लिए तैयार हैं आपदा मित्र : सूर्यकांत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, मेरा युवा भारत एवं बिहार राज्य आपदा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में 125 आपदा मित्रों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। राज्यनिदेशक सूर्यकांत कुमार ने बताया कि मेरा युवा भारत युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत बड़ा मंच है। आपदा मित्र किसी भी आपात स्थिति में लोगों को मदद करेंगे और आपदा के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सूबे के युवाओं से आह्वान किया कि आप माय भारत पोर्टल पर अपना निबन्धन आवश्य करायें। एसडीआरएफ के प्रशिक्षक राहुल कुमार ने बाढ़ और भूकम्प से बचाव के विषय पर विस्तार से बताया और बचाव के उपाय पर बल दिया। प्रशिक्षण में सर्वश्रेष्ठ युवा मंडल पुरुस्कार से सम्मानित प्रेम यूथ फाउंडेशन के दो दर्जन से अधिक स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। मौके पर प्रशिक्षक योगेंद्र प्रसाद, कार्यक्रम समन्वयक प्रियंका कुमारी, आपदा मित्र आर्यन रंजन, सुजीत कुमार, प्रिंस कुमार, कृति, संगीत, सपना, दिव्या, तन्नू, आयुष, हिमांशु समेत सैकड़ों आपदा मित्र शामिल हैं।

## बिहार में जैविक कृषि का विस्तार,जैविक कॉरिडोर योजना बनी किसानों की नई पहचान

### गंगा किनारे के खेती क्षेत्रों में पर्यावरण-सुरक्षित कृषि मॉडल को नई रफ्तार : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने बताया कि राज्य में जैविक कृषि को बढ़ावा देने हेतु जैविक कॉरिडोर योजना के तहत किसानों एवं किसान समूहों द्वारा बड़े पैमाने पर जैविक खेती की जा रही है। इन सभी किसानों को प्रथम वर्ष का सी-1 प्रमाण-पत्र बसोका द्वारा निर्गत किया जा चुका है तथा द्वितीय वर्ष का सी-2 प्रमाणन जारी करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। व्यक्तिगत किसानों को प्रोत्साहन के रूप में ग्यारह हजार पांच सौ रुपये प्रति एकड़ (अधिकतम 2.5 एकड़) तक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही विपणन, ब्रांडिंग, दस्तावेजीकरण, ई-कॉमर्स एवं स्टार्ट-अप नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए भी सहायता दी जा रही है। मंत्री ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा बिहार राज्य जैविक मिशन का गठन कर जैविक खेती की आधारभूत संरचना को मजबूत बनाया गया है। पटना के फतुहा स्थित औद्योगिक क्षेत्र में आदर्श जैविक प्रक्षेत्र स्थापित किया गया है जहां किसान जैविक खेती की प्रक्रियाओं, तकनीकों और बाजार संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार जैविक उत्पादों की गुणवत्ता, मानकीकरण और मूल्य संवर्धन के प्रति अत्यंत संवेदनशील है तथा किसानों को समय-समय पर प्रशिक्षण, किसान चौपाल और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से निरंतर क्षमता वर्धन किया जा रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य के 38 जिलों में वर्मी कम्पोस्ट एवं बायोगैस इकाइयों की स्थापना को स्वीकृति दी गई है। ''पक्का वर्मी कम्पोस्ट इकाई योजना'' के अंतर्गत 75 घन फीट क्षमता की इकाई पर 50 प्रतिशत या अधिकतम पांच हजार रुपये अनुदान दिया जाएगा तथा वर्ष 2025-26 में बीस हजार इकाइयों के निर्माण हेतु 10 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं गोबर/बायोगैस संयंत्र योजना के अंतर्गत 2 घन मीटर क्षमता वाले संयंत्र पर बाईस हजार पांच सौ रुपये अनुदान का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त एफपीओ, किसान समूहों और स्टार्ट-अप्स के लिए एक हजार से तीन हजार मेट्रिक टन क्षमता वाली व्यावसायिक वर्मी कम्पोस्ट इकाइयों पर 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत परंपरागत कृषि विकास योजना के तृतीय चरण के लिए 12 गंगा किनारे के जिलों में 2356.20 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसमें 14 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में कार्यरत समूहों को प्रति हेक्टेयर सोलह हजार पांच सौ रुपये की दर से सहायता सीधे किसानों के बैंक खाते में दी जाएगी।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया-कोडरमा-धनबाद रेलखंड का किया विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया-कोडरमा-धनबाद रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने रेलखंड के विभिन्न स्टेशनों, पुल-पुलियों, ओएचई प्रणाली तथा रेलवे ट्रैक के रख-रखाव सहित संरक्षा एवं सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं का गहन मुआयना किया। वापसी में, महाप्रबंधक द्वारा झाझा-किउल-राजेन्द्र पुल-बरौनी रेलखंड का भी विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। बंधुआ-कोडरमा-धनबाद रेलखंड के विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान ट्रेन की गति जब 150 किमी/घंटा तक पहुंची, तब भी 'ग्लास में पानी पूर्णतः स्थिर रहा'।

यह धनबाद मंडल की उत्कृष्ट ट्रैक संरचना, सुदृढ़ पथ-रक्षण व्यवस्था तथा अत्याधुनिक रेलवे अवसंरचना की उच्च गुणवत्ता का स्पष्ट प्रमाण है। बेहतर सवारी गुणवत्ता धनबाद मंडल द्वारा अपनाई गई उन्नत प्रक्रियाओं, सतत रख-रखाव प्रबंधन तथा संरक्षा-उन्मुख कार्यप्रणाली का परिणाम है।

## चर्चित लेखिका भावना शेखर का कथा संग्रह 'मोह-मोह के धागे' लोकार्पित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना पुस्तक मेले में चर्चित लेखिका कहानीकार भावना शेखर की दो पुस्तकों का लोकार्पण प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित कथा संग्रह मोह मोह के धागे और साथ यशस्वी बालक का लोकार्पण मुख्य मंच पर कथाकार ऋषिकेश सुलभ, शिवदयाल, अनिल विभाकर, डॉ भगवती प्रसाद द्विवेदी, डॉ ध्रुव कुमार, डॉ पीयूष कुमार ने संयुक्त रूप से किया। भगवती प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि मोह मोह के धागे में उनकी 15 नई कहानियां संग्रहित है, वहीं 'सात यशस्वी बालक' में देश के उन सात युग प्रवर्तक लोगों की बचपन की कहानी है जिन्होंने अद्‌भुत कार्य किए हैं और ऐसी पुस्तकें हर घर में पहुंचनी चाहिए।

## 39वां वर्द्धमान महावीर स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर प्रारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** वर्द्धमान महावीर का जीवन त्याग, तपस्या, अहिंसा और आत्मसंयम से परिपूर्ण था। उन्होंने तीस वर्ष की आयु में राजसी जीवन त्यागकर कठोर तपस्या के पश्चात ज्ञान प्राप्त किया तथा आध्यात्मिक मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने मानव के कल्याण के लिए पंचशील सिद्धांत दिया -ये सभी बातें 39वां वर्द्धमान महावीर स्मृति अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कही। अपने उद्घाटन भाषण में माननीय सदस्य (प्रशासकीय) राज्यलोक सेवा न्यायाधीकरण उत्तर प्रदेश एवं प्रधान संरक्षक आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि वर्द्धमान महावीर ने अहिंसा परमो धर्मःका संदेश दिया जिसमें विचार, वचन और कर्म में अहिंसा को सर्वोच्च नैतिक गुण बतलाया। मुख्यातिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के सार्वभौम संस्कृत प्रचार संस्थान के समर्पित सदस्य साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित डॉ अरविन्द कुमार तिवारी ने कहा कि विहार संस्कृत संजीवन समाज एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान संस्कृत भाषा को जन -जन की भाषा हो, इसके लिए सराहनीय योगदान कर रहा है। उन्होंने वर्द्धमान महावीर के पंचशील सिद्धांत की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य वक्ता प्रो रागिनी वर्मा संस्कृत विभागाध्यक्ष गंगा देवी महिला महाविद्यालय पटना, अभियान के उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा एवं डॉ लीना चौहान, जगत नारायण लाल महाविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ अवन्तिका कुमारी, डॉ नीरा कुमारी, महेश मिश्र, डॉ दीप्ति कुमारी, रामनाथ पाण्डेय, राहुल कुमार, मुरलीधर शुक्ल, डॉ रागनी कुमारी, आयुष नन्दन सहित अनेक वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए तथा महावीर के उपदेशों एवं संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार पर बल दिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ लीना चौहान एवं ऐक्य मन्त्र डॉ नीरा कुमारी प्रस्तुत किया।

## बैंक ऑफ बड़ौदा की दनारा शाखा, दनियावां का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बैंक ऑफ बड़ौदा की दनारा शाखा, दनियावां का शुभारंभ किया गया। शाखा का उद्घाटन महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, पटना अंचल सुब्रत कुमार स्वाईं द्वारा किया गया। इस अवसर पर राकेश रंजन सिंह, उप महाप्रबंधक (पटना अंचल), नलिन कुमार (क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक, पटना क्षेत्र), संजय कुमार राय (उप क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक, पटना क्षेत्र) सहित बैंक के अन्य सदस्य और बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे।

इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अंचल प्रमुख ने बैंक ऑफ बड़ौदा पटना अंचल की 319वीं एवं पटना क्षेत्र की 58वीं शाखा को ग्राहकों को समर्पित किया एवं उन्हें आश्वस्त किया कि बैंक इस शाखा के माध्यम से ग्राहकों को उनकी जरूरतों के अनुसार बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से अनुरोध किया है कि वे बैंक से जुड़कर अपनी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करें। उन्होंने यह भी कहा कि शाखा में हर स्तर पर उत्कृष्ट ग्राहक सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। शुभारंभ के साथ ही बड़ी संख्या में ग्राहकों ने अपने खाते खोले तथा बैंक द्वारा दी जा रही सेवाओं के प्रति संतोष व्यक्त किया।

## मगही भाषा में शॉर्ट फिल्म बनाइए, 25 हजार रुपये तक मिलेंगे पुरस्कार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** यदि आप मगही भाषा में मगध की संस्कृति पर आधारित सकारात्मक लघु फिल्म बनाते हैं तो आपको 25 हजार रुपये तक का पुरस्कार मिल सकता है। मगही भाषा और साहित्य-संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मगही कनेक्शन' संस्था ने मगही शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता की आधिकारिक घोषणा की है जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 25,000 रुपये की नकद धनराशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा वहीं द्वितीय पुरस्कार में 15,000 रुपये और तृतीय पुरस्कार स्वरूप 11,000 रुपये की नकद धनराशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा शीर्ष 5 प्रतिभागियों को बतौर प्रशंसा पुरस्कार 5100 रुपये की नकद धनराशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। मगही फिल्म प्रेमियों और नए फिल्मकारों के लिए यह महोत्सव अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर है। मगही कनेक्शन के रविशंकर उपाध्याय, उज्ज्वल कुमार और विजेता चंदेल आदि ने आज गांधी संग्रहालय, गांधी मैदान में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि मगही में साफ सुथरी और सकारात्मक फिल्मों का निर्माण हो, इसके लिए मगही कनेक्शन संस्था द्वारा यह महत्वपूर्ण पहल की गयी है। समाज की यह भूमिका होती है कि यदि भाषा व संस्कृति को लेकर युवा वर्ग या आमजन अच्छा काम कर रहे हैं तो अच्छे कदम को प्रोत्साहित किया जाए। इसी के तहत यह पहल की गयी है।

## मानवाधिकार दिवस पर प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के बीच स्टेशनरी सामग्री का वितरण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर सुगा देवी सीताराम प्रणामी ट्रस्ट एवं आपका लाइब्रेरी, पुरानी जक्कनपुर (रामललाखन महतो फ्लैट) की ओर से पुरानी जक्कनपुर देवी स्थान स्थित प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के तहत विद्यालय के सभी बच्चों को कॉपी, पेंसिल, इरेजर, कटर एवं अन्य स्टेशनरी सामग्री दी गई, ताकि बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़े और वे शिक्षा के महत्व को समझते हुए आगे बढ़ें। ट्रस्ट एवं लाइब्रेरी के सदस्यों ने बताया कि शिक्षा हर बच्चे का मूल मानवाधिकार है और इसी संदेश को मजबूत करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु आगामी दिनों में कलर कॉम्पटीशन (रंग प्रतियोगिता) कराने की भी तैयारी की जा रही है। मौके पर एम पी जैन ने बताया कि इस वितरण कार्यक्रम में सहयोग देने वाले अमितराज अकेला, मुकुल कुमार, अशोक चौधरी, मंगल जी, सिपाही जी एवं सागर जी ने अपनी उपस्थिति एवं सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में ट्रस्ट ने कहा कि बच्चों की शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे।

## 15 को मनेगा भगवान चन्द्रप्रभु एवं पार्श्वनाथ का जन्म और तप कल्याणक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चन्द्रप्रभु और तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म और तप कल्याणक एक ही दिन (पौष कृष्ण एकादशी) सोमवार 15 दिसम्बर को भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जैन संघ के मीडिया सचिव एम पी जैन ने बताया कि भगवान चंद्रप्रभु और पार्श्वनाथ दोनों का जन्म चंद्रपुरी में हुआ था और इसी दिन उन्होंने दीक्षा लेकर तपस्या शुरू की जिससे जैन समाज में यह महोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन पटना के सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में दोनों भगवानों का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन आदि कार्यक्रम किये जायेंगे। मौके पर बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद मंत्री पराग जैन ने कहा कि भगवान चंद्रप्रभु का जन्म चन्द्रपुरी, वाराणसी (वर्तमान उत्तर प्रदेश) में राजा महासेन और रानी लक्ष्मण देवी के यहां पौष कृष्ण एकादशी को हुआ था तथा इनका तप कल्याणक (दीक्षा) भी इसी तिथि को चंद्रपुर में हुआ था। तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म वाराणसी (काशी नगर) में पौष कृष्ण एकादशी को हीं हुआ था। इसके साथ तप कल्याणक (दीक्षा) भी इसी तिथि को हुआ था। तीर्थ क्षेत्र कमिटी के सभी क्षेत्रों पर धूमधाम से यह दिवस मनाया जाएगा।

CMYK

# डीएम ने जनता दरबार में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं के निदान हेतु दिए सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** जिलाधिकारी रोहतास उदिता सिंह द्वारा शुक्रवार को जिला जनता दरबार समाहाराणालय स्थित स्थानीय डीआरडीए सभागार में आयोजन किया गया जिसमें उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला राजस्व प्रशाखा, निदेशक डीआरडीए, जिला विकास पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सभी अंचलाधिकारी एवं जिला मुख्यालय स्थित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा भाग लिया गया। उक्त जनता दरबार में कुल 53 व्यक्ति उपस्थित हुए जिन्हें विषयवार / विभागवार यथा - राजस्व, विकास, विद्युत, लोक स्वास्थ्य एवं अन्य विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं, शिकायतों को अलग-अलग पंक्तियों में



बैठाकर सभी आवेदकों से जिला पदाधिकारी, रोहतास एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों यथा- अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त के द्वारा एवं अन्य सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ एक-एक करके सभी आवेदकों से साक्षात्कार करते हुए उनके फरियादों / समस्याओं को सुना गया तथा उनसे प्राप्त आवेदन पत्रों पर त्वरित निष्पादन करने हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निदेशों के साथ तत्काल कार्रवाई करने हेतु हस्तगत करा दिया गया। लोक साक्षात्कार के समय ही शिकायत एवं समस्याओं के समीक्षोपरान्त ऐसे आवेदन पत्रों को जिसमें लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत सुनवाई के योग्य थे, वैसे आवेदकों के शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई करते हुए नियमानुसार त्वरित निष्पादन करने का निदेश के साथ संबंधित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों यथा- सासाराम, बिक्रमगंज एवं डिहरी को जनता दरबार में ही हस्तगत करा दिया गया। सभी प्राप्त आवेदन पत्रों के निष्पादन कराये जाने हेतु ऑन लाइन कराया गया तथा संबंधित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों के द्वारा पंजीयन की कार्रवाई भी प्रारम्भ करा दिया गया ताकि आवेदनकर्ताओं के द्वारा अपने आवेदन पत्रों पर किये गये कार्रवाईयों के बारे में अद्यतन जानकारी प्राप्त किया जा सके। इसके अतिरिक्त कुछ आवेदकों के आवेदन पत्रों यथा आवेदिका रीना देवी, प्रखंड-नोखा के द्वारा भूमिहीन के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे शीघ्र निष्पादन हेतु अंचलाधिकारी, नोखा को अग्रसारित किया गया। आवेदक अजय कुमार शर्मा, प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय मुंजी, काराकाट के द्वारा प्रधानाध्यापक कक्ष में घटित अप्रिय घटना के फलस्वरूप जान-माल की सुरक्षा हेतु स्थानान्तरण हेतु आवेदन प्राप्त किया गया जिसे निष्पादन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज को निदेशित किया गया। इसी प्रकार आवेदक विजय कुमार पांडेय, पता-नील कोठी रामराज गड़ही, डिहरी के द्वारा वृद्धापेंशन चालू करने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे अविलंब निष्पादन करने हेतु सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग को निदेशित किया गया तथा शेष सभी आवेदन पत्रों को संबंधित कार्यालयों, पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया।

# शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी एसपी व एसडीपीओ कार्यालय का करेंगे निरीक्षण

## एसपी थानों पर लगे जनता दरबार का करेंगे औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी चारों जिलों के एसपी व एसडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण करेंगे। एसपी के थानों पर लगने वाले जनता दरबार का औचक निरीक्षण भी करेंगे।

शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डा. सत्यप्रकाश के अनुसार मुख्यालय के निर्देशानुसार सभी एसपी को थाना का निरीक्षण करने और जनता दरबार लगाने का निर्देश दिया गया है। इसका उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच बेहतर संबंध बनाना और उनकी शिकायतों का निपटारा करना है। उन्होंने कहा कि एसपी को निर्देश दिए गए हैं कि सप्ताह में दो दिन थाना का निरीक्षण करें और



वहां की व्यवस्था की जांच करेंगे। जनता दरबार लगा लोगों की शिकायतें सुनेंगे और उनका निपटारा करेंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच बेहतर संबंध बनाना है, ताकि लोग पुलिस पर अधिक भरोसा करें और अपनी शिकायतें दर्ज कराएं। डी आईजी ने कहा कि वे भोजपुर सदर के एसडीपीओ कार्यालय का 13 दिसंबर, डुमराव एसडीपीओ कार्यालय का 15 दिसंबर, भोजपुर एसपी कार्यालय व पुलिस केंद्र का निरीक्षण 22 दिसंबर को निरीक्षण करेंगे। चारों जिलों रोहतास, भोजपुर, बक्सर व कैमूर एसपी द्वारा थानों में लगाए जा रहे जनता दरबार का भी औचक निरीक्षण करेंगे।

**अवैध संपत्ति की होगी कुर्की - जब्ती**

अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पर काम किया जा रहा है। इसे लेकर भी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने बताया कि बालू शराब समेत अन्य अवैध कारोबार से अर्जित की गई संपत्ति की कुर्की जब्ती की जायेगी।

## सीनियर सिटीजन एसोसिएशन ने दी संरक्षक को श्रद्धांजलि

**चेनारी (नबिटा सं.)।** नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन ग्राम पंचायत देवडीही के संरक्षक रामगहन सिंह को श्राद्धकर्म पर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उनके पैतृक ग्राम देवडीही में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जहां सैकड़ों लोगों ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया।

# हत्या मामले में छह अभियुक्तों को आजीवन कारावास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** शिवसागर थाना क्षेत्र के किरहिंडी गांव में 7 साल पुराने मामले में किसान आदेश कुमार की हुई नृमम हत्या मामले में शुक्रवार को सुनवाई करते हुए जिला जज द्वितीय विजयेंद्र कुमार राय की अदालत ने मामले में छह अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट में इस मामले में सत्यनारायण पासवान उर्फ लल्लू पासवान, बबलू पासवान, सिंगल पासवान, सुरेंद्र पासवान, सोनू पासवान एवं अमावस पासवान को दोषी करार दिया है। मामले की प्राथमिकी 7 साल पूर्व शिवसागर थाना कांड संख्या 411/ 2018 में मृतक की पुत्री पूजा कुमारी के लिखित तहरीर के आधार पर दर्ज हुई थी। इस मामले का ट्रायल सत्रवाद संख्या 310/2021 में चल रहा था। मामले में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता लोक अभियोजक उपेंद्र कुमार ने बताया कि उक्त घटना 7 साल पूर्व 15 दिसंबर 2018 को अपराह्न 1:00 बजे शिवसागर थाना क्षेत्र के किरहिंडी गांव स्थित रेलवे गुमटी के पास घटी थी। घटना तिथि के दिन मृतक आदेश कुमार अपनी पुत्री पूजा कुमारी के साथ मोटरसाइकिल से गांव से सासाराम के तरफ जा रहे थे। जैसे ही वह रेलवे गुमटी के पास पहुंचे पहले से घात लगाए अभियुक्तों ने आदेश कुमार की मोटरसाइकिल को चारों तरफ से घेर लिया एवं कहने लगे कि इसकी लड़की को उठा लो एवं इसकी हत्या कर दो। इसी दौरान हथियार से लैस सभी अभियुक्तों ने ताबड़तोड़ आदेश कुमार के ऊपर हमला बोल दिया जहां कुछ देर में ही गंभीर चोट लगने से उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी।

# रोहतास के नासरीगंज में बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की रात कोचिंग से घर लौट रही 12 वर्षीया छात्रा की दुष्कर्म के बाद गला दबाकर दरिंदों ने हत्या कर दी। बच्ची का शव गांव के ही सड़क के किनारे पड़ा हुआ मिला। शुक्रवार को सदर अस्पताल सासाराम में डाक्टरों की टीम द्वारा उसका पोस्टमार्टम करा पुलिस ने शव स्वजनों को सौंप दिया। स्वजनों ने बताया कि रोज की तरह वह गांव के ही एक कोचिंग में पढ़ने के लिए गई थी। उस कोचिंग से डेढ़ सौ मीटर दूरी पर उसका छोटा भाई भी पढ़ने के लिए साथ में आता जाता था। गुरुवार की रात साढ़े सात बजे जब वह अपने कोचिंग से अपने भाई के कोचिंग में गई तो पता चला कि उसका भाई कुछ समय पहले ही घर चला गया है जिसके बाद वह अकेले ही घर के लिए निकल गई। रास्ते में एक पतली गली व झाड़ी के पास पहले से घात लगाए दरिंदे ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी किसी को नहीं हो इसके लिए गला दबाकर उसकी हत्या कर शव सड़क किनारे फेंक दिया। रात में बच्ची को घर नहीं आने पर स्वजन जब खोजबीन करते सड़क के पास गए तो बच्ची सड़क किनारे मृत अवस्था में पड़ी थी। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को ग्रामीणों ने दी। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक जांच टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की है। एसपी रौशन कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर बताया कि पुलिस दरिंदे की तलाश कर रही है। डॉक्टरों की टीम गठित कर पोस्टमार्टम कराया गया है। अपराधियों की पहचान के बाद स्पीडी ट्रायल चला कठोर से कठोर सजा दिलाई जाएगी।

## दहेज हत्या मामले में तीन अभियुक्त दोषी करार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** 23 साल पूर्व के दहेज हत्या से जुड़े एक मामले में गुरुवार को सुनवाई करते हुए जिला जज द्वितीय बृजेंद्र कुमार राय की अदालत ने तीन अभियुक्तों को दोषी ठहराया। कोर्ट ने इस मामले में अरविंद कुमार सिंह (पति), जयबिंद कुमार सिंह (देवर) एवं लीलावती उर्फ कलावती देवी (सास) तीनों निवासी सिविल लाइन, काली स्थान, सासाराम को दोषी ठहराया है। इस मामले की प्राथमिकी सासाराम नगर थाना में दर्ज हुई थी। मामले का ट्रायल सत्रवाद संख्या 166/ 2006 में चल रहा था। मामले में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अपर लोक अभियोजक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उक्त घटना 23 साल पूर्व 26 दिसंबर 2002 को सुबह 8:30 बजे घटी थी। मामले की सुचिका निर्मला कुंवर निवासी धनटोलिया, डिहरी की पुत्री सारिका देवी की शादी अभियुक्त अरविंद कुमार सिंह के साथ 9 मार्च 2002 को हुई थी।

# जिलाधिकारी ने भगवानपुर प्रखंड और अंचल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** खबर कुमाऊं जिला का है जहां 12 दिसम्बर 2025 दिन शुक्रवार को जिलाधिकारी कैमूर नितिन कुमार सिंह द्वारा भगवानपुर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यालय के कामकाज की समीक्षा की। बता दें कि जिलाधिकारी द्वारा भभुआ-भगवानपुर पथ से भगवानपुर प्रखंड अंचल होते हुए कसेर जाने वाले पद की स्थिति खराब पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता आर डब्ल्यू डी को यथाशीघ्र मरम्मति कराने का निर्देश दिया गया। वही अंचल कार्यालय में राजस्व संग्रह, लगान, दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) और सरकारी भूमि की मापी तथा अतिक्रमण से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा



की गई। वही जिलाधिकारी कैमूर नितिन कुमार सिंह द्वारा निदेश दिया गया कि सभी लंबित मामलों का निपटारा समय सीमा के भीतर करना सुनिश्चित करें। धान अधिप्राप्ति की समीक्षा के क्रम में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अभी तक 1700 एमटी धान की प्राप्ति की गई है जो लक्ष्य से काफी कम पाया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी भगवानपुर से स्पष्टीकरण करने का निदेश दिया गया। वही जिला पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक शनिवार को थाना में होने वाले भूमि विवाद की बैठक में प्राथमिकता के आधार पर भूमि विवाद से संबंधित मामलों का निष्पादन करने का निदेश दिया गया। आगे बता दें कि वही जिला पदाधिकारी द्वारा जीवन प्रमाणीकरण के अभाव में वृद्धावस्था पेंशन से वंचित लाभुकों का कैंप लगाकर जीवन प्रमाणीकरण कराने का निदेश प्रखंड विकास पदाधिकारी, भगवानपुर को दिया गया। वही प्रखंड भगवानपुर अन्तर्गत नल-जल योजना से वंचित टोलों में नियमानुकूल पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु कार्यपालक अभियंता पीएचइडी को निदेश दिया गया।

## दो दिवसीय बी आर माइक्रोकोन को लेकर वर्कशॉप का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के तत्वावधान में कल से आरंभ होने वाले दो दिवसीय बी आर माइक्रोकोन 2025 को लेकर आज वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देव मंगल सभागार के कांफ्रेंस हॉल में दीप प्रज्ज्वलित कर वर्कशॉप का उद्घाटन किया।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: 03 ऑफ 2025-26/ बीजीपी, दिनांक 10.12.2025;** उप मुख्य अभियंता/निर्माण, पूर्व रेलवे, भागलपुर, बिहार-812002 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा हेतु निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.: बीजीपी03 ऑफ 2025-26 (खुली)। कार्य का नाम:** डेपुटी सीई/कॉन/बीजीपी के क्षेत्राधिकार में असरगंज तारापुर एवं बेल्हर होकर सुल्तानगंज-कटुरिया नई बीजी लाइन डिफ्रीज्ड परियोजना के संबंध में अलाइमेंट प्लान, यार्ड प्लान के लिए शेष अंतिम स्थल सर्वेक्षण कार्य, छोटे पुलों, प्रमुख पुलों, आरओबी/आरयूबी, एफओबी के लिए ड्राइंग, लेवल क्रॉसिंग ड्राइंगों, हाइड्रोलॉजिकल एवं जियोटेक्निकल निरीक्षण, डीपीआर के साथ विस्तृत आंकलन इत्यादि तैयार करना, भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी के लिए आवश्यक अन्य सभी आनुषंगिक सर्वेक्षण कार्य, सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य:** रु. 2,90,07,990.53। **बयाना राशि:** रु. 2,95,000/-। **समापन अवधि:** 9 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 05.01.2026 को 15.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है।

(CON-56/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## डिहरी अनुमंडल सभागार में विधायक सोनू सिंह की समीक्षा बैठक

# विकास योजनाओं में तेजी लाने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह की अध्यक्षता में डिहरी अनुमंडल सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डिहरी प्रखंड, अकोढ़ीगोला प्रखंड, डिहरी नगर परिषद, अनुमंडल अस्पताल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। विधायक सोनू सिंह ने सभी विभागों से उनके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली जिन विभागों में कमी या समस्या पाई गई, उनके अधिकारियों को तुरंत सुधार करने का कड़ा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम जनों के कार्य पूरी तत्परता,



पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पूरे होने चाहिए। लापरवाही पर कार्रवाई और बेहतर कार्य करने वालों को सम्मान मिलेगा। स्वास्थ्य, जन वितरण प्रणाली, नगर परिषद, शिक्षा, सड़क सहित अन्य विभागों से जुड़े अधिकारियों को उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि गलत कार्य में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा जबकि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मियों को प्रोत्साहित व पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) निलेश कुमार ने विधायक सोनू सिंह को बुके देकर स्वागत किया। बैठक में डिहरी और अकोढ़ीगोला के बीडीओ, अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सहायक विद्युत अभियंता, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल कर्मी रितेश कुमार, सीडीपीओ डिहरी सदर संगीता कुमारी, सीडीपीओ अकोढ़ीगोला, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में विकास कार्यों की गति को तेज करना और प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना रहा।

# बेलाव पुलिस ने चलाया अभया बिग्रेड कार्यक्रम

## छात्राओं को हेल्पलाइन और आपात सूचना की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामपुर (कैमूर)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के बेलाव पुलिस ने छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'अभया ब्रिगेड' कार्यक्रम चलाया। पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला के निर्देश पर शुक्रवार को बेलाव थाना क्षेत्र के श्री नेहरू प्लस टू उच्च विद्यालय नौहट्टा में यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहायक थाना प्रभारी परमहंस कुमार ने अभियान का नेतृत्व किया। उनके साथ थाना पुलिस के अन्य जवान भी मौजूद थे। अभियान के दौरान छात्राओं को छेड़खानी, उत्पीड़न या किसी भी असामाजिक गतिविधि की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने की बात कही। उन्हें 112 हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। प्रभारी ने आत्मरक्षा के बुनियादी उपाय और सुरक्षा से जुड़े आवश्यक निर्देश साझा किए। बेलाव पुलिस ने बताया कि अभया ब्रिगेड के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उनके लिए सुरक्षित माहौल बनाने की यह पहल निरंतर जारी रहेगी।

## धान खरीद में सुस्ती से किसान परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** प्रखंड क्षेत्र में पैक्स द्वारा धान खरीदारी सुचारु रूप से शुरू न होने के कारण किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। खरीदारी में देरी से किसान अपनी उपज को औने-पौने दाम पर बिचौलियों को बेचने को मजबूर हो रहे हैं। कई किसान चेनारी सहित अन्य बाजारों में कम कीमत पर धान उतारने को विवश हो गए हैं।

# कैमूर में जदयू का सदस्यता अभियान शुरु



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर जनता दल यूनाइटेड की ओर से 2025 से 2028 के लिए सदस्यता अभियान शुक्रवार को चैनपुर विधानसभा के भगवानपुर प्रखंड से शुरुआत किया गया जहां जदयू कार्यकर्ता सोनू गुप्ता के मकान में किया गया। इसमें चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष प्रेम प्रताप सिंह उर्फ अंशु सिंह, पर्यवेक्षक मुन्ना पटेल, जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल, मुख्य प्रवक्ता अतुल पटेल, नगर अध्यक्ष सह प्रवक्ता डॉ सुशील जायसवाल, जदयू नेता उपेंद्र कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सभी कार्यकर्ताओं द्वारा वर्ष 2025 से 2028 के लिए पुनः नवीनीकरण करवाया। वही जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल ने कहा कि इस सदस्यता अभियान का उद्देश्य संगठन को और अधिक सशक्त, संगठित एवं बूथ स्तर तक मजबूत संरचना प्रदान करना है। कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक नये सदस्यों को जोड़ने की अपील किया। और आगे कहा कि सुशासन और विकास की सोच को आगे बढ़ाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि सदस्यता अभियान को गांव-गांव और हर पंचायत स्तर तक पहुंचाया जायेगा।


**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

बिहार सरकार

कार्यालयः— वन प्रमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद वन प्रमण्डल, औरंगाबाद

(Mob. No. 9430890671, Email address: aurangabaddfo@gmail.com)

**निविदा सूचना संख्या—03 / 2025—26**

1. विभाग का नाम : पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार
2. विज्ञापनदाता का नाम : वन प्रमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद वन प्रमंडल, औरंगाबाद
3. निविदा प्रपत्र बिक्री की अन्तिम तिथि : 29.12.2025 के 5.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि : 30.12.2025 को 5:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि : 31.12.2025 को 3:00 बजे अपराह्न,
6. अग्रधन राशि : वन प्रमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद वन प्रमंडल, औरंगाबाद के पदनाम का राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमांड ड्राफ्ट।

| क्र० सं० | निविदा का विवरण | अग्रधन की राशि | जमानत राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | निविदा की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | भरकुड, जैव विविधता उद्यान, औरंगाबाद के पार्किंग क्षेत्र की बन्दोबस्ती | रू० 50,000/— (पचास हजार रूपये) | पूरे वर्ष की कुल राशि की पचीस प्रतिशत राशि | रू० 2000/— प्रति | एक वर्ष |

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं निविदा प्रपत्र औरंगाबाद वन प्रमंडल, औरंगाबाद के कार्यालय से कार्यावधि में प्राप्त किया जा सकता है एवं वेबसाईट **www.forest.bih.nic.in** पर देखा जा सकता है।

वन प्रमंडल पदाधिकारी
औरंगाबाद वन प्रमंडल

PR- 019573 (Forest) 2025-26

विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

बिहार सरकार

कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
औरंगाबाद वन प्रमण्डल, औरंगाबाद

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं०—02 / 2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार। |
| 2. | विज्ञापन दाता का नाम पता | वन प्रमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद वन प्रमंडल, औरंगाबाद |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री के आरंभ की तिथि | विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से |
| 4. | परिमाण विप्रत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 29.12.2025 को अपराह्न 5.00 बजे तक कार्य अवधि में। |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 30.12.2025 को अपराह्न 5.00 बजे तक |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 31.12.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे |
| 7. | प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान | 23.12.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे वन प्रमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद वन प्रमंडल का कार्यालय |

औरंगाबाद वन प्रमंडल अंतर्गत जैव विविधता उद्यान के मुख्य द्वार पर अवस्थित कैफेटेरिया के संचालन हेतु दिनांक—**31.12.2025** को निविदा आमंत्रित की जाती है :

| क्र० सं० | निविदा का विवरण | अग्रधन की राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | जैव विविधता उद्यान औरंगाबाद में बने कैफेटेरिया (Cafetaria) का क्षेत्रफल लगभग 1320 वर्गफीट एवं खुला क्षेत्र 180 वर्गफीट | रु. 50000/— | रु. 2000/— |

जैव विविधता उद्यान में पर्यटकों के जलपान हेतु खाद्य सामग्रियों की बिक्री करने के लिये जैव विविधता उद्यान में बने कैफेटेरिया (Cafetaria) के संचालन हेतु कार्य में अनुभवी फर्मों/रेस्तरॉ Kiosk संचालकों से सील बन्द निविदा विहित प्रपत्र में दिनांक 30.12.2025 को अपराह्न 5.00 बजे तक वन प्रमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद वन प्रमंडल, औरंगाबाद के कार्यालय कक्ष में आमंत्रित की जाती है। निविदाओं के लिये दिनांक 29.12.2025 को अपराह्न 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से रु० 2000/—(दो हजार रूपये) मात्र का भुगतान कर विहित प्रपत्र (निविदा फार्म) प्राप्त किये जा सकते हैं या बेबसाईट www.forest.bih.nic.in से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर समर्पित करने की स्थिति में प्रपत्र मूल्य के रुप में रूपये 2000/— (दो हजार) का डिमांड ड्राफ्ट तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत करेंगे। निविदा के साथ अग्रधन के रूप में कैफेटेरिया संचालन हेतु रु. 50000/— का बैंक ड्राफ्ट, जो Divisional Forest Officer, Aurangabad Forest Division, Aurangabad /वन प्रमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद वन प्रमंडल, औरंगाबाद के पदनाम से औरंगाबाद स्थित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से भुगतेय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा। कैफेटेरिया के लिये तकनीकी निविदा तथा वित्तीय निविदा अलग—अलग लिफाफे में समर्पित करना अनिवार्य होगा।

**अधिक जानकारी प्राप्त करने या निविदा पत्र के क्रय हेतु वन प्रमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद वन प्रमंडल, औरंगाबाद के कार्यालय से अथवा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के वेबसाईट** www.forest.bih.nic.in **या** www.state.bihar.gov.in/prdbihar **पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है।**

वन प्रमंडल पदाधिकारी
औरंगाबाद वन प्रमंडल

PR- 019574 ( Envir. & Forest ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# प्रॉपर्टी डीलर की हत्या

## हाथ-पैर बांधकर पिटाई कर शव मैदान में फेंका




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** प्रॉपर्टी डीलर की बेरहमी से हत्या कर शव को ग्राउंड में फेंक देने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान नूरसराय के कोकलक चक निवासी मंटू कुमार उर्फ गोलू (23) के रूप में हुई है, जो पिछले दो महीने से धनेश्वर घाट मोहल्ले में किराए पर रह रहा था। घटना बिहार थाना क्षेत्र के डॉक्टर कॉलोनी (चुना गली गढ़पर) की है। शव की हालत देखकर साफ़ प्रतीत होता है कि युवक को पहले हाथ-पैर बांधकर बुरी तरह पीटा गया। उसकी पीठ, दोनों हाथ और पैरों पर गहरे काले निशान मिले हैं। आशंका है कि तड़के रात में उसकी हत्या कर शव को मैदान में लाकर फेंक दिया गया। मृतक की बड़ी बहन प्रिया कुमारी ने बताया कि गुरुवार रात करीब साढ़े 11 बजे भाई के मोबाइल नंबर से कॉल आया। फोन पर गोलू ने घबराते हुए कहा कि दीदी, पैसा दे दो, नहीं तो ये लोग मुझे जान से मार देंगे। इसके बाद उसके नंबर से एक स्कैनर भेजा गया, जिस पर 20 हजार रुपये की मांग की गई। बहन ने तुरंत 3 हजार रुपये भेजे, लेकिन फिर भी पैसे की मांग जारी रही। कुछ देर बाद गोलू का फोन स्विच ऑफ हो गया। रात करीब 3 बजे फिर उसके नंबर से कॉल आया और सामने वाले ने खुद को उसका दोस्त बताते हुए कहा कि गोलू की हालत गंभीर है और उसे सदर अस्पताल ले जाया जा रहा है। इसके बाद फोन फिर बंद हो गया मृतक की मां संगीता देवी ने बताया कि रात 9 बजे बेटे से अंतिम बार बात हुई थी। उसने बताया था कि वह बेलछी में है। घर लौटने पर गोलू ने बताया था कि उसने प्रॉपर्टी के काम के लिए किसी साथी को 1 लाख रुपये दे रखे थे। पिता ने करीब एक साल पहले 12 लाख रुपये का खेत बेचकर बेटे को व्यवसाय शुरू करने के लिए पैसे दिए थे। गोलू घर का इकलौता बेटा था। दो बहनें हैं, जिनमें से एक की शादी हो चुकी है। वार्ड पार्षद-27 के प्रतिनिधि धीरज ने बताया कि सुबह सफाई कर्मियों ने मैदान में शव देखा और इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि युवक के शरीर पर गंभीर चोट और घाव के निशान हैं। प्रथम दृष्टया यह हत्या कर शव फेंके जाने का मामला माना जा रहा है। बिहार थाना के सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। कॉल डिटेल, मोबाइल लोकेशन और पैसे की मांग की कड़ी पर भी पुलिस जांच कर रही है। रिपोर्ट आने पर मामला स्पष्ट होगा।

# सांसद विवेक ठाकुर ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से की मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर नवादा लोकसभा क्षेत्र में सेना भर्ती रैली आयोजित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। सांसद ने रक्षामंत्री को बताया कि नवादा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत नवादा और शेखपुरा दोनों पिछड़ा जिला है। नवादा लोकसभा सहित सम्पूर्ण मगध क्षेत्र से परंपरागत भारी संख्या में युवा देशसेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। विवेक ठाकुर ने बताया कि यहां के युवा देश की रक्षा सेवाओं में शामिल होने को सदैव उत्सुक रहते हैं लेकिन अनेक योग्य युवा जिन्हें व्यापक अवसर और सही जानकारी नहीं मिल पाती है, जिससे वे वंचित रह जाते हैं। नवादा में सेना भर्ती रैली आयोजित होने से क्षेत्र के वंचित युवाओं में राष्ट्रसेवा, अनुशासन और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। सांसद ने यह भी सुझाव दिया है कि भर्ती रैली के साथ जागरुकता एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम भी आयोजित किया जाए, जिसमें युवाओं को पात्रता, शारीरिक मानक, चिकित्सीय मानक और चयन प्रक्रिया से संबंधित मार्गदर्शन दिया जा सके।

## एक नजर

### 108 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन



**बिहारशरीफ।** हरनौत बाजार में चार दिवसीय 108 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ चल रहा है। कार्यकम का आयोजक अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज (हरिद्वार) जबकि इसका देखरेख यज्ञाचार्य डॉ एतवारी पंडित व प्रज्ञा युवा मंडल प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि सौरभ कुमार उर्फ सोनू सर कर रहे हैं। इसमें शांतिकुंज हरिद्वार से नायक टोली पं श्रीराज कुमार भृगु, सहायक नायक टोली बिजेंद्र त्रिपाठी व गायक श्रीरामबीर नेगी पधारे हैं। महायज्ञ के तीसरे दिन शुक्रवार भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष माहौल रहा। वहीं प्रज्ञा युवा मंडल प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि सोनू सर ने बताया कि सामूहिक जप , ध्यान , प्रज्ञा योग व्यायाम, विभिन्न संस्कार आदि अनुष्ठान हुआ। वैदिक मंत्रों के द्वारा यज्ञ हवन के साथ विभिन्न प्रकार के संस्कार करवाई गई।दो विवाह दिवस संस्कार, 10 मुंडन संस्कार ,तीन अन्नप्राशन संस्कार, 11 पुंसवन संस्कार , 49 दीक्षा संस्कार एवं एक नामकरण संस्कार हुआ। आज शनिवार को अंतिम दिवस पर विभिन्न संस्कार, पूर्णाहुति, टोली की विदाई और उसके बाद भंडारा आयोजित किया जाएगा।

### डेंटल कॉलेज में धूमधाम से मना स्थापना दिवस



**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड क्षेत्र के भागन बिगहा स्थित राजकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल परिसर में शुक्रवार को तीसरा स्थापना दिवस धूमधाम से बनाया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर विकास वैभव ने दीप प्रज्लित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया,इसके साथ 2025 के नए 100 छात्र एवं छात्राओं को कोर्ट शिरोमणि दिया गया,छात्रों को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉक्टर विकास वैभव ने कॉलेज की सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए रैगिंग के प्रति सख्त चेतावनी दी और सीनियर-जूनियर के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया। प्राचार्य डॉक्टर वैभव ने स्थापना दिवस को कॉलेज के लिए उत्सव का दिन बताया और कहा कि यह छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।इस मौके कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### आरोपित ने किया आत्मसमर्पण

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुना गांव में दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपति राजेश कुमार के घर शुक्रवार को हिलसा थाना पुलिस ने कुर्की जब्ती करने पहुंचे। जहां कुर्की की कार्रवाई शुरू किया इसी दौरान फरार आरोपी राजेश कुमार ने हिलसा थाना में आत्मसमर्पण कर दिया, बता दे कि एक सप्ताह पूर्व हिलसा थाना पुलिस ने डुगडुगी बजाकर इश्तेहार चिपकाया था। न्यायालय से जारी आदेश पर पुलिस ने यह कार्रवाई की थी। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि फरार दूसरा आरोपति के घर पर पुलिस ने कुर्की जब्ती करने पहुंची तब आरोपित ने आत्मसमर्पण किया।

### किसानों को अच्छे उत्पादन करने के लिए तरकीब की दी गई जानकारी

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में रबी फसलों का बुबाई कार्य चल रहा है। इस दौरान किसान अपने खेतों में दलहन, तेलहन के साथ गेहूं की बुबाई की है। फसलों में खाद डालने काम चल रहा है। ताकि अच्छी उत्पादन हो सके। बीएओ विवेक कुमार गौरव ने कहा वर्ष 2025-26 के लिए नारदीगंज प्रखंड में दलहन तेलहन एवं गेहूं से आच्छादित रकवा लगभग 6667 हेक्टेयर पर होगा। उन्होंने कहा विभाग के द्वारा किसानों को दिया गया अनुदानित दर पर बीज का निरीक्षण कर अच्छी उत्पादन करने के लिए तरकीब की जानकारी भी दी गई है। इस दौरान बीएओ विवेक कुमार गौरव, कृषि विभाग के नोडल कृषि समन्वयक संजय कुमार, कृषि विशेषज्ञ अजय कुमार समेत अन्य रहे।

### दहेज लेना व दहेज देना कानूनन अपराध

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के नारदीगंज पंचायत के वार्ड संख्या दस में जागरुकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम सरपंच प्रवेश रविदास ने आयोजित कर लोगों को जागरुक किया। दहेज उत्पीड़न ज़न जागरूकता अभियान विषय पर लोगों को जागरूक किया। सरपंच प्रवेश रविदास ने कहा दहेज लेना व दहेज देना कानूनन अपराध है। भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (बी) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के तहत दहेज लेना व देना कानूनन अपराध है। पारिवारिक विवाद को सुलझाने के लिए पूरे प्रदेश में 812 परिवार अदालत है। अगर आप मानसिक उत्पीड़न या शारीरिक उत्पीड़न के अलावा छेड़छाड़ , दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के शिकार हैं तो 181 महिला हेल्प लाइन नम्बर पर फोन कर मदद ले सकते हैं। और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते हैं। तो आइए, संकल्प लेते हैं कि दहेज लेना और देना नहीं है। मौके पर रेखा देवी, संतोष मिश्रा, काजल देवी, भोला मांझी समेत अन्य रहे।

# रवि गुप्ता बनें चैंबर ऑफ कामर्स के सदस्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी रवि गुप्ता जी को बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में तीसरी बार मिला कार्यकारिणी में जगह। उन्हें बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में उन्हें मगध से उन्हें प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य बनाया गया है । वे लगातार प्रदेश चैंबर में तीसरी बार अपनी जगह बनाई है और व्यापारियों को संगठित करने में लगे रहते है। इन्हें बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य बनने पर जिले के साथ साथ पूरे मगध के व्यापारियों ने इन्हें दूरभाष पर बधाई व शुभकामनाएं दिया साथ ही इनके बनने पर जिले और मगध के व्यापारियों के व्यापार को करने में हो रहे परेशानी और सुरक्षा को ले कर उनका सहयोग काफी अहम माना जा रहा है। चैंबर बिहार प्रदेश का 75 साल पुराना, सबसे संगठित और विहार के विकास में कदम से कदम मिला कर चलने वाला संस्था है। बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य बनने पर रवि गुप्ता जी ने चैंबर के अध्यक्ष पीके अग्रवाल के साथ साथ चैंबर के प्रदेश पदाधिकारियों का आभार जताया।

# 'स्वदेशी अपनाओ देश को आत्मनिर्भर बनाओ' नारे के साथ भाजपा की पदयात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** भाजपा द्वारा 'स्वदेशी अपनाओ देश को आत्मनिर्भर बनाओ' के नारे के साथ बिहारशरीफ के श्रम कल्याण केन्द्र मैदान से आनंद मार्ग होते हुए पैदल मार्च का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बिहारशरीफ विधानसभा विधायक डॉ. सुनील कुमार ने इस पैदल मार्च में सहभागिता करते हुए प्रत्येक जनमानस से स्वदेशी अपनाने की अपील की। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्वदेशी अभियान को गति प्रदान करते हुए स्थानीय दुकानों में घर घर स्वदेशी, हर घर स्वदेशी स्लोगन का स्टीकर लगाते हुए उनसे भारत में निर्मित वस्तुओं के खरीद विक्री का आह्वान किया। अस्पताल चौराहा पर स्टाल लगाकर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों, राहगीरों द्वारा स्वदेशी अपनाने का संकल्प का आवेदन भर कर स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया साथ ही प्रत्येक लोगों को इसके लिए जागरूक करने का दृढ़संकल्प लिया गया। पूर्व मंत्री सह विधायक डा. सुनील कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बारंबार आग्रह है कि हम सभी देशवासियों को स्वदेश निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना है ताकि 2047 तक हमारा देश विकसित राष्ट्र बन कर विश्व पटल पर अभूतपूर्व सम्मान प्राप्त कर सके एवं देश निर्मित सामानों के खरीद बिक्री से देश के लोगों के लिए अपार रोजगार भी उपलब्ध होंगे, जिससे देश और देशवासियों आर्थिक संपन्नता के साथ साथ विकसित भारत का सपना भी साकार होगा। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में आज घर घर स्वदेशी, हर घर स्वदेशी'' का नारे के साथ भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति प्रदान करने में जुटा है, आगे हम इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देते हुए प्रत्येक घरों तक जाएंगे और स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर भारत बनाओ का अलख जगाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, नीरज कुमार डब्ल्यू, डा अशुतोष कुमार, जिला महामंत्री विरेन्द्र गोप, शिवरतन प्रसाद,जिला मंत्री अमरेश कुमार, प्रवीण सिंह, राजू माहुरी, रंजू कुमारी, जिला मिडिया प्रभारी धीरेंद्र रंजन, सोनू कुमार हिंदू, अमरकांत भारती, प्रवीला देवी, धीरज पाठक, प्रणव कुमार सिन्हा, मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार, अविनाश कुमार, गोपाल चौरसिया, चंदन कुमार, राजेश सिंह सिसोदिया, संजीव कुमार सन्नी, रजनीश कुमार, मुकेश कुमार, अजय कुमार सिंह, सन्नी पटेल, शिवशंकर प्रसाद, शिल्पी कुमारी, सुषमा देवी, रौशन कुमार यादव, राजेश लाल, लक्ष्मण कुमार,राजकुमार, आलोक रंजन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से रालोमो जिलाध्यक्ष सोनू कुशवाहा ने की मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिला राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सोनू कुशवाहा ने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भेंट कर प्रदेश के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत बातचीत की। मुलाकात के दौरान सोनू कुशवाहा ने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकासात्मक अभियानों और जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास की तेजी से बढ़ती राह पर है और सरकार का प्रयास सराहनीय है। सोनू कुशवाहा ने नालंदा जिले में चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य शहर को व्यवस्थित और सुगठित बनाना है, लेकिन इस प्रक्रिया में गरीब और जरूरतमंद परिवारों का विशेष ख्याल रखा जाना चाहिए। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि अतिक्रमण हटाने से पहले गरीब परिवारों के पुनर्वास की उचित व्यवस्था की जाए। उनके लिए वैकल्पिक आजीविका संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे रोजगार और जीविकोपार्जन की समस्या से न जूझें। सोनू कुशवाहा ने कहा कि सरकार विकास कार्य के साथ-साथ सामाजिक न्याय और मानवीय संवेदनशीलता को भी प्राथमिकता दे रही है, ऐसे में गरीबों का हित सर्वोपरि होना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के समक्ष एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं के सम्मान और सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने की भी मांग रखी। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार की सफलता में जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# पल्स पोलियो अभियान को लेकर निकली जागरुकता रैली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** 14 से 18 दिसंबर तक चलने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से हिलसा प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग की ओर से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार वरनाला के नेतृत्व में आशा व स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने शुक्रवार को जागरूकता रैली निकाल कर लोगों से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। रैली की शुरुआत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैम्पस से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में आशा व स्वास्थ्य कर्मी हाथों में बैनर लिए नारे लगाते हुए क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों से गुजरते रहे। रैली के माध्यम से लोगों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पोलियो एक खतरनाक संक्रामक बीमारी है, जो बच्चों को आजीवन अपंग बना सकती है, लेकिन समय पर दी गयी पोलियो खुराक से इससे पूर्ण रूप से बचाव संभव है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार वरनाला ने बताया कि 14 से 18 दिसंबर तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायेंगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि पोलियो की बूंदें पूरी तरह सुरक्षित व प्रभावी हैं, इसलिए हर परिवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके बच्चे इस अभियान के दौरान अपनी खुराक अवश्य लें। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता तभी संभव है, जब सभी अभिभावक जिम्मेदारी के साथ स्वास्थ्यकर्मियों का सहयोग करेंगे। इस मौके पर आरआई के नोडल पदाधिकारी डॉ गौरी शंकर, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पूनम सागर, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक संजीव कुमार अकेला, एमएफपीडब्ल्यू रंजीत रंजन, डब्लूएओं दिनेश कुमार सिन्हा, निम्न वर्गीय लिपिक संजय कुमार सिन्हा, रंजीत कुमार, मुकेश कुमार इत्यादि शामिल थे।

# चालक को बाइक सवार युवकों ने मारा ताबड़तोड़ चाकू




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा में एक युवक को ताबड़तोड़ चाकू मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया, जिसे चिंताजनक हालत में रेफर किया गया है। यह घटना जिले के हिसुआ थानाक्षेत्र के राजगीर रोड की है, जिसमें बताया गया कि ट्रैक्टर चालक युवक पर तीन हमलावरों ने ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, हमलावरों ने युवक के पेट में चाकू मारा और फिर सिर पर ईंट-पत्थर से भी वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के लिए हिसुआ सामुदायिक अस्पताल लाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए नवादा रेफर किया गया है।

घायल युवक की पहचान हिसुआ थानाक्षेत्र के नसरपुर फुलवरिया गांव निवासी बंगाली यादव के 30 वर्षीय पुत्र केदार यादव के रूप में हुई है। यह घटना हिसुआ के राजगीर रोड स्थित फैमिली मेगा मार्ट के पास हुई। हमलावरों की पहचान नसरपुर फुलवरिया गांव के ही रामाशीष यादव, टेनी यादव और योगिंद्र यादव के रूप में हुई है। तीनों ने मिलकर केदार यादव पर हमला कर दिया। उन्होंने केदार को ट्रैक्टर से नीचे उतारा, उसके सिर पर पत्थर से वार किया और पेट में चाकू घोंप दिया। हमला करने के बाद तीनों आरोपित मौके से फरार हो गए। जब तक स्थानीय लोग कुछ समझ पाते और मदद के लिए पहुंचते, तब तक हमलावर भाग चुके थे। वहीं जख्मी युवक के परिजन ने आरोप लगाया है कि यह घटना का अंजाम जमीन विवाद को लेकर दिया गया है। हिसुआ अंचलाधिकारी सौरव सुमन और हिसुआ थानाध्यक्ष पर जख्मी के परिजन तथा पूर्व मुखिया कन्हैया कुमार बादल ने गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इनकी निष्क्रियता और पक्षपात के कारण ऐसे लोगों का मनोबल बढ़ा है।

# रोजगार मेला का आयोजन 13 दिसम्बर को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा। जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर,** नवादा द्वारा श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निर्देशानुसार दिनांक 13 दिसम्बर 2025 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आईटीआई) नवादा के प्रांगण में एकदिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस कैम्प में रस्तोगी इंडस्ट्रीज लिमिटेड, छत्तीसगढ़ द्वारा मोबिलाइजर, जीडीए स्टाफ, मोबाइल तकनीशियन तथा सहायक इलेक्ट्रिशियन के कुल 70 पदों पर भर्ती हेतु रिक्तियों की अधिसूचना जारी की गई है। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं अथवा बारहवीं उत्तीर्ण निर्धारित है। चयनित अभ्यर्थियों को 12,000 से 20,000 तक वेतन के साथ ईपीएफ, ईएसआईसी तथा आवास सुविधा उपलब्ध होगी तथा आयु सीमा 18 से 50 वर्ष तक निर्धारित की गई है। मोबिलाइजर पद का कार्यस्थल नवादा एवं पटना रहेगा, जबकि जीडीए स्टाफ, मोबाइल तकनीशियन एवं सहायक इलेक्ट्रिशियन पदों के लिए कार्यस्थल पूरे भारत में रहेगा। रोजगार कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, पहचान पत्र की छायाप्रति, रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो तथा बायोडाटा के साथ निर्धारित तिथि को संयुक्त श्रम भवन के प्रांगण में उपस्थित होना होगा। यह कैम्प पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक संचालित होगा। केवल वही अभ्यर्थी कैम्प में भाग ले सकेंगे जो नियोजनालय पोर्टल पर पूर्व से निबंधित हैं। जो अभ्यर्थी निबंधित नहीं हैं वे पोर्टल पर स्वयं अथवा जिला नियोजनालय, नवादा के माध्यम से अपना निबंधन कराकर कैम्प में भाग ले सकते हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं तथा नियोजन की शर्तों एवं नियमों के लिए वही उत्तरदायी रहेंगे; जिला नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका निभाएगा।

# भाजपा ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान चलाया




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** शुक्रवार को नवादा के प्रजातंत्र चौक पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा शिविर लगाकर 'आत्मनिर्भर भारत' संकल्प अभियान का कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें नवादा के माता, बहने, बुजुर्गो, नौजवानों, किसानों को आह्वान कर स्वदेशी संकल्प पत्र भरवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता एवं संचालन भाजपा जिला महामंत्री सह आत्मनिर्भरता भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम के जिला संयोजक अरविंद गुप्ता ने किया। सर्व प्रथम भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया, उपस्थित सभी जनता एवं कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी अपनाओं, विकसित भारत बनाओ का नारा लगाकर लोगों को प्रेरित कर संकल्प पत्र भरवाया। जिला अध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री का आह्वान है कि 2047 तक देश को विकसित भारत बनाना है। इसके लिए सभी भारतवासी को स्वदेशी समान का उपयोग करें। इससे देश का रुपया देश में रहेगा तब तेजी से अपना भारत विकसित होगा इसके साथ ही देश में रोजगार बढ़ेगा। हर घर , घर घर स्वदेशी अभियान चलेगा। जिला महामंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री जी दिनरात देश को मजबूत करने में लगें हुए है हम सब देशवासी का धर्म कर्तव्य बनता है कि मोदी जी का सपना को साकार करें। यह आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम आज जिला मुख्यालय पर हुआ आगे यह कार्यक्रम नवादा जिला के सभी मंडलों में होगा जहां नागरिकों से संकल्प पत्र भरवा कर प्रदेश को भेजा जाएगा साथ ही स्वदेशी अपनाने का जनजागरण के लिए सभी प्रखंडों में पदयात्रा निकाला जाएगा और साथ में घर घर जाकर स्वदेशी अभियान का स्टीकर साट कर एवं गाड़ी के पीछे स्टीकर लगाया जाएगा। आज नवादा के प्रजातंत्र चौक पर इस अभियान शिविर में लगभग 2000 दो हजार नवादा के नागरिकों ने संकल्प पत्र भरा। उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प पत्र को पढ़ कर भी स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रो विजय कुमार सिन्हा, पूर्व जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतीश सिन्हा, प्रमोद कुमार चुन्नू, प्रताप रंजन, जिला मंत्री ज्योति सिंह, निशा राजवंशी, उपेन्द्र चंद्रवंशी, सुर्यनारायण गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी बरनवाल, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र पासवान, अल्संख्यक मोर्चा अध्यक्ष अफसाना खातून, नगर मंडल उत्तरी अध्यक्ष शिवरानी केसरी, सुधीर सिंह, राजेश आर्य, मनोज गुप्ता, पंकज नारायण गुप्ता, राखी गुप्ता , किरण भारती, अजय सिंह, इंदु देवी, बंटी देवी इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# अराष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी अंतिम चरण में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय की निगरानी में 13 दिसम्बर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अधोहस्ताक्षरी ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी पूर्ण कर ली गई है तथा सभी प्रकार के सुलहनीय वादों के निष्पादन हेतु कुल 15 बेंचों का गठन किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा आमजन से अपेक्षा है कि वे अपने लंबित सुलहनीय वादों का त्वरित निष्पादन कर इसका लाभ उठाएं।


## कार्यालय नगर परिषद्, औरंगाबाद

बिहार सरकार

**पुर्न अति–अल्पकालीन आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत **वित्तीय वर्ष 2025–26** के शेष **03 महीनो (01.01.2026 से 31.03.2026 तक)** के लिए औरंगाबाद बस स्टैण्ड सैरात की बन्दोबस्ती खुले डाक द्वारा **दिनांक–20.12.2025 को अप0 1:00 बजे** से नगर परिषद् औरंगाबाद के सभाकक्ष में निम्नांकित नियम एवं शर्तो के अधीन किया जाएगा :–

**1.संबंधित डाक की विवरणी, जमा राशि एवं अग्रधन उनके सम्मुख निम्नरूपेण अंकित है:–**

| क्र0 | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | औरंगाबाद बस स्टैण्ड एवं टेम्पो स्टैण्ड से दैनिक शुल्क की वसूली। | 20,70,000.00 | 41,500.00 |

**2. वसूली नगर परिषद् औरंगाबाद द्वारा निर्धारित निम्नांकित दर पर ही करना होगा :–**

| क्र0सं0 | वाहन का नाम | प्रति वाहन वसूल की जाने वाली राशि |
|---|---|---|
| 1. | 3 चक्का टेम्पो/टोटो | 15.00 रू0 |
| 2. | 407/709/छोटी बस | 60.00 रू0 |
| 3. | बडी बस | 80.00 रू0 |

अपरिहार्य कारणवश यदि **दिनांक–20.12.2025** को डाक संपन्न नहीं हो सका तो पूनः उपर्युक्त नियम/शर्तो के अधीन **अगली तिथि दिनांक–22.12.2025 एवं दिनांक–23.12.2025** को उपर्युक्त समय पर खुला डाक कराया जाएगा।

**विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के सूचनापट्ट या https://www.aurangabad.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।**

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर परिषद् औरंगाबाद**

**मुख्य पार्षद**
**नगर परिषद् औरंगाबाद**

PR- 019342 ( B & C ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# आधुनिक ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था से गयाजी को मिलेगी जाम से राहत : डॉ प्रेम कुमार

## विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने एलएनटी कंपनी अधिकारियों के साथ की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया/पटना।** विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने गया स्थित जिला अतिथि गृह में एलएनटी कंपनी के अधिकारियों के साथ गया टाउन में प्रस्तावित ट्रैफिक लाइट और सीसीटीवी कैमरा प्रणाली की स्थापना को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में शहर की आवश्यकताओं, तकनीकी व्यवस्था और जिन स्थानों पर उपकरण लगाए जाने हैं, उन सभी प्वाइंट की विस्तार से चर्चा की गई। प्रेम कुमार ने कहा कि गया की जनता के लिए यह उत्साह का विषय है कि लगभग पचपन से साठ करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरा स्थापना की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने पर शहर में जाम की समस्या से राहत मिलेगी और सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूती प्राप्त करेगी। एलएनटी कंपनी ने जिला प्रशासन के सहयोग से शहर के सभी महत्वपूर्ण स्थानों का चयन कर लिया है। प्रत्येक स्थान का निरीक्षण और तकनीकी मूल्यांकन भी पूरा कर लिया गया है। सूत्रों के अनुसार अगले सोमवार से कार्य शुरू हो जाएगा। परियोजना के तहत गया शहर में सर्विलेंस कैमरा, एनओटीआर कैमरा, रेड लाइट वायलेशन कैमरा, आठ चौराहों पर रेड लाइट सिग्नल, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली, वेरिएबल मैसेज संकेतक, समेकित कमांड और नियंत्रण केंद्र, दस पुलिस वाहनों में मोबाइल सर्विलेंस कैमरा तथा सात जोनल व्यूइंग केंद्र की स्थापना की जाएगी। पूरे शहर में कुल पांच सौ से अधिक कैमरे लगाए जाने की योजना है जो पचहत्तर स्थानों को कवर करेंगे। परियोजना को जून 2026 तक पूरा कर लेने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके पूर्ण होने पर गया शहर की यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा और अपराध नियंत्रण में भी प्रभावी सहायता मिलेगी। बैठक में एलएनटी कंपनी के तकनीकी विशेषज्ञ भी उपस्थित थे।

## डिजिटल हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी / गयाजी।** हमारी दृष्टि, गया के संयुक्त तत्वावधान में बंगवाडीह, डोभी में डिजिटल हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय में बढ़ रहे साइबर क्राइम और डिजिटल हिंसा के विभिन्न रूपों के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम का संचालन फाउंडेशन की सचिव संगीता कुमारी ने किया। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक 'हमारी दृष्टि' की टीम द्वारा समुदाय में हिंसा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाता है। इस अवधि में बैठक, रैली, हस्ताक्षर अभियान, नुक्कड़ नाटक तथा विभिन्न संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को हिंसा और शोषण के प्रति सचेत किया जाता है। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जिनमें नगर पंचायत अध्यक्ष मथुरा यादव जिला परिषद सदस्य कामेश्वर यादव, संतोष प्रसाद कुशाबीजा पंचायत के मुखिया लक्ष्मी लाल, सरपंच दिनेश सिंह, खर्राटी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पिंटू यादव आईसीडीएस सुपरवाइजर नसरीन प्रवीण, आई सक्षम की श्वेता कुमारी, निरंतर ट्रस्ट, पटना से अनुष्का कुमारी मध्य विद्यालय बहिराडीह की प्रधानाध्यापिका गुड्डी कुमारी तथा और वांदोर से संखा देवी, डोभी थाना से मिथिलेश्वर सिंह शामिल हुए।

## एक नजर

### गुरुआ में प्रशासन की लापरवाही, जीवित बुजुर्ग को किया 'मृत' घोषित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** गुरुआ प्रखंड में प्रशासनिक लापरवाही से कॉलोना पंचायत के मकदूमपुर गांव से सरकारी तंत्र की लापरवाही सामने आई है जहां 70 वर्षीय महादेव यादव को सरकारी रिकॉर्ड में 'मृत' घोषित कर दिया गया जबकि वह जीवित हैं। इस गलत प्रवृष्टि के कारण पिछले दो महीने से वृद्धावस्था पेंशन बंद है जिससे उनका गुजर-बसर मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार न तो कोई अधिकारी गांव में सत्यापन के लिए आया और न ही किसी प्रकार की पूछताछ की गई। इसके बावजूद सरकारी पोर्टल पर महादेव यादव के नाम के सामने 'मृत' की मुहर लगा दी गई। बिना जांच-पड़ताल के ऐसी गंभीर प्रवृष्टि कैसे कर दी गई–यह बड़ा सवाल है। पेंशन बंद होने से महादेव यादव आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। वह कई बार प्रखंड कार्यालय, बैंक और पंचायत में गुहार लगा चुके हैं, लेकिन हर जगह से सिर्फ आश्वासन ही मिला है। मजबूरी में उन्हें दवाइयों और घर के खर्च के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

### दूसरी शादी के विवाद में महिला से मारपीट, केस दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के कोराप गांव निवासी बैजन्ती देवी पति हीरालाल प्रजापत ने थाना में आवेदन देकर ससुराल पक्ष के लोगों पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है। बैजन्ती देवी ने बताया कि 9 दिसंबर को वे अपने पुत्र रामबदन कुमार के साथ घर पर थीं, तभी ससुराल के कई लोग घर में घुस आए और पति की दूसरी शादी का आरोप लगाते हुए उन्हें मायके जाने का दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर उनके साथ और उनके पुत्र के साथ मारपीट की गई। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि आवेदन के आधार पर शुक्रवार को मामला दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में सुरेश प्रजापत, वीरेंद्र प्रजापत, संतोष कुमार, मानती देवी, कांति देवी और किरण देवी को आरोपी बनाया गया है।

### गृहमंत्री की घोषणा से सूदखोरों में मायूसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** बाजार सहित ग्रामीण इलाकों में पिछले कई वर्षों से किसान सहित छोटे-छोटे व्यवसायी सूदखोरों के चंगुल में फंसे हुए हैं। बुरे समय में इन सूदखोरों से मजबूरी में इनसे पैसा लेकर अपना काम तो चला लेते हैं, परन्तु वर्षों तक मूल और सूद देने के बावजूद एक बार इन सूदखोरों के चंगुल में फंसे मजबूर उबरने का नाम नहीं ले रहे हैं। गुरारू बाजार का एक व्यवसाई मुकेश चौरसिया ने बताया कि बाजार के हीं एक व्यक्ति से मेरे द्वारा कुछ रूपये मजबूरी में सूद पर लिया गया था और उक्त सूदखोर ने मुझसे थाती के रूप में कई ब्लैंक चेक ले लिया और मूल-सूद वर्षों पूर्व वसूल कर दिए जाने के बाद भी उक्त चेक के आधार पर न्यायालय में चेक बाउंस का मुकदमा कर चुका है और मैं कानून की डर से दर-दर भटकते चल रहा हूं। ऐसे दर्जनों मामलात सूदखोरों पर लगाम कसने की गृह मंत्री की घोषणा से बाहर आना शुरू हो चुका है।

### लिंक पथ पर लटकी 11 हजार और एलटी लाइन से किसानों में दहशत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखण्ड के काबर पंचायत अंतर्गत चंदैनी-मीठापुर लिंक पथ के किनारे बिजली की 11 हजार और एलटी लाइन जमीन से मात्र चार-पांच फीट की ऊंचाई पर लटक रही है जिससे किसानों के करंट की चपेट में आने का खतरा लगातार बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार यह स्थिति पिछले कई वर्षों से है, लेकिन बिजली विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। मामला सामने आने पर जिला पार्षद शरीफा देवी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं काबर पंचायत के राजद अध्यक्ष लालू यादव, मंटू यादव, वाल्मीकि पासवान और महेश यादव गुरुवार शाम 4 बजे मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जिला पार्षद शरीफा देवी ने बिजली विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द तार की ऊंचाई को अपने स्तर से सुधारने की मांग की। इसके बाद वे छतीहर निवासी दीपक यादव, प्रधान विकास साव, धरमपुर के कमलेश यादव तथा सुभाष यादव के घर भी पहुंचीं और पीड़ित परिवारों से मिलकर सांत्वना दी।

### कोंच में शिक्षा व्यवस्था सुधार को लेकर गुरु गोष्ठी, प्रधानाध्यापकों को दिए सख्त निर्देश

**कोंच (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार रमन की अध्यक्षता में सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, लेखापालों और एमडीएम पदाधिकारियों की गुरु गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में ई-शिक्षा कोष, मध्याह्न भोजन योजना (एमडीएम), विद्यालयों में शैक्षणिक माहौल और सफाई अभियान पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

## एमयू कुलपति ने किया डॉ. रश्मि सिन्हा की पुस्तक का लोकार्पण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** शिक्षा विभाग, मगध विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. रश्मि सिन्हा की पुस्तक 'इंग्लिश लैंग्वेज लिंग्विस्टिक्स एंड इंडियन नॉलेज सिस्टम' का मगध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शशि प्रताप शाही के द्वारा शुक्रवार को लोकार्पण किया गया। यह पुस्तक ज्ञान के समग्र दृष्टिकोण को सामने रखती है जिसका उद्देश्य प्राचीन ज्ञान को आधुनिक शिक्षा और जीवन शैली से जोड़ना है। भारतीय ज्ञान प्रणाली अतीत के ज्ञान को वर्तमान और भविष्य से जोड़ने का एक समग्र और व्यावहारिक दृष्टिकोण है। कुलपति ने नवीन पुस्तक के लिए डॉ. रश्मि को बधाई और शुभकामना दी। मौके पर डॉ. सुमन जायसवाल भी मौजूद रहीं।

## शिक्षक का असामयिक निधन, शिक्षा जगत में शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** डीएवी पब्लिक स्कूल शेरघाटी के वरीय जीव विज्ञान शिक्षक दीपक कुमार झा का असामयिक निधन वाराणसी स्थित बीएचयू के सुंदरलाल अस्पताल में हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही विद्यालय परिवार, छात्र, अभिभावक और पूरे डीएवी जोन 'इ ' में शोक की लहर दौड़ गई। दीपक कुमार झा सर लंबे समय से डीएवी शेरघाटी में जीव विज्ञान विषय पढ़ा रहे थे और विद्यालय के सबसे अनुभवी तथा लोकप्रिय शिक्षकों में गिने जाते थे। वे न केवल अपनी शिक्षण शैली के कारण बल्कि छात्रों के प्रति अपने सौम्य और मार्गदर्शक व्यवहार के लिए भी विशेष पहचान रखते थे।

## बार एसोसिएशन ने किया विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को सम्मान समारोह में आमंत्रित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गया बार एसोसिएशन के सचिव सह सरकारी अधिवक्ता रविंद्र प्रसाद, वरिष्ठ अधिवक्ता एस. राजेश आनंद और अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने गया शहर से लगातार नौवीं बार विधायक निर्वाचित होने और बिहार विधानसभा के अध्यक्ष पद पर आसीन होने पर प्रेम कुमार से गया परिसदन में शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें फूलों का बुके भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान गया बार एसोसिएशन के सचिव रविंद्र प्रसाद ने अनुरोध किया कि प्रेम कुमार गया बार एसोसिएशन में आयोजित होने वाले अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर अधिवक्ताओं का मार्गदर्शन करें। उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन के सभी सदस्य उनके इस उच्च संवैधानिक दायित्व पर गौरवान्वित हैं। आग्रह स्वीकार करते हुए विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने आश्वस्त किया कि वे शीघ्र ही गया बार एसोसिएशन पहुंचकर अधिवक्ताओं के साथ संवाद करेंगे और संगठन के विकास तथा आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण में हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि विधिक व्यवस्था की मजबूती में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और वे सदैव उनके साथ रहेंगे। इस अवसर पर रविंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रेम कुमार द्वारा गया बार को दिया गया सहयोग आज विशाल वटवृक्ष की तरह संरक्षण प्रदान करता है। विभिन्न फंडों के माध्यम से उन्होंने जो योगदान दिया है, वह बार एसोसिएशन की अमूल्य धरोहर के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगा। गया बार परिवार उनकी उपलब्धियों पर गौरव महसूस करता है और उन्हें पुनः विधानसभा अध्यक्ष बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं देता है।

## डॉ. सरिता सिंह ने एमयू पुस्तकालय को दान कीं महत्वपूर्ण पुस्तकें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग की सेवानिवृत्त अंग्रेजी प्रोफेसर डॉ. सरिता सिंह और उनकी पुत्री लावण्या सिंह ने मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही के माध्यम से मगध विश्वविद्यालय को अंग्रेजी और हिन्दी भाषा की कई महत्वपूर्ण पुस्तकें भेंट कीं। यह पुस्तकें मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के पूर्व अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो. जगदीश प्रसाद सिंह द्वारा रची गईं हैं। जगदीश जी ने अंग्रेजी और हिन्दी दोनों भाषाओं में उपन्यास, आलोचना, कहानी, लघु आदि अनेक विधाओं में रचना की। 'द वाइट हॉर्स', 'द कर्फ्यू', 'द सैक्रेड फायर', 'सागर तट के सीप' आदि उनकी प्रसिद्ध कृतियां हैं। उनके साहित्यिक और शैक्षणिक योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा उन्हें पद्मश्री सम्मान से विभूषित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. शाही ने जगदीश जी के रचनाकर्म को याद करते हुए उसे देश की महत्वपूर्ण विरासत बताया। कुलपति ने सरिता और लावण्या को मगध विश्वविद्यालय को जगदीश जी की पुस्तकें भेंट करने के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया। मौके पर सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. आर. एस. जमुआर, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो. नीरज कुमार, आइक्यूएसी समन्वयक प्रो. मुकेश कुमार, हिन्दी विभाग के सहायक आचार्यगण डॉ. राकेश कुमार रंजन और डॉ. परम प्रकाश राय और परीक्षा नियंत्रक डॉ. पार्थ प्रतिम दास भी मौजूद रहे।

## सामान्य बोर्ड बैठक का 9 वार्ड पार्षदों, उप मुख्य पार्षद ने किया सामूहिक बहिष्कार, अनियमितताओं पर गंभीर सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** नगर पंचायत खिजरसराय में शुक्रवार को आयोजित सामान्य बोर्ड बैठक में उस समय हलचल मच गई जब उप मुख्य पार्षद सहित 13 में से 9 वार्ड पार्षद बैठक में उपस्थित नहीं हुए और बैठक का सामूहिक बहिष्कार किया। अनुपस्थित वार्ड पार्षदों एवं उनके प्रतिनिधियों ने गंभीर आरोप लगाए। मुख्य पार्षद द्वारा बिना बोर्ड की स्वीकृति लिए कई योजनाओं का कार्य कराया जा रहा है और उन्हीं कार्यों को वैधता देने के लिए यह बैठक बुलाई गई थी। वार्ड पार्षदों ने बताया कि पिछले 1 वर्ष से नगर पंचायत क्षेत्र के 3 स्थानों पर शौचालय निर्माण के लिए एनओसी मिलने के बाद भी कार्यालय राशि उपलब्ध नहीं है का बहाना बनाकर निर्माण कार्य रोककर रखा है, लेकिन दूसरी ओर मुख्य पार्षद द्वारा मनमाने ढंग से कार्य कराए जा रहे हैं जिससे कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। वार्ड पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्य पार्षद पति द्वारा दबंगता पूर्वक कहा जाता है हमें जनता ने चुनकर भेजा है, हम अपने हिसाब से योजना पारित करेंगे। आप लोग साथ दें या न दें। पार्षदों का कहना है कि उनका यह रवैया ऐसा प्रतीत कराता है मानो केवल वही जनता के द्वारा चुने गए प्रतिनिधि हों और बाकी वार्ड पार्षद मनोनीत होकर आए हैं।

## शेरघाटी में अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई, फुटपाथी दुकानदारों के पुनर्वास की योजना तैयार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** न्यायालय के आदेश के बाद नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया तेजी पकड़ चुकी है। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में न केवल अवैध कब्जे हटाए जा रहे हैं, बल्कि फुटपाथी दुकानदारों के पुनर्वास की सुव्यवस्थित योजना भी तैयार की गई है। एसडीओ ने बताया कि इस दिशा में कार्यपालक पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष को संयुक्त रूप से निर्देश जारी किए गए हैं तथा पूरे सप्ताह इस अभियान को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा तैयार ब्लू प्रिंट के अनुसार पेट्रोल पंप के बगल में, पूरब दिशा में नई फल एवं सब्जी मंडी की स्थापना की जा रही है। यहां शहर के दक्षिणी क्षेत्र–शुमाली, गोलाबाजार तथा आसपास के लोग आसानी से खरीद-बिक्री कर सकेंगे। वहीं नई बाजार, कठार, समोदे बीघा और नूतननगर क्षेत्र के लोगों के लिए भी यह नया मंडी स्थल सुविधाजनक रहेगा। प्रशासन का मानना है कि इससे शहर के भीड़भाड़ वाले हिस्सों में यातायात दबाव काफी कम होगा। इसी क्रम में ओवरब्रिज के नीचे स्थित टेंपो और टोटो स्टैंड को भी नए स्थान पर शिफ्ट किया जा रहा है जिससे मुख्य मार्ग पर लगने वाले जाम की समस्या से राहत मिलेगी। मीट और मछली दुकानों को भी एक निर्धारित स्थल पर व्यवस्थित रूप से बसाया जाएगा। ताकि बाजार के संचालन में पारदर्शिता और स्वच्छता बनी रहे। एसडीओ मनीष कुमार ने यह भी बताया कि थाना क्षेत्र से सटी एक गली अत्यधिक संकीर्ण हो चुकी है वहां भी अतिक्रमण को हटाया जाएगा।


बिहार सरकार कृषि विभाग

# आलू में झुलसा रोग की पहचान एवं प्रबंधन

झुलसा रोग आलू फसल में फफूँद के द्वारा फैलने वाला एक प्रमुख एवं विनाशकारी रोग है। पिछात झुलसा का संक्रमण अत्यंत तेज़ी से पूरी फसल पर फैल जाता है, इस कारण इसे "चक्रवृद्धि व्याज रोग" भी कहा जाता है। यह रोग मुख्य रूप से दो प्रकार का होता है:-

**पिछात झुलसा (Late Blight) :** इस अवस्था में पत्तियाँ किनारों एवं सिरों से सूखने लगती हैं तथा सूखे भाग को हाथ से रगड़ने पर खर–खर की आवाज सुनाई देती है।




**अगात झुलसा (Early Blight) :** इसमें पत्तियों पर भूरे रंग का संकेंद्रित रिंगनुमा गोल धब्बा दिखाई देता है। धब्बे के विस्तार के साथ पत्तियाँ धीरे–धीरे झुलसकर नष्ट होने लगती हैं।




पिछात एवं अगात झुलसा का प्रबंधन –

(क) खेत को साफ–सुथरा रखें तथा केवल स्वस्थ एवं रोगमुक्त बीज का ही उपयोग करें।

(ख) रोग की आशंका होने पर 15 दिनों के अंतराल पर मैनकोज़ेब 75% WP @ 2 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से सुरक्षात्मक छिड़काव करें।

(ग) रोग प्रकट होने पर निम्नलिखित में से किसी एक फफूँदनाशी का प्रयोग करें–
- मैनकोज़ेब 75% WP @ 2 ग्राम / लीटर, या
- कार्बेन्डाज़िम 12% + मैनकोज़ेब 63% WP @ 2 ग्राम / लीटर, या
- जिनेब 75% WP @ 2 ग्राम / लीटर, या
- कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 50% WP @ 2 ग्राम / लीटर

(घ) विशेष रूप से पिछात झुलसा (Late Blight) नियंत्रण हेतु मेटालैक्सिल– M 4% + मैनकोज़ेब 64% WP @ 2 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करना अत्यंत प्रभावी है।

नोट :– अधिक जानकारी के लिए किसान कॉल सेन्टर के ट्रॉल फ्री० नं० 18001801551 पर या अपने जिला के सहायक निदेशक पौधा संरक्षण से सम्पर्क कर सकते हैं।

संयुक्त निदेशक, पौधा संरक्षण
बिहार, पटना।

PR No.- 019449 (Agriculture)D. 2025-26

संपादकीय

# ऋणम् कृत्वा, घृतम् पीवेत् !

गले-गले तक कर्ज में डूबी मध्यप्रदेश सरकार अब दूसरे राज्यों में अपनी सम्पत्तियां बेच कर इसकी भरपाई करने का प्रयत्न करेगी। यह स्थिति इसलिए बनी है कि मोहन यादव सरकार लगभग हर माह कर्जा उठा रही है और इस कर्ज की किस्तें चुकाने में भी सरकार का दम निकल रहा है। इसी संदर्भ में चिंताजनक खबर यह है कि वित्त विभाग ने सभी विभागों को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है, जिसमें पूछा है कि किस राज्य में कितनी संपत्ति किस रूप में है? उसका मूल्य क्या है? अगर किसी प्रॉपर्टी का कोर्ट में केस चल रहा है, किसी तरह का विवाद है तो इसकी भी जानकारी दी जाए। इन जानकारियों के आधार पर लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग पूरे देश में फैली इन संपत्तियों का व्यापक डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। इस कवायद का मकसद प्रदेश के बाहर मौजूद संपत्तियों को बेचकर या किराये पर देकर राशि जुटाना है। विभाग इन संपत्तियों के मुद्रीकरण यानी मॉनेटाइजेशन की रणनीति बनाएगा। केरल के वायनाड से लेकर मुंबई के पॉश इलाकों और उत्तर प्रदेश के झांसी तक, मध्य प्रदेश सरकार की करोड़ों-अरबों की संपत्तियां हैं, जो या तो विवादों में फंसी हैं या उनका सही उपयोग नहीं हो पा रहा है। गौरतलब है कि राज्य सरकार इस वक्त कुल 4 लाख 64 हजार करोड़ के कर्ज में डूबी है और चार्वाक दर्शन 'ऋणम् कृत्वा घृतम् पीवेत्' की तर्ज पर हर माह नया कर्ज उठाया जा रहा है। ऊपर से लाड़ली बहना योजना सरकार के गले पड़ चुकी है। ऐसे में कुछ प्रॉपर्टियां का सौदा भी लगभग हो चुका है। मप्र सरकार की ये प्रॉपर्टियां केरल, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में फैली है। इनमें केरल की बीनाची इस्टेट का सौदा तो लगभग तय माना जा रहा है। इसी प्रकार मुंबई के गोरेगांव क्षेत्र में मप्र सरकार की लगभग 2.5 एकड़ (10,460 वर्गमीटर) जमीन है, जिस पर टेक वेंचर लिमिटेड नामक कंपनी का कब्जा है। इस जमीन का बाजार मूल्य 1.28 लाख रुपए प्रति वर्ग मीटर से भी अधिक है। सूत्रों के मुताबिक, इस कंपनी पर सरकार का 77.15 करोड़ रुपए का किराया बकाया है। उसे बेदखल किया जा रहा है। नागपुर में मध्य प्रदेश सड़क परिवहन निगम ने 1956 में रक्षा विभाग से 37,107 वर्गफुट जमीन खरीदी थी, लेकिन 2018 में स्थानीय भूमि अभिलेख अधीक्षक ने इसे महाराष्ट्र सरकार के नाम कर दिया। एक लंबी कानूनी लड़ाई के बाद इस जमीन पर मप्र का हक बहाल हुआ है। इस जमीन की कीमत 150 करोड़ रुपए लगाई गई है। उप्र के झांसी में झांसी में मध्य प्रदेश सरकार की करीब 19 एकड़ जमीन है, जिस पर वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार का कब्जा है। इसका स्वामित्व फिर से हासिल किया जा रहा है। झांसी में ही बस डिपो की 1373.80 वर्गमीटर जमीन को लेकर भी मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच विवाद है। यह जमीन 1994 में खरीदी गई थी। इस पर कोर्ट ने स्टे दिया हुआ है। केंद्र सरकार जब नेपानगर की ऐतिहासिक नेपा लिमिटेड (मिल) को बेचने की तैयारी कर रही है, तब मध्य प्रदेश सरकार ने उसकी 1199 एकड़ जमीन में से 527 एकड़ 'सरप्लस' भूमि पर अपना दावा ठोक दिया है। हालांकि राज्य सरकार अपनी सम्पत्तियां पहली बार नहीं बेच रही है। विगत पांच सालों में राज्य सरकार की 101 प्रॉपर्टियां बेची जा चुकी हैं और इनके माध्यम से 110.88 करोड़ रुपए जुटाए गए हैं। हालांकि राज्य सरकार पर जितना कर्ज है, उसकी तुलना में यह राशि ऊंट के मुंह में जीरे के बराबर ही है। अलबत्ता मप्र सरकार का दावा है कि उसका राजस्व सरप्लस है, इसलिए कर्ज लेने की उसकी पात्रता बनी हुई है।

# देश की रीढ़ अरावली का दर्द और हम

**अरावली के पुनर्जीवन हेतु वर्ष 1986 में गोपालपुर गांव में मेवालो का बांध बनाकर, पहाड़ियों पर पशुओं की चराई के दबाव को कम करने का काम शुरू किया था। इस बांध के तैयार होने से गोपालपुरा गांव में पानी आ गया था। गांव से लाचार, बेकार, बीमार होकर उजड़े युवक शहर चले गए थे, लेकिन कुओं में पानी आते ही शहर से वापस गांव आने लगे थे। तभी उनके रिश्तेदार पालपुर के जंसी मीणा ने गोपालपुरा आकर कहा था कि हमारे सभी कुएं खदानों के कारण सूख गए हैं, वहां जल-संरक्षण हेतु जोहड़ की जरूरत है। तभी पालपुर में जांसी मीणा, तिलवाड़ी के छोटेलाल मीणा के यहां जोहड़ बनाने का काम किया था। छोटेलाल मीणा कहते थे कि खनन से पहाड़ तो उजाड़ ही रहा है; इससे हम भी उजड़ रहे हैं। हमारे लिए जो जोहड़ बना है, उससे हम तभी बसे रह सकते हैं, जब खनन बंद होगा।**

**राजेन्द्र सिंह**

अरावली आड़ी पर्वतमाला है। भारत की ज्यादातर पर्वत मालाएं मानसून के अनुकूल उत्तर से पूर्व होती हैं। अरावली इनके विपरीत पश्चिम से उत्तर-मध्य की तरफ खड़ा है। यह पश्चिम से आने वाली वायु के साथ रेतीली हवाओं को अपने जंगलों में समा लेता है। इसीलिए इसे भारत की रीढ़ कहते हैं। यह अकेली पर्वतमाला है, जिसमें पुरानी पर्वत चोटियां के बीचों-बीच नए रेत के टीले दिखाई देते हैं। 'बिरला साइंस इंस्टीट्यूट, जयपुर' के निदेशक प्रो. एसएस डावरिया ने 'रिमोट सेंसिंग' द्वारा अध्ययन करके, उच्चतम न्यायालय में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। उच्चतम न्यायालय के तत्कालीन न्यायमूर्ति एमएन वेंकटचेलैया ने भारत सरकार को इन रेतीली हवाओं से दिल्ली को बचाने का निर्देश दिया था। तभी 7 मई 1992 'अरावली संरक्षण नोटिफिकेशन' भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने प्रकाशित किया था।



इससे पूर्व उच्चतम न्यायालय ने अरावली को एक समग्र पर्वतमाला मानकर बचाना तय कर दिया था। तब लगता था कि अरावली के आंसू न्यायालय ने पोंछ दिए हैं और अरावली के दर्द को न्यायपालिका ने समझ लिया है, लेकिन अब 20 नवंबर 2025 को उच्चतम न्यायालय के निर्णय, रिपोर्ट और शपथपत्र को पढ़कर लगता है कि ऊंच - नीच में पहाड़ को भी बांट दिया गया है। 100 मीटर से अधिक ऊंची पहाड़ियां ही अरावली है, इससे नीचे अरावली नहीं है। उन पहाड़ियों को खोजकर निकालो जिनको हमने 1980 के दशक से बचाने की मुहिम खड़ी की थी। अरावली के पुनर्जीवन हेतु वर्ष 1986 में गोपालपुर गांव में मेवालो का बांध बनाकर, पहाड़ियों पर पशुओं की चराई के दबाव को कम करने का काम शुरू किया था। इस बांध के तैयार होने से गोपालपुरा गांव में पानी आ गया था। गांव से लाचार, बेकार, बीमार होकर उजड़े युवक शहर चले गए थे, लेकिन कुओं में पानी आते ही शहर से वापस गांव आने लगे थे। तभी उनके रिश्तेदार पालपुर के जंसी मीणा ने गोपालपुरा आकर कहा था कि हमारे सभी कुएं खदानों के कारण सूख गए हैं, वहां जल-संरक्षण हेतु जोहड़ की जरूरत है। तभी पालपुर में जांसी मीणा, तिलवाड़ी के छोटेलाल मीणा के यहां जोहड़ बनाने का काम किया था। छोटेलाल मीणा कहते थे कि खनन से पहाड़ तो उजाड़ ही रहा है; इससे हम भी उजड़ रहे हैं। हमारे लिए जो जोहड़ बना है, उससे हम तभी बसे रह सकते हैं, जब खनन बंद होगा।

'तरुण भारत संघ' ने दोनों गांव में जोहड़ बनाए, लेकिन इनका सारा पानी खदानों में चला गया क्योंकि कुओं से ज्यादा गहरी खदानें थीं। तभी से पानी के लिए ही खदानों के विरुद्ध लड़ाई शुरू हुई। उच्चतम न्यायालय के आदेश से जैसे ही खदानें बंद कराई गईं तो उनके दोनों कुओं में पानी आ गया। फिर तो जेंसी का बेटा ख्याली मीणा, महेश शर्मा, गोपी कुम्हार मलाना ने मिलकर पूरी 'अरावली बचाओ यात्रा' की। ऐसे पालपुर, तिलवाड़ी, तिलवाड़, बैरवा डूंगरी, बल्देवगढ़, गोवर्धनपुरा, मल्लाना के पांचू सरपंच ने प्रत्यक्ष सत्याग्रह करके खनन रुकवाया था। मल्लाना में पाटनी, आरके मार्बल जैसे बड़े - बड़े खान मालिक पहुंच गए थे। वे भी लोक सत्याग्रह के कारण वहां खान नहीं चला सके थे। तब उच्चतम न्यायालय ने पर्वतमाला और उसमें रहने वाले लोगों से अरावली का दर्द सुनकर उसे न्याय दिया था।

उच्चतम न्यायालय के उस आदेश ने अरावली पर्वतमाला की जान और इज्जत बचाई थी। मेरे विरुद्ध भयानक मुकदमे खान मालिकों ने दर्ज किए थे। पुलिस भी अपनी कार्रवाई करने लगी थी। पर्यावरण कार्यकर्ता को बचाने हेतु सरकार ने उसी काल में कानून में बना दिया था और उस कानून का पालन भी होता था। तब पहाड़ का दर्द सुना जाता था। पहाड़ और पहाड़ बचाने वालों को न्यायालय बचाता था। अब क्या नया हुआ मालूम नहीं? अरावली पर्वत की पीड़ा तो कोई सुनने को तैयार नहीं है। जो अरावली की पीडा जानते हैं, वो अरावली को बचाना चाहते हैं, लेकिन अरावली को बचाने से, बचाने वालों की पीड़ा बढ़ने लगी है। अरावली तो लोगों तथा अपने जंगलों की पीड़ा कम करने के लिए आडा पर्वत बनकर खड़ा है। इसलिए राजस्थान के रेगिस्तान से अधिक अच्छी वर्षा अरावली क्षेत्र में होती है। अरावली पर्वतमाला में 'सीधी साह्ल' (सीधी दरार) हैं, इनके द्वारा वर्षा जल अरावली के भूजल भंडारों में जमा होता रहता है। इसी से चारों राज्यों में जहां अरावली पर्वतमाला है, वहां मीठा जल, सुरक्षित पेयजल आज भी उपलब्ध होता रहता है। यह पर्वतमाला 'भूजल बैंक' को समृद्ध बनाकर रखती है। इसलिए दिल्ली के खंडावप्रस्थ, हरियाणा के काला पहाड़, गुड़गांव, फरीदाबाद, नूह को भू-जल संरक्षित घोषित करने की बात चली थी। हरियाणा में जहां पहाड़ियां हैं, वहां मीठा पेयजल, स्वस्थ जल उपलब्ध है। शेष क्षेत्रों में खारा जल है।

ऐसा ही अरावली क्षेत्र के चारों राज्यों में आज भी देखने को मिल रहा है। यदि अरावली पहाड़ियों में खनन कर दिया तो बादलों का संतुलन बिगड़ जाएगा। बेमौसम वर्षा चक्र चलेगा, उसके कारण बाढ़ - सुखाड़ की मार पड़ेगी, खेती का उत्पादन घटेगा, खाद्य व पेयजल सुरक्षा पर संकट बढ़ेगा। इस कारण लोगों में बेचैनी बढ़ रही है। अब अरावली में सतत विकास के नाम पर खनन विनाश करेगा। यदि हम अरावली की पीडा को समझें तो इस संकट को मिटाने की कोशिश आरंभ हो सकती है। यह सब स्वयं ही दर्द मिटाने का काम करेगी और स्वस्थ जलवायु, खाद्य, जल-सुरक्षा प्रदान करेगी। हमारे गांवों को लाचारी, बेकारी, बीमारी से मुक्ति दिलाती रहेगी। यही अरावली क्षेत्र के प्रदूषण, पर्यावरण शोषण, अतिक्रमण मुक्त रखने के रास्ते पर आगे बढ़ाएगी। खनन खुलते ही जंगल पर अतिक्रमण, जल-संसाधनों के प्रदूषण और युवाओं का शोषण शुरू होगा। जंगल कटने से मिट्टी कटेगी और खेतों में गाद जमा होगी। मिट्टी के कटाव से खेतों की जमीन कम होगी। पशुओं के लिए चारा, महिलाओं के लिए पेयजल संकट बढ़ेगा। जब खदान चलती थी, तब लोग मालिक से मजदूर बन गए थे। गांव छोड़कर लोग उजड़ने लगे थे। जब खदानें बंद हुईं तो वे अपनी जमीन ठीक करके, उसमें खेती करने लगे थे। अब फिर खदानें चालू होंगी तो पहले जैसी ही बदहाली शुरू होगी। अरावली के लोगों और अरावली का दर्द एक ही है। अरावली पर्वत की प्राकृतिक पीड़ा और मानवीय संस्कृति पर संकट एक साथ ही आ गया है। इसे रोकने के लिए हम संकट को समझें और अरावली के लोग संगठित होकर, खनन से अरावली को बचाए। खनन मुक्त अरावली का पर्यावरण सुरक्षा के साथ-साथ सतत रूप में पूरे भारत और दुनिया के लिए शुभ होगा। (सप्रेस)

## अध्यात्म

### आत्मविश्वास ना खोएं ऊँचाइयाँ पाओगे

एक बार एक युवक को संघर्ष करते: करते कई वर्ष हो गए लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। वह काफी निराश हो गया, और नकारात्मक विचारो ने उसे घेर लिया। उसने इस कदर उम्मीद खो दी कि उसने आत्महत्या करने का मन बना लिया। वह जंगल में गया और वह आत्महत्या करने ही जा रहा था कि अचानक एक सन्त ने उसे देख लिया। सन्त ने उससे कहा: बच्चे क्या बात है , तुम इस घनघोर जंगल में क्या कर रहे हो? उस युवक ने जवाब दिया: मैं जीवन में संघर्ष करते –करते थक गया हूँ और मैं आत्महत्या करके अपने बेकार जीवन को नष्ट करने आया हूँ। सन्त ने पूछा तुम कितने दिनों से संघर्ष कर रहे हों? युवक ने कहा मुझे दो वर्ष के लगभग हो गए, मुझे ना तो कहीं नौकरी मिली है, और ना ही किसी परीक्षा में सफल हो सकां हूँ। सन्त ने कहा: तुम्हे नौकरी भी मिल जाएगी और तुम सफल भी हो जायोगे। निराश न हो , कुछ दिन और प्रयास करो। युवक ने कहा: मैं किसी भी काम के योग्य नहीं हूँ, अब मुझसे कुछ नहीं होगा। जब सन्त ने देखा कि युवक बिलकुल हिम्मत हार चुका है तो उन्होंने उसे एक कहानी सुनाई। एक बार एक बच्चे ने दो पौधे लगाये , एक बांस का, और एक फर्न (नागफनी , कैक्टस ,पत्तियों वाला) का, फर्न वाले पौधे में तो कुछ ही दिनों में पत्तियाँ निकल आई। और फर्न का पौधा एक साल में काफी बढ़ गया पर बाँस के पौधे में साल भर में कुछ नहीं हुआ। लेकिन बच्चा निराश नहीं हुआ। दूसरे वर्ष में भी बाँस के पौधे में कुछ नहीं हुआ। लेकिन फर्न का पौधा और बढ़ गया। बच्चे ने फिर भी निराशा नहीं दिखाई। तीसरे वर्ष और चौथे वर्ष भी बाँस का पौधा वैसा ही रहा, लेकिन फर्न का पौधा और बड़ा हो गया। बच्चा फिर भी निराश नहीं हुआ। फिर कुछ दिनों बाद बाँस के पौधे में अंकुर फूटे और देखते: देखते कुछ ही दिनों में बाँस का पेड़ काफी ऊँचा हो गया। बाँस के पेड़ को अपनी जड़ों को मजबूत करने में चार पाँच साल लग गए। सन्त ने युवक से कहा: कि यह आपका संघर्ष का समय, अपनी जड़ें मजबूत करने का समय है। आप इस समय को व्यर्थ नहीं समझे एवं निराश न हो। जैसे ही आपकी जड़ें मजबूत ,परिपक्व हो जाएँगी, आपकी सारी समस्याओं का निदान हो जायेगा। आप खूब फलेंगे, फूलेंगे, सफल होंगें और आकाश की ऊँचाइयों को छूएंगें। आप स्वंय की तुलना अन्य लोगों से न करें। आत्मविश्वास नहीं खोएं। समय आने पर आप बाँस के पेड़ की तरह बहुत ऊँचे हो जाओगे। सफलता की बुलंदियों पर पहुंचोगे। बात युवक के समझ में आ गई और वह पुन: संघर्ष के पथ पर चल दिया। दोस्तों, फर्न के पौधे की जड़ें बहुत कमज़ोर होती हैं जो जरा सी तेज़ हवा से ही जड़ से उखड जाता है। और बाँस के पेड़ की जड़ें इतनी मजबूत होती हैं कि बड़ा सा बड़ा तूफ़ान भी उसे नहीं हिला सकता। इसलिए दोस्तों संघर्ष से घबराये नहीं। मेहनत करते रहें और अपनी जड़ों को इतनी मजबूत बना लें कि बड़े से बड़ी मुसीबत, मुश्किल से मुश्किल हालात आपके इरादो को कमजोर ना कर सके और आपको आगे बढ़ने से रोक ना सके।

# तुष्टिकरण की नींव बनी वंदे मातरम् का विभाजन

**मुस्लिम तुष्टिकरण की बुनियाद पर भारत को जितनी हानि उठानी पड़ी है, दुनिया के अन्य किसी देश ने नहीं उठाई। इसकी शुरूआत अंग्रेजों ने बंगाल विभाजन से की,इसी कड़ी में वंदे मातरम् गीत के टुकड़े किए गए और फिर देश का भी बंटवारा जिन्ना की अलग मुस्लिम राष्ट्र बनाने की जिद के चलते हो गया। जबकि संपूर्ण वंदे मातरम् गीत भारत की शाश्वत संकल्पना है। राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में हुई चर्चा के दौरान गीत के विभाजन के लिए पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सीधे जिम्मेवार ठहराया। कहा, 'नेहरू ने जिन्ना की सांप्रदायिक चिंताएं दोहराकर वंदे मातरम के साथ विश्वासघात किया। गीत के टुकड़े कराए। इससे देश तुष्टिकरण की राजनीती की राह पर चल पड़ा,जो देश विभाजन पर जाकर थमा।' इसी तुष्टि के चलते 1875 में रचित इस गीत के केवल दो पद राष्ट्रीय गीत के रूप अपनाए गए।**

**प्रमोद भार्गव**

मोदी के इस कथन ने इतिहास के इस काले पन्ने पर जमा धूल को हटाने का काम नए सिरे से कर दिया है। जबकि आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम् की भावना ने पूरे राष्ट्र का जागरण किया था, लेकिन दुर्भाग्य से 1937 में इस गीत के महत्वपूर्ण पदों को उसकी आत्मा के एक हिस्से को अलग कर दिया गया था। जिस भाव से वंदे मातरम् के टुकड़े किए गए थे, कालांतर में उसी भाव ने विभाजन के बीज बो दिए थे। जबकि यह ठोस और निर्विवाद सच्चाई है कि देश को आजादी दिलाने में इस गीत की अहम् भूमिका रही है। बंकिमचंद्र चटर्जी के बांग्ला भाषा में लिखे गए उपन्यास 'आनंद मठ' में यह गीत दर्ज है। राष्ट्रगान के रूप में स्वीकारा गया यह गीत कोई मामूली गीत नहीं है। भारत को उसकी व्यापक राष्ट्रीयता की पहचान और स्वाभिमान इसी गीत से प्राप्त हुए। नागरिक सभ्यता की विरासत, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानव सेवा के मूल्यों के उत्स इसी गीत के समवेत स्वर की उपज हैं। अंग्रेजों के विरुद्ध भिन्न जातीय और धर्म-समुदायों को संगठित करने के अभियान में इसी गीत की भूमिका बुलंद थी। तय है, वंदे मातरम् क्रांति के स्वरों में नींव का पत्थर था। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की रक्त धमनियों में विद्रोह की उग्र भावना इसी गीत की देन है। 1942 में महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन को देशव्यापी धरातल इसी गीत के बूते मिला था। और वह यही आंदोलन था, जिसमें गांधी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था। यह नारा गांधी के अहिंसा के सिद्धांत पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करने वाला भी माना जाता है। सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिन्द फौज के फौजियों ने भी इसी गीत को गाते हुए मातृभूमि की बलिवेदी पर प्राण न्यौछावर किए थे। हालाँकि महात्मा गांधी 1905 में ही लिख चुके थे कि वंदे मातरम् इतना लोकप्रिय हो गया है कि वह राष्ट्रगान जैसा बन गया है।

14 अगस्त 1947 की मध्य-रात्रि में जब देश आजाद हो रहा था, तब इस मंत्र-गीत का गायन श्रीमती सुचेता कृपलानी ने किया और वहां उपस्थित लोग इस गीत के सम्मान में गीत खत्म न हो जाने तक खड़े रहे थे। 15 अगस्त 1947 को जब स्वतंत्रता का सूर्योदय हो रहा था, तब आकाशवाणी पर पंडित ओंकारनाथ ठाकुर ने इसे बड़े ही रोचक ढंग से गाया। आखिरकार 24 अगस्त 1948 को जन-गण-मन के साथ इस गीत को भी राष्ट्र गीत की प्रतिष्ठा मिली। लेखक और दार्शनिक युगदृष्टा होते हैं, इसलिए बंकिम बाबू ने इस गीत को लिखे जाने के वक्त ही अपनी दिव्य-दृष्टि से अनुभव कर लिया था कि यह गीत राष्ट्रीय आंदोलन का हिस्सा बनकर लोकप्रियता के शिखर चूमेगा, इसीलिए उन्होंने इसे बांग्ला भाषा में न लिखते हुए संस्कृत में लिखा। मूल और संपूर्ण गीत की केवल नौ पंक्तियां बंगाली में हैं। इस गीत का जो संपादित अंश राष्ट्रगीत के रूप में स्वीकार किया गया है, वह केवल दो पद और आठ पंक्तियों में है।



वंदे मातरम् को इस्लाम विरोधी जताया जाता रहा है। जब कांग्रेस ने इसे प्रार्थना गीत के रूप में स्वीकार किया था, तब भी इसकी खिलाफत शुरू हो गई थी। 15 अक्टूबर 1937 को लखनऊ में मोहम्मद अली जिन्ना वंदे मातरम् का विरोध किया। वस्तुतः नेहरू ने इस विरोध के पांच दिन बाद ही सुभाष बोस लिखे एक पत्र में कहा कि 'आनन्द मठ में उल्लेखित वंदे मातरम् की पृष्ठभूमि मुसलमानों को उकसा सकती है।' इसी के बाद कांग्रेस कार्यकारिणी ने आचार्य नरेन्द्र देव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। इसमें मौलाना आजाद, पंडित नेहरू और सुभाष चन्द्र बोस जैसे प्रखर संस्कृति मर्मज्ञ सदस्य थे। समिति को जिम्मेदारी सौंपी गई थी कि वे रवीन्द्रनाथ ठाकुर से विचार-विमर्श कर वंदे मातरम् के संबंध में दो टूक सलाह दें। समिति द्वारा रवीन्द्रनाथ से परामर्श के बाद जो प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, उसके उपरांत कांग्रेस कार्यकारिणी ने फैसला लिया कि हरेक राष्ट्रीय सार्वजनिक सभा में वंदे मातरम् के केवल दो पद गाये जाएं। यानी कांग्रेस मुस्लिम लीग के समक्ष झुकी और मुस्लिम तुष्टिकरण की राह पकड़ ली। तुष्टि का यही रास्ता देश को विभाजन के द्वार तक ले गया।

बावजूद देश-विभाजन के लिए जिम्मेदार मुस्लिम लीग के नेता वंदे मातरम् को बुतपरस्ती, अर्थात मूर्ति पूजा मानते हुए इसका विरोध लगातार करते रहे। इस बहाने लीगियों ने अल्पसंख्यकों को खूब उकसाया। नतीजतन 1938 तक कांग्रेस के जो प्रमुख मुस्लिम नेता इस गीत की राष्ट्रीय गरिमा का ख्याल रखते चले आ रहे थे, वे भी दबी जुबान से इसका विरोध करने लगे। इसकी प्रतिक्रिया स्वरूप बहुसंख्यक हिंदू और सिख हठपूर्वक इस गीत की महिमा के बखान में लगे रहे। बाद में साझा सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के नजरिये से उर्दू के उदारवादी कवियों व राजनीतिकों ने वंदे मातरम् का अनुवाद 'ऐ मादर, तुझे सलाम करता हूं' किया, अर्थात् हे माता, तुझे प्रणाम करता हूं करके किया,लेकिन कट्टरपंथियों के भाव उतरा नहीं। जबकि मुल्क को गुलामी से आजाद कराने की इस इबादत में गलत कुछ भी नहीं था। अरबी-फारसी के अनेक कवियों ने भी देश को 'मां' कहकर संबोधित किया है। लिहाजा राष्ट्र के प्रति अपनी भावनाओं व उद्गारों को प्रचलित रूपकों अथवा प्रतीकों में प्रकट करना मूर्ति पूजा या बुतपरस्ती कतई नहीं थी। वंदे मातरम् एक मौलिक रचना है, इसकी व्याख्या धर्म नहीं, केवल साहित्य के संदर्भ में होनी चाहिए थी। इसे यदि कोई सांसद या विधायक इस्लाम विरोधी जताता है, तो उसका मकसद धर्म के बहाने राजनीतिक रोटियां सेंकना भर था, जो अलगाववादी राजनीति की संकीर्ण मानसिकता का प्रतीक है। जिन्ना और अन्य लीगी इसी विभाजनकारी मानसिकता से काम करते रहे और देश दो टुकड़ों में बंट गया। स्वतंत्र भारत में निर्वाचित कुछ मुस्लिम सांसद और विधायक संविधान की शपथ लेने के बाद भी सदन में इस गीत का अनादर करते रहते हैं। ऐसे ही चंद सिरफिरे मुस्लिमों ने आजाद हिंद फौज के नारे, 'जय हिंद' का भी विरोध किया था । दैनिक अखबार 'डान' ने वंदे मातरम् की आलोचना की थी, तब गांधी को कहना पड़ा था, 'वंदे मातरम् कोई धार्मिक नारा नहीं है, यह विशुद्ध राजनीतिक नारा है।' यही नारा था, जिसने सोये हुए भारत को जगाने का काम करके, आजादी हासिल कराई थी।अतएव संसद में इस गीत के इतिहास में झांकने की बहस को एक सबक के रूप में लेना चाहिए,जिससे भविष्य में देश की संप्रभुता एवं अखंडता से खिलवाड़ की गुंजाइश ही नहीं रह जाए?

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
दाम्पत्य सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। अपनी जीवनशैली में सुधार कर सकते हैं। माता की सलाह आपके लिये अत्यन्त सहायक सिद्ध होगी।

**वृषभ**
आपका पूरा ध्यान करियर में रहेगा। आपके कार्य की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में नये सहयोगी जुड़ने के योग बन रहे हैं। बॉस कुछ उपहार दे सकते हैं।

**मिथुन**
व्यापार में विस्तार के लिये लोन ले सकते हैं। जिसमें आपको सफलता भी मिलेगी। आपके मुख–मण्डल पर प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

**कर्क**
जीवनसाथी के प्रति निष्ठा और प्रेम भाव में वृद्धि होगी। कारोबारी यात्रा सफल रहेगी। गूढ़ विद्याओं की ओर आपका रूझान बढ़ेगा। लोग आपसे प्रेरणा लेंगे।

**सिंह**
नया कार्य आरम्भ करने के लिये दिन शुभ नहीं है। अपने व्यवहार में शालीनता बनाये रखें। धन सम्बन्धी चिन्ता आपको परेशान कर सकती है।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है। मित्रों से आपको काफी सहायता मिलेगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**तुला**
घर में खुशियों का माहौल रहेगा। कमीशन सम्बन्धी कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। परिवार और काम के बीच सन्तुलन बनाने में सफल रहेंगे।

**वृश्चिक**
सम्पत्ति विवादों का निपटारा होगा। गृहस्थ जीवन में शान्ति का वातावरण रहेगा। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ा मंच मिल सकता है।

**धनु**
आपके सम्बन्ध प्रभावित हो सकते हैं। रिश्तों को लेकर आप थोड़े भावुक रहेंगे। यात्रा आपको बुरी तरह थका सकती है। ऑनलाइन कारोबारियों को पेमेन्ट आदि को लेकर थोड़ा सावधान रहना चाहिये।

**मकर**
प्रेमी जन अपने परिवार से विवाह को लेकर सहमति लेना चाहते हैं तो आज दिन शुभ है। आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। आय के नये स्रोत बन सकते हैं। बहुमूल्य उपहार मिल सकते हैं।

**कुंभ**
निजी रिश्तों को लेकर समस्याओं का समाधान होगा। नया कारोबार शुरू करने में सफलता मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोग कठिन निर्णय ले सकते हैं।

**मीन**
महत्वपूर्ण लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर लेंगे। उच्च अधिकारी आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहने वाले हैं। प्रेमी जन से झूठ न बोलें। आपकी दिनचर्या काफी अनुकूल रहने वाली है।

## संक्षिप्त समाचार

### ओपन स्कूल बोर्ड एग्जाम परीक्षा में धरराए 30 मुन्ना भाई

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार बोर्ड ऑफ ओपन स्कूलिंग एंड एग्जामिनेशन (बीबोस) परीक्षा में दूसरे के जगह परीक्षा देते हुए बलदेव इंटर स्कूल परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में 30 मुन्ना भाई गिरफ्तार किया गया है. जिसमें तीन छात्राएं है. सभी बक्सर जिले के रहने वाले है. जबकि द्वितीय पाली में एक सौ से अधिक दूसरे के जगह परीक्षा देने से पहले ही फरार हो गये है. स्कूल के प्रभारी प्राचार्या सह केंद्राधीक्षक सुनीता कुमारी ने बताया कि ओपन स्कूल बोर्ड (बीबोस) परीक्षा के प्रथम पाली में विभिन्न कमरे से दूसरे के जगह परीक्षा देते हुए 30 मुन्ना भाई को गिरफ्तार किया गया है. जिसमें तीन छात्राएं है. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार परीक्षार्थियों ने स्वीकार किया है कि मोटी रकम लेकर उसके जगह पर एडमिट कार्ड पर अपना फोटो चिपका कर परीक्षा देने आये थे. परीक्षा के दौरान केंद्राधीक्षक ने जब बायोमीट्रिक मशीन में अंगूठा लगवाया तो इनके निशान नहीं मिले. केंद्राधीक्षकों ने सख्ती से पूछताछ की तो सभी ने फजीवाड़े की बात कबूली. फर्जी परीक्षार्थियों ने बताया कि रुपये लेकर दूसरे की जगह पर परीक्षा देने आए थे. इसके बाद इन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया. केंद्राधीक्षक सुनीता कुमारी ने स्थानीय थाना में लिखित शिकायत भेजा जा रहा है. थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि बलदेव स्कूल परीक्षा केंद्र से बीबोस परीक्षा में दूसरे के जगह परीक्षा देते हुए 30 मुन्ना भाई को गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने बताया कि अभी तक केंद्राधीक्षक द्वारा लिखित शिकायत नही दिया गया है.लिखित शिकायत मिलने पर आगे की कारवाई किया जायेगा.

### दानापुर में पंचायत समिति की साधारण बैठक संपन्न

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रमुख वंदना राय की अध्यक्षता में पंचायत समिति की साधारण बैठक की गई. बैठक में प्रखंड स्तरीय के पदाधिकारियों के साथ-साथ पंचायतों के मुखिया व पंसस शामिल थे.बैठक की शुरूआत पिछली बैठक की कार्यवाही संपुष्टि के साथ हुई. बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बाल विकास , जन वितरण प्रणाली व वित्त आयोग द्वारा संचालित योजनाओं का समीक्षा किया की गई. बैठक में पीएससी खगौल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कभी बैठक नही आने पर मुखिया प पंसस ने कडी नाराजगी जाहिर किया . इस पर बीडीओ आलोक कुमार ने बैठक में नही आने पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछा है. बैठक में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि स्कूलों में शिक्षक अनुपस्थित रहने से पठन-पाठन बाधित हो रहा है. पंसस सदस्यों योजनाओं बनाने के लिए बजट में प्रस्ताव भेजा गया है. साथ ही खाद समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा किया गया.जाति, आय व आवासीय प्रमाण पत्र में जमीन के रसीद मांगने पर भी जनप्रतिनिधियों ने मुद्दे उठाया. प्रभारी ने बताया कि प्रधान सचिव के आदेश पर मांगा किया जा रहा है. बीडीओ आलोक कुमार ने विभिन्न मुद्दों पर बैठक शांति पूर्ण से संपन्न हुई है.बैठक में मुखिया रविंद्र कुमार , मुखिया सुभाष प्रसाद यादव , मुखिया विनोद कुमार , मुखिया राजेंद्र बेलदार, पंसस संतोष कुमार , मुखिया प्रतिनिधि मनिंद्र कुमार यादव समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

### आरपीएस गर्ल्स पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित






**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दानापुर स्थित आरपीएस गर्ल्स पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ पूनम रानी विद्यालय अध्यक्ष कुमार श्रेयस तथा प्रधानाध्यापिका श्रीमती मधु ठाकुर ने दीप प्रज्वलन कर किया। छात्राओं ने गीत, नृत्य, नाटिका समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी तथा नाटकों द्वारा सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अंत में, प्रधानाध्यापिका श्रीमती मधु ठाकुर ने सभी शिक्षकों, छात्रों, अभिभावकों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य छात्राओं की प्रतिभा को निखारना और उन्हें एक मंच प्रदान करना था।

### बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में वेटरनरी ऑफिसरों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'वेटरनरी इंटरवेंशन इन गोट प्रोडक्टिविटी एंड हेल्थ एनहांसमेंट' का शुक्रवार को समापन हुआ। यह प्रशिक्षण प्रसार शिक्षा निदेशालय के बैनर तले आयोजित किया गया था तथा डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा वित्तपोषित था। इसमें राज्य के 24 जिलों से आए 29 वेटरनरी ऑफिसर्स ने भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने कहा कि पशुधन राज्य की अनमोल संपत्ति है, इसलिए उनके स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। मंत्री ने बकरी को 'गरीबों का एटीएम' एवम पशु चिकित्सकों को पशु पालकों का पॉवर बैंक बताया और कहा कि जरूरत पड़ने पर गरीब परिवार इसे सहारा के रूप में उपयोग करते हैं, इसलिए बकरी पालन की वैज्ञानिक पद्धतियों का प्रसार अत्यंत महत्वपूर्ण है।




कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि किसानों और पशुपालकों की आय सीधे उत्पादकता से जुड़ी होती है, इसलिए नई तकनीकों के उपयोग से पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पशुओं को स्वस्थ रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, तभी उन्नत पशुपालन संभव है। इस अवसर पर बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. जे.के. प्रसाद, निदेशक अनुसंधान डॉ. एन.के. सिंह, निदेशक आवासीय निर्देश डॉ. पंकज कुमार सिंह, कोऑर्डिनेटर डॉ. योगेन्द्र सिंह जादौन, डॉ. आर.के. निराला, डॉ. सरोज, डॉ. पुष्पेंद्र, डॉ. अनुराधा और डॉ. मृत्युंजय सहित कई वरीय वैज्ञानिक एवं अधिकारी उपस्थित थे। समापन सत्र में निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. निर्मल सिंह दहिया ने अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर माननीय मंत्री श्री सुरेंद्र मेहता ने विश्वविद्यालय के नव निर्मित भवनों का जायजा भी लिया।

# बालू खनन करते सात नाविक गिरफ्तार, तीन नावों से 600 सीएफटी बालू जब्त






**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार की शाम जिलाधिकारी पटना के निर्देश पर ब्यापुर गंगा घाट के पास दानापुर एसडीओ दिव्या शक्ति, दानापुर डीएसपी 2 अमरेंद्र कुमार झा, जिला खनन पदाधिकारी और मनेर पुलिस की टीम ने विशेष रूप से कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस व पदाधिकारियो ने गंगा नदी से अवैध तरीके से गंगा बालू का खनन करते हुए तीन नावों को अवैध बालू के साथ बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने अवैध बालू खनन करते हुए रंगे हाथ सात नाविकों को गिरफ्तार कर थाने ले आई है। इस मामले में जिला खनन विभाग की टीम ने जांच पड़ताल करते हुए मनेर थाने में अवैध खनन निवारण, परिवहन एवं भंडारण के तहत मामला दर्ज करते हुए 34 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। बताया जाता है कि मनेर में अवैध बालू खनन की सूचना मिलने के बाद पटना जिलाधिकारी के निर्देश पर दानापुर एसडीओ दिव्य शक्ति, डीएसपी टू दानापुर अमरेंद्र कुमार झा, जिला खनन पदाधिकारी कार्तिक कुमार और मनेर पुलिस ने संयुक्त रूप से ब्यापुर गंगा नदी घाट पर छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान ब्यापुर स्थित गंगा नदी से मशीन के माध्यम से अवैध तरीके रूप से बालू का खनन नाव पर करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा अवैध बालू लोड तीन नावों को नदी से जब्त की गई है। इस मामले में मनेर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने 7 नाविकों को अवैध बालू खनन मामले में गिरफ्तार करते हुए थाने ले आई है। गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस थाने लाकर पूछताछ करते हुए आगे कार्रवाई में जुटी हुई है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि खनन पदाधिकारी ने थाने में 6000 सीएफटी अवैध तरीके से खनन किए गए बालू और तीन नाव को बरामद किया है। इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार कर आगे कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि खनन पदाधिकारी ने मनेर थाना में मामला दर्ज कराते हुए बताया कि अवैध खनन निवारण, परिवहन एवं भंडारण के तहत मामला दर्ज करते हुए 34 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि बालू को लोड कर मनेर से सारण छपरा ले जाकर बेचने का काम किया जा रहा था।

# दानापुर में नप प्रशासन ने अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर, वसूला जुर्माना







**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्यारहवें दिन शुक्रवार को नप प्रशासन ने नगर में अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया. जबकि छठवें दिन छावनी परिषद प्रशासन ने बलदेव स्कूल से थाना मोड तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया. जबकि नप प्रशासन ने आरपीएस मोड से रामजयपाल मोड तक अभियान चलाया गया है. अभियान से नगर में अतिक्रमणकारियों के बीच हडकंप मचा रहा .अतिक्रमण अभियान के बाद संर्कीण सडकों चौडी नजर आने लगी. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद छावनी परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग बलदेव स्कूल से थाना मोड व नप प्रशासन ने आरपीएस मोड से रामजयपाल मोड तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. . घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से झोपडियों , गुमटी व पक्का ओटा को ध्वस्त किया गया है प्रशासन ने कई जगहों पर अवैध रूप से लगाये गये ठेले, टेबल, दुकानों के आगे फैले सामान व पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई की गई. छावनी परिषद प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों से 36 हजार रुपए और नगर परिषद प्रशासन ने 11 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया है. दंडाधिकारी सह सीओ चंदन कुमार व नप के प्रबंधक अमरेंद्र कुमार के नेतृत्व में छावनी क्षेत्र में अभियान चलाया गया. जबकि नप क्षेत्र में ईओ पंकज कुमार व ईओ (व्यवस्था ) रवि कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया है. अभियान में परिषद के प्रधान लिपिक मो फिरोज, कन्हैया लाल, सुदामा कुमार , नप के अंकुर कुमार समेत पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ सडक के किनारे से अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया. सीओ बताया कि सडक किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर सडक पर अस्थायी रूप से झोपडी , गुमटी अतिक्रमण के कारण आए दिनों जाम लगने से आम लोगों समेत स्कूली बच्चों को परेशानी झेलनी पडती है. जिसको देखते हुए छावनी प्रशासन ने अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे छावनी परिषद व नप क्षेत्र को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा. यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना वसूला जायेगा. साथ ही कानूनी कारवाई की जायेगी.

# ओक वैली इंटरनेशनल प्री स्कूल का भव्य वार्षिकोत्सव सम्पन्न




**पटना/फुलवारीशरीफ/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ओक वैली इंटरनेशनल प्री स्कूल एंड डे केयर का एनुअल फंक्शन 2025 आज विद्यापति भवन के सभागार में रंगारंग कार्यक्रम के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ. नन्हे-मुन्ने बच्चों ने वार्षिक उत्सव की थीम 'विविधता में एकता-भारत की पहचान' को सार्थक करते हुए शानदार नृत्य-गीत-संगीत की प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. डायरेक्टर खुशबू सिंह ने कहा-हम 'पहले अध्ययन, फिर पढ़ाई' के सिद्धांत पर काम करते हैं. कनाडा में शिक्षा प्रणाली को देखने के बाद उन्होंने अपने बिहार में ऐसा प्री स्कूल शुरू करने का निश्चय किया था, जहाँ बच्चों को किताबों से पहले अध्ययन, व्यवहार और सामाजिक समझ सिखाई जाए. ओक वैली इंटरनेशनल प्री स्कूल में हम बच्चों को पहले सीखाते हैं कि कैसे बात करनी है, कैसे मिलना है, कैसा व्यवहार करना है. इसके बाद उनकी पढ़ाई प्रारंभ होती है. मुख्य अतिथि के रुप में रूबन मेमोरियल हॉस्पिटल के फाउंडर डायरेक्टर डॉ. सत्यजीत ने कहा कि ओक वैली इंटरनेशनल प्री स्कूल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह विद्यालय बच्चों को संयुक्त परिवार की भावना से जोड़कर आगे बढ़ाता है उन्हें शिक्षित करता है. उन्होंने कहा कि डायरेक्टर खुशबू सिंह ने ऐसा विद्यालय स्थापित कर बिहार और पटना के अभिभावकों को एक अनोखा विकल्प दिया है, जहाँ शिक्षा के साथ संस्कार और व्यवहार को भी उतनी ही अहम महत्व दिया जाता है. कई अभिभावकों ने मंच पर आकर विद्यालय के पढ़ाई और बच्चों की परिवार की तरह केयर करने जैसे कार्यों की तारीफ की.

# टीसीएच एडुसर्व ने अपना छठा स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकारी नौकरियों की तैयारी कराने वाली राजधानी की अग्रणी संस्था टीसीएच एडुसर्व ने अपना छठा स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक सौरव झा ने सभी कर्मियों के साथ केक काटकर खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि वर्ष दर वर्ष संस्था की जिम्मेदारियाँ बढ़ती जा रही हैं। हम विद्यार्थियों के हित में कई सराहनीय कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे, उन्होंने प्रेरणादायक शब्दों में कहा। संस्थान में BPSC शिक्षक भर्ती, CTET, STET, SSC, रेलवे, बैंकिंग सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। पिछले कुछ वर्षों में संस्था ने हजारों अभ्यर्थियों के सपनों को साकार कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। स्थापना दिवस के अवसर पर संस्था की ओर से स्कॉलरशिप योजना की भी घोषणा की गई, ताकि समाज के सभी वर्गों के विद्यार्थी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त कर सकें।

## बाइक सवार बदमाशों ने वृद्ध से गले की सोने की चेन छीनी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपसपुर थाना क्षेत्र के रूपसपुर ओवरब्रिज के नीचे गुरूवार को देर शाम में बाइक सवार दो बदमाशों ने बाइक सवार संजय कुमार के गले से सोने के चेन छीनने का मामला सामने आया है. इस संबंध में रूपसपुर निवासी सजय कुमार ने स्थानीय थाना में अज्ञात बाइक सवार दो बदमाशों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया गया है. दर्ज प्राथमिकी में संजय ने बताया कि गुरूवार को शाम में अपनी बाइक से घर जा रहे थे कि इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने गले से सोने के चेन छीन कर तेज गति से फरार हो गया है. थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन किया जा रहा है और आसपास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाला जा रहा है, ताकि बाइक सवार बदमाशों का पहचाल किया जा सकेंगे.

# समेकित कृषि प्रणाली मे घटकों का सभी स्तरों पर एकीकरण- सफलता का मूल आधार : डॉ. अनुप दास

**पटना//नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'समेकित कृषि प्रणालीः समय की मांग' का समापन आज दिनांक 12 दिसंबर, 2025 को हुआ जो कि बिहार कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान, पटना द्वारा प्रायोजित था। यह प्रशिक्षण 9 दिसंबर से प्रारंभ हुआ था, जिसमें राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए 15 कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधकों और 5 प्रगतिशील किसानों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने कहा कि समेकित कृषि प्रणाली में विभिन्न घटकों का सभी स्तरों पर समुचित एकीकरण ही इसकी सफलता का मूल आधार है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे छोटे स्तर से शुरूआत करें तथा अपनी आवश्यकता और उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप समय-समय पर नए घटकों को शामिल करते जाएँ। पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. संजीव कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान आयोजित विभिन्न तकनीकी सत्रों तथा प्रक्षेत्र भ्रमण की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने प्रतिभागियों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रतिभागी प्रशिक्षण की सामग्री, व्यावहारिक




सत्रों और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से अत्यंत संतुष्ट थे। इसके पश्चात प्रतिभागियों ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए कार्यक्रम को अत्यंत लाभकारी और ज्ञानवर्धक बताया तथा प्रशिक्षण में बताए गए तकनीकों को अपने क्षेत्र में अपनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में प्रभागाध्यक्ष झ डॉ. आशुतोष उपाध्याय, डॉ. कमल शर्मा और डॉ. उज्ज्वल कुमार ने समेकित कृषि प्रणाली के विभिन्न पहलुओं और उसकी संभावनाओं पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा श्रेष्ठ प्रशिक्षु को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधान वैज्ञानिक डॉ. शिवानी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉ. रचना दूबे ने किया।

# फिल्मकार शैलेन्द्र झा ने पटना पुस्तक मेले में साझा किए रोनक अनुभव




**पटना/फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चर्चित लेखक और फिल्ममेकर शैलेन्द्र झा 10 और 11 दिसंबर को गांधी मैदान, पटना में आयोजित पुस्तक मेले में पहुँचे. मेले में अपने आगमन के दौरान उन्होंने पुस्तक प्रेमियों की उत्साही भागीदारी की सराहना की और अपनी किताबों के बारे में रोमांचक अनुभव साझा किए. इस अवसर पर शैलेन्द्र झा ने अपने नवीनतम उपन्यास प्रेस 9 फॉर अ क्राइम का पाठकों को परिचय दिया.उपन्यास में दिल्ली के एक परिवार की कहानी है, जिसमें बेटा कंबोडिया में साइबर स्कैम ऑपरेशन में फँस जाता है. यह पुस्तक अपराध, पारिवारिक संबंध और साइबर अपराध की चुनौतियों को रोमांचक अंदाज में प्रस्तुत करती है. पुस्तक मेले में शैलेन्द्र झा ने पाठकों के साथ संवाद कर अपने एसजीडी पाटलिपुत्र हाई स्कूल, कदम कुआँ और पटना साइंस कॉलेज में शिक्षा प्राप्त की.साथ ही मधुबनी जिले के झंझारपुर के पास अपने पैतृक गाँव में बिताए अनुभवों ने उनके लेखन और फिल्म निर्माण की दिशा तय की. लेखन सफर और प्रेरणाएँ साझा कीं. पाठकों ने उनके अनुभवों को उत्साहपूर्वक सुना, कई पाठकों और पत्रकारों ने अपनी पसंदीदा पुस्तकों पर हस्ताक्षर कराए और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाई.इस अवसर ने पुस्तक मेले में साहित्य और सिनेमा के संगम के साथ-साथ पुस्तक प्रेमियों की जोशपूर्ण भागीदारी को और भी जीवंत बना दिया. पटना में जन्मे और पले-बढ़े शैलेन्द्र झा ने अपने जीवन के शुरूआती दो दशक इसी शहर में बिताए.उन्होंने

# वर्चस्व को लेकर फायरिंग, बाइक सवार तीन युवक ने फायरिंग कर दहशत फैलाई

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर थाना क्षेत्र के बस्ती मार्ग स्थित बड़ी चौराहा (मनेर अस्पताल) मोड़ के समीप गुरुवार की देर रात बाइक सवार तीन बदमाशो ने अचानक दनादन फायरिंग कर दहशत का माहौल उत्पन्न कर दिया। फायरिंग की आवाज सुनकर जब तक घर के लोग बाहर निकलते तब तक फायरिंग करने वाले फरार हो गए। जिसे लेकर बस्ती के लोगो के बीच दहशत का माहौल कायम हो गया है। बस्ती रोड के व्यवसायियों ने फायरिंग की घटना को लेकर कड़ी निदा की है। बताया जाता है कि मनेर थाना क्षेत्र के बस्ती मार्ग के बड़ी चौराहा, हनुमान मन्दिर स्थित पीएचसी मोड़ के समीप गुरुवार की देर रात एक बगैर नम्बर प्लेट की एक बाइक पर सवार होकर तीन की संख्या में रहे बदमाश पहुंचे। जिसमे बाइक का चालक के सिर पर हेलमेट पहना हुआ था। बदमाशों ने व्यवसायियों का प्रमुख बाजार बस्ती मार्ग पीएचसी मोड़ के पास दनादन फायरिंग करने लगे। जबकि उसके बाइक सवार बदमाशों में से एक फायरिंग के बाद गिरे खोखे बटोरता तो दूसरा मोबाईल से इस घटनाक्रम का वीडियो बना रहा था। इसी बीच बस्ती मार्ग के दो लोग अपनी स्कूटी से अस्पताल के समीप स्थित दवा दुकान पर दवा लेने जा रहे थे। तभी गोलीबारी करने वाले युवक ने स्कूटी सवार युवक के कनपटी पर पिस्तौल सटा कर धमकाया कि भागता है कि नही गोली मार देगे। स्कूटी सवार लोग पीएचसी में भाग कर दूसरे जगह काफी देर तक छुपा रहा। जब लोग जुटे तब वो स्कूटी सवार बाहर आया। वही सीसीटीवी फुटेज एवं मोबाइल बदमाशो की ट्रेस करें तो अपराधी पकड़ में आ जाएंगे।

# महावीर कैंसर संस्थान के 27वें स्थापना दिवस पर आचार्य किशोर कुणाल को नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महावीर कैंसर संस्थान के 27वें स्थापना दिवस पर संस्थान के संस्थापक और महावीर स्थान न्यास समिति के पूर्व सचिव आचार्य किशोर कुणाल की प्रतिमा पर नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई. कार्यक्रम के दौरान उनके मार्गदर्शन, त्याग, सेवा और गरीब मरीजों के प्रति उनके अटूट समर्पण को स्मरण करते हुए पूरा परिसर भावुक हो उठा. महावीर स्थान न्यास समिति के सचिव सायन कुणाल ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष तक पिताजी स्थापना दिवस के मौके पर हमारे बीच थे, लेकिन इस वर्ष उनकी कमी हर कदम पर महसूस हो रही है. उन्होंने हमेशा गरीब और जरूरतमंदों को सर्वोपरि रखा. उनके अधूरे कार्यों को पूरा करना हमारा दायित्व है और हम उनके आदर्शों के अनुरूप संस्थान की सेवाओं को आगे बढ़ाते रहेंगे. बिहार सरकार के मंत्री अशोक कुमार चौधरी ने भी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आचार्य किशोर कुणाल सभी गुणों से परिपूर्ण थे और गरीब, असहाय एवं बीमार लोगों के प्रति सदैव संवेदनशील रहते थे. उनके योगदान को शब्दों में समेट पाना कठिन है. स्वागत भाषण में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एल. बी. सिंह ने कहा कि

## सभी ने उनके अधूरे कार्य पूरे करने का लिया संकल्प

आचार्य जी भले अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन गरीब मरीजों की सेवा उनके बताए मार्ग पर चलकर हम सभी का मूल कर्तव्य है. उन्होंने बताया कि महावीर कार्किनॉस एन एस जी लैब बिहार की पहली आधुनिक मॉलेक्यूलर लैब है, जहां मार्केट रेट से काफी कम शुल्क पर जांच की सुविधा उपलब्ध है. इसके साथ ही कैनकिड्स के साथ हुए समझौते से बच्चों के कैंसर उपचार में और भी मजबूती आएगी. चिकित्सा निदेशक डॉ. मनीषा सिंह ने भावुक होकर कहा कि संस्थान का लक्ष्य है कि यहां आने वाला हर मरीज निश्चिंत होकर कहे कि उसे किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं है. गरीब मरीजों को सर्वोत्तम उपचार देना ही हमारा मूल सिद्धांत है. निदेशक (प्रशा) डॉ. बी. सन्याल ने भी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि संस्थान को आचार्य जी के बताए मार्ग पर संचालित करना एक बड़ी जिम्मेदारी है. सम्पूर्ण महावीर कैंसर संस्थान परिवार, चिकित्सकों से लेकर कर्मचारियों तक, सबने एक स्वर में अपने संरक्षक को नम आँखों से श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम के पश्चात सायन कुणाल ने स्वयं संस्थान में भर्ती बच्चों के बीच मिठाइयाँ बाँटकर आचार्य जी के सेवा-संकल्प को आगे बढ़ाया.

# उपस्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाड़ी भवन पर ग्रामीणों का कब्जा, मुख्यमंत्री की घोषणा के आठ साल बाद भी सुविधाओं का अभाव

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2017 में सकरैचा दलित बस्ती में झंडातोलन के दौरान उपस्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र और पंचायत सरकार भवन की स्थापना की घोषणा की थी. विभागीय अधिकारियों ने भूमि चिन्हित कर सभी भवनों का निर्माण कराया. पंचायत सरकार भवन तो पूरी तरह तैयार होकर संचालित भी हो रहा है, लेकिन उपस्वास्थ्य केंद्र और



आंगनबाड़ी भवन की स्थिति आज भी बदहाल है. ग्रामीणों के अनुसार, आंगनबाड़ी भवन पर कुछ स्थानीय लोगों ने पूरी तरह कब्जा जमा रखा है. कोई वहां अपने जानवर बांधता है, तो कोई अनाज रखता है. उपस्वास्थ्य केंद्र की स्थिति भी अलग नहीं है. वहां आज तक न किसी दंत चिकित्सक की तैनाती हुई और न ही सामान्य चिकित्सा कर्मियों की उपस्थिति दर्ज की गई. दोनों भवन अपने मूल उद्देश्य से कोसों दूर हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने और गरीब बच्चों को आंगनबाड़ी में शिक्षा व पोषण देने के उद्देश्य से यह निर्माण कराया था, लेकिन आठ साल बाद भी इन सुविधाओं का लाभ किसी को नहीं मिल रहा है. ग्रामीणों की मांग है कि उपस्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर, दवाइयां और आवश्यक चिकित्सा सेवाएं तुरंत उपलब्ध कराई जाएं तथा आंगनबाड़ी भवन को अवैध कब्जे से जल्द से जल्द मुक्त कराया जाए, ताकि सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ लोगों तक पहुंच सके.

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### जनता के दरबार में कुल 21 आवेदनकर्ताओ की हुई सुनवाई

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 21 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता (लोक शिकायत)एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी गण के द्वारा सुनवाई की गई । प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एडीएम पीजी आर ओ शैलेंद्र कुमार भारती ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा ' भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। जिला जनता दरबार में अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) के साथ-साथ वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार ने प्राप्त आवेदनों का निष्पादन किया गया।



### दो जिंदा कारतूस व शराब जब्त,एक धराया

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुरुषोत्तमपुर थाना के परसा गांव में शराब की छापेमारी करने गयी पुलिस ने दो जिंदा कारतूस व शराब की बोतल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि परसा के जुल्फकार शेख अपने घर में छुपा कर शराब का धंधा करता है। सुचना पर कारवाई की दौरान दो जिंदा कारतूस और दो बोतल शराब के साथ जुल्फकार शेख को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि कांड दर्ज कर उक्त व्यक्ति को जेल भेज दिया गया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बेतिया/मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा थाना क्षेत्र के सिंहासिनी गांव का एक युवक ने बेतिया के कमलनाथ नगर मोहल्ले में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा। मृत युवक इनरवा थाना के सिहासनी वार्ड 2 का रामानंद प्रसाद का पुत्र राहुल कुमार (24) के रूप में पहचान की गई है। इधर बेतिया पुलिस नै शव को पोस्टमार्टम में भेज आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। उक्त युवक नगर के कमलनाथनगर में किराए के मकान में रहकर पढाई करता था।

### चार वारंटी गिरफ्तार, जेल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारपुर पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।गिरफ्तार वारंटियों में मनवा परसी गाव निवासी घुइल साह, प्रवेश हजरा, महेश महतो और रामचरण महतो शामिल है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार सभी के ऊपर न्यायलय से वारंट जारी था।जिसके आलोक में गुरुवार की देर शाम छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी वारंटियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### पारिवारिक कलह से परेशान बृद्ध ने किया विषपान

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पारिवारिक कलह से परेशान एक बृद्ध ने विषपान कर लिया है। मामला नगर परिषद के वार्ड संख्या 19 हरदिया का है। विषपान के बाद बृद्ध की हालत बिगड़ते देख परिजनों ने उसे आनन फानन में अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सको ने उसका प्राथमिक उपचार किया, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए बेतिया जीएमसीएच रेफर किया गया। पीड़ित बृद्ध व्यक्ति की पहचान 65 वर्षीय मुन्नी लाल साहनी के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर कहां सुनी हुई थी। जिसके बाद वह कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मणिकांत ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद स्तिथि को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया गया है।

### बैठक में अनुपस्थित रहने वाले स्वच्छता कर्मियो से जवाब तलब

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभागार में स्वच्छता कर्मियो व पर्यवेक्षक के बैठक में बिना की सूचना के अनुपस्थिति रहने वाले कर्मियो से बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने जवाब तलब किया है। बीडीओ श्री सिंह ने बताया कि स्वच्छता कार्य मे रुचि नही लेने वालों कर्मियो को चयन मुक्त किया जाएगा। इसमे किसी प्रकार की कोताही नही चलेगी। वही बैठक में अनुपस्थित रहने वाले केहुनियाँ रोवारी व मनवा परसी पंचायत के दो- दो,बिनवलिया, कुंडिलपुर में एक-एक और पुरैनिया हरसरी में पांच तथा कुकुरा पंचायत में ई रिक्शा चालक समेत पांच स्वच्छता कर्मियो से स्पष्टीकरण पूछने के लिए बीसी रामविनय प्रसाद को निर्देश दिया है।

### परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस) चतुर्थ सेमेस्टर, सत्र -2023-27 की परीक्षा 11/12/2025 से प्रारंभ है। मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को पंडित उगम पांडेय कॉलेज, मोतिहारी और एस.एन.एस. कॉलेज, मोतिहारी के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है` दिनाँक 12/12/2025 को परीक्षा के दूसरे दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में मेजर ग्रुप - ए विषयों की परीक्षा हुई । प्रथम पाली में उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 770 रही । वहीं दूसरी पाली में मेजर ग्रुप-बी विषयों की परीक्षा हुई । दूसरी पाली में उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 776 रही । परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुई। यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. मशहूर अहमद के हवाले से मुंशी सिंह महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी है ।

### विषाक्त अंडा के सेवन से बिगड़ी स्कूली बच्चों की सेहत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को मझौलिया के राजकीय प्राथमिक विद्यालय दुबौलिया में मध्यान भोजन खाने के बाद आठ बच्चों और रसोइया की तबीयत बिगड़ गई, जिससे विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मामले की सूचना मिलते ही सीएचसी से एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उनका उपचार किया गया।डॉ. अनुपम कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि सभी बच्चे अब सामान्य स्थिति में हैं और यह मामला फूड पॉइजनिंग का है। बच्चों ने बताया कि अंडे खाने के बाद उनके पेट में दर्द हुआ और दस्त शुरू हो गया। कुछ बच्चों ने यह भी कहा कि अंडे में कीड़े थे और कुछ अंडे खराब थे, जिसके बाद उन्होंने अंडे फेंक दिए, लेकिन तब तक कई बच्चों ने इन्हें खा लिया था। रसोइया बबीता कुमारी ने कहा कि उन्होंने खुद पहले अंडे चखे थे, और अंडे की गुणवत्ता बेहद खराब थी, जिससे सभी की तबियत बिगड़ी। इस घटना के बाद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हफ्फिजुर रहमान भी सीएचसी पहुंचे और बच्चों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि फिलहाल सभी बच्चे सुरक्षित हैं और यदि फूड पॉइजनिंग का मामला साबित होता है, तो जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद अभिभावकों और ग्रामीणों में मध्यान भोजन की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी देखने को मिल रही है।

### बिना योजना पूर्ण किये हुआ भुगतान, बीपीआरओ ने मांगा जवाब

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के मलदहिया पोखरिया पंचायत में सरकारी योजनाओं में बड़ी अनिमितता का खुलासा हुआ है। यह खुलासा बीपीआरओ के जांच में सामने आया है। दरअसल शुक्रवार को बीपीआरओ विवेक आर्या ने मलदहिया पोखरिया पंचायत का निरिक्षण करने पहुचे हुए थे। निरीक्षण के दौरान अधिकारी ने मलदहिया गांव में बने पुस्तकालय का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने पाया कि पाया कि योजना पूर्ण किये बिना ही राशि भुगतान कर दिया गया है। इतना ही नही पुस्तकालय में किताबें उपलब्ध नही थी। विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था भी नदारद दिखी। ताज्जुब की बात यह रहा कि बगैर पूर्ण रूप से लाइब्रेरी अधिष्ठापन के ही निर्धारित राशि का भुगतान कर दिया गया है। वही दूसरी तरफ चेगौना गाव में नाली जीर्णोद्धार में भी बिना तकनीकी स्वीकृति और एमबी प्रमाणित हुए बगैर ही भुगतान का मामला सामने आया है। दोनों मामलों में घोर अनियमितता पर अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई है और एलईओ के जेई मंजरुल हक व पंचायत सचिव शंकर प्रसाद से जवाब मांगा है। बीपीआरओ ने कर्मियो से 15 दिनों के अंदर निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अधिकारी ने चेगौना गांव वार्ड संख्या छह व चार और आठ में पीसीसी सड़क व नाली को देखा।जहां योजना बोर्ड नही होने पर कड़ी नाराजगी जताई और अविलंब योजना बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।

# योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर डीएम ने अरेराज अनुमंडल सभागार में की समीक्षा बैठक




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अरेराज अनुमंडल सभागार में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा राज्य सरकार द्वारा प्रखंड / अंचल स्तर पर संचालित विभिन्न विभागों- ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा एवं उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार भी उपस्थित थे। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 की आवास स्वीकृति, आवास पूर्णता, ईकेवाईसी, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना में लंबित आवास पूर्णता की समीक्षा की गई। साथ ही कार्यों में एक सप्ताह में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया। आवास प्लस, 2024 के माध्यम से सर्वेक्षित नए लाभुकों का सत्यापन कराने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत IHHL, अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई के निर्माण, व्यक्तिगत/सामुदायिक शौचालय का निर्माण, SLWM संबंधी उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने, ODF प्लस मॉडल एवं मॉडल गांव का सत्यापन करने के संदर्भ में प्रखंडवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सभी कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने एवं ससमय कार्य कराने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड समन्वयक, एसबीएम को निदेशित किया गया। मनरेगा अंतर्गत लाभुकों का ईकेवाईसी की समीक्षा के क्रम में कार्यक्रम पदाधिकारियों को कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया गया। आवास सहायकों/पंचायत रोजगार सेवक द्वारा किए गए कार्यों की दैनिक समीक्षा करने हेतु कहा गया। उक्त कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। मनरेगा अंतर्गत वृक्षारोपण, खेल मैदान, मानव दिवस सृजन, भुगतान, जियो टैगिंग, एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से निरीक्षण आदि कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा की गई तथा अपेक्षित प्रगति लाने हेतु निदेशित किया गया। पंचायती राज योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री सोलर लाइट स्ट्रीट योजना के क्रियान्वयन एवं सोलर लाइट संबंधी भुगतान की समीक्षा की गई। पंचायत सरकार भवन के निर्माण एवं लंबित सरकार भवन के संदर्भ में समीक्षा क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी को अंचल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं सरकार भवन की भूमि पर अवैध अतिक्रमण को खाली करते हुए भवन निर्माण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर षष्ठम वित्त आयोग एवं 15 वां वित्त आयोग मद में व्यय किए गए राशि की समीक्षा की गई। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग अंतर्गत दाखिल खारिज, भूमि विवाद, अभियान बसेरा, भू मापी, आधार सीडिंग एवं लंबित एलपीसी की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में अंचलाधिकारियों को लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया तथा साप्ताहिक रूप से हल्का वार इसकी समीक्षा करने का निदेश अंचलाधिकारियों को दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज, भूमि सुधार उप समाहर्ता, अरेराज, निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, अनुमंडल के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा एवं प्रखंड/अंचल स्तरीय अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## सेवानिवृत प्रोफेसर के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय के सेवानिवृत प्रो. पीसी झा के आकस्मिक निधन की सूचना पर मुंशी सिंह महाविद्यालय में शोक सभा का आयोजन 12/12/2025 को किया गया । प्रो. पीसी झा मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के अंग्रेजी विभाग में विभागाध्यक्ष थे । उन्होंने सन 1964 से सन 2001 तक मुंशी सिंह महाविद्यालय में अध्यापन कार्य किया। अंग्रेजी साहित्य के विद्वान प्रोफेसर पी. सी. झा वर्षों तक महाविद्यालय में स्पोर्ट्स इंचार्ज भी रहे` इस दौरान मुंशी सिंह महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उनके अविस्मरणीय अवदान को याद करते हुए महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों की मौजूदगी में दो मिनट का मौन रखकर प्रो. पी. सी. झा के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई । मौके पर मुंशी सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम. एन. हक, डॉ. ए. के. रंजन, डॉ. मयंक कपिला, डॉ. शफीकुर रहमान, डॉ. मो. मशहूर अहमद, डॉ. नरेन्द्र सिंह, डॉ. अमित कुमार, डॉ. रुपेश कुमार, श्री पवन कुमार, डॉ. रूपकथा घोष, डॉ. रंजू बाला, डॉ. मनोहर कुमार श्रीवास्तव, डॉ. गौरव भारती, श्री प्रमोद कुमार, श्री सुधीर कुमार राव, राजेश कुमार, हर्षवर्धन कुमार, सूबेदार प्रदीप द्विवेदी, ओम प्रकाश राय और संतोष कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी मौजूद थे।

## भारतीय भाषा उत्सव का किया गया आयोजन

### भाषा अनेक, भाव एक : यमुना सिकरिया




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय भाषा उत्सव भाषाये अनेक भाव एक के कार्यक्रम को सीकरीया बी.एड. कॉलेज में मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे गांधी संग्रहालय के उपाध्यक्ष डॉ. चंद्रभूषण पांडे, भाजपा युवा नेता यमुना सीकरीया, उप महापौर लालबाबू प्रसाद , मोतिहारी भाजपा अध्यक्ष पवन राज, पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार मिश्रा, ऋषभ झा, सनी सिंह एवं प्राचार्य प्रीति दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान जन-गण-मन की उद्घोष से हुई। सभी अतिथियों ने छात्रो को भाषाओं के महत्व के बारे में बताया कि भारत में कई भाषाएं हैं, यही हमारी पहचान है। यही भारत को महान बनाती है। यमुना सीकारीया ने कहा भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। जहां अनगिनत भाषाएं बोली जाती है, लेकिन सभी भाषाई लोगो का एक ही भाव है। भारत विश्व गुरु बने, मोदी सरकार लगातार देश को आगे बढ़ने का कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को सामान रूप से मिल रहा है। मोदी सरकार का एक ही भाव है, समस्त मानव जाति का कल्याण। उप महापौर डॉ. लालबाबू जी ने कहा भारत में अनेक भाषाएं हैं, जो अनेक होकर भी एक हैं। यही हमारी शक्ति है, कहा प्रधानमंत्री मोदी जी सभी भाषाओ को पूरा साम्मान देते हैं। इस अवसर पर छात्रों ने भारतीय भाषा पर लेख भी लिखा। सभी छात्राओं को मेडल से सम्मानित किया गया।

## रक्सौल में पुलिस का स्ट्राइक ऑपरेशनः चार बाइकों के साथ इंटर-स्टेट गिरोह के 8 सदस्य धराए



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाइक चोरी पर नकेल कसते हुए रक्सौल पुलिस ने एक बार फिर अपनी तेज एक्शन क्षमता साबित की है। रक्सौल मेन रोड से चोरी हुई भेलाही निवासी की अपाची बाइक को पुलिस ने 48 घंटे के भीतर बरामद कर लिया। इस कार्रवाई ने स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति भरोसा और मजबूत किया हहै बाइक बरामदगी के बाद पुलिस ने एक बड़े अभियान में चार चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ आठ शातिर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह सफलता क्षेत्र में सक्रिय चोरी गैंग के लिए बड़ा झटका मानी जा रही है। थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि नागा रोड स्थित बाबा मठिया के पास चोरी की बाइक बेचने की गुप्त सूचना मिली थी। एसडीपीओ मनीष आनंद के दिशा-निर्देश पर विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई, जिसमें आठों आरोपी पकड़े गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस प्रकार है- अभिषेक सिंह (जैतापुर,पलनवा), विशाल कुमार (नागारोड,रक्सौल), मुन्ना कुमार (जयमंगलापुर, भेलाही), सोनु कुमार सिंह (डंकन रोड, रक्सौल), बबलू कुमार (पंटोका, वार्ड 18), सोनु कुमार सिंह (भौड़ा गांव, बल्थर), जहिर आलम (सिंहपुर हरैया, रक्सौल), रवी कुमार यादव (सौनाहा गांव, रक्सौल)। सबसे पहले अभिषेक और विशाल को दो चोरी की बाइकों के साथ पकड़ा गया। उनकी स्वीकारोक्ति और मिले इनपुट पर बाकी छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से भी बिना कागजात वाली चोरी की बाइकें मिलीं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अभिषेक और विशाल पर पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि यह गिरोह नेपाल और अन्य राज्यों में सक्रिय एक इंटर-स्टेट व इंटरनेशनल बाइक चोरी नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। पुलिस अब इस नेटवर्क की गहराई से पड़ताल में जुटी है।

## भावना शेखर की दो नई किताबों का लोकार्पण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रसिद्ध लेखिका भावना शेखर की दो नई किताबों कथा गीत सात यशस्वी बालक और कहानी संग्रह मोह मोह के धागे का लोकार्पण शुक्रवार को पटना पुस्तक मेला में हुआ। समारोह में कई प्रमुख साहित्यकारों ने अपनी मौजूदगी दर्ज की। लेखक शिवदयाल ने कहा कि भावना शेखर का गद्य भी पद्य की तरह लयात्मक होता है और उनकी सृजनशीलता प्रशंसा योग्य है। हृषिकेश सुलभ ने कहा कि पितृसत्तात्मक समाज में स्त्रियों के द्वारा सृजन की मिसाल प्रस्तुत करती हैं भावना जी। भगवती प्रसाद द्विवेदी ने श्सात यशस्वी बालकश को बच्चों को पढ़ाने के लिए जरूरी बताया, वहीं पत्रकार और कवि अनिल विभाकर ने मोह मोह के धागे की कहानियों को जीवन के हर पहलु से जोड़ने वाला बताया। भावना शेखर ने सात यशस्वी बालक में सात आदर्श बालकों के जीवन के माध्यम से बच्चों की आदर्श परवरिश की कमी पर ध्यान दिलाया है।

## खरमास में विवाह, उपनयन संस्कार आदि मांगलिक कार्य करना निषेध : सुशील पांडे

### खरमास का आरंभ 16 दिसम्बर मंगलवार को दिन में 01:24 बजे से



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मूल नक्षत्र एवं धनु राशि की सूर्य संक्रांति 16 दिसम्बर मंगलवार को दिन में 01:24 बजे से होगी। अर्थात भगवान सूर्य धनु राशि में प्रवेश कर जायेंगे और इसी के साथ खरमास प्रारंभ हो जाएगा। खरमास की अवधि में पूजा-पाठ, ग्रह शान्ति आदि अनुष्ठान वर्जित नहीं है। केवल विवाह,उपनयन, गृहारंभ, गृहप्रवेश आदि मांगलिक कार्य करना इसमें निषेध माना गया है। उक्त जानकारी महर्षिनगर नगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि खरमास की समाप्ति 14 जनवरी बुधवार को रात्रि 09:19 बजे मकर राशि की सूर्य संक्रांति के साथ होगी। अर्थात भगवान सूर्य मकर राशि में प्रवेश कर जायेंगे। चूंकि संक्रांति 14 जनवरी को रात्रि में हो रही है इसलिए शास्त्रीय मान्यता के अनुसार इसका पुण्यकाल पर दिन यानि 15 जनवरी गुरुवार को दिन में 01:19 बजे तक माना जाएगा और खिचड़ी का प्रसिद्ध पर्व व मकर संक्रांति का पवित्र स्नान-दान भी इसी दिन अर्थात 15 जनवरी गुरुवार को मध्याह्न काल पर्यन्त किया जाएगा। इस दिन भगवान सूर्य उत्तरायण हो जायेंगे तथा खरमास समाप्त हो जाएगा व इसी के साथ विवाह आदि मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जायेंगे।

## डीएम के जनता दरबार में 35 शिकायतों पर हुई सुनवाई

### कई शिकायतों का मौके पर ही हुआ समाधान



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय सभागार में आज जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में जिले भर से आए फरियादियों की 35 शिकायतों की सुनवाई की गई। जिला पदाधिकारी ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में कई शिकायतों का समाधान तुरंत मौके पर ही कर दिया गया। जिला पदाधिकारी ने आवश्यक मामलों में संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से मौके पर ही फोन पर बात कर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित कराई, जिससे फरियादियों ने संतोष व्यक्त किया।जिन मामलों का समाधान तत्काल नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को भेजते हुए उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को अनावश्यक विलंब से बचने और प्रत्येक शिकायत का संवेदनशीलता के साथ निपटान करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता-सह-लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मासूम अंसारी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने नियमानुकूल और समयबद्ध निपटारे का स्पष्ट निर्देश दिया। जनता दरबार में राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य आदि से जुड़े मामले प्रस्तुत किए गए।जिला पदाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का तेज, पारदर्शी और प्रभावी समाधान

## सारण के नए जिलाधिकारी बने आईएएस वैभव श्रीवास्तव, पूर्व में यहां रह चुके हैं ट्रेनी आईएएस



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के हालिया प्रशासनिक फेरबदल के बाद आईएएस वैभव श्रीवास्तव ने सारण जिले के नए जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने पूर्व जिलाधिकारी अमन समीर का स्थान लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने जिले में प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनकेंद्रित बनाने का आश्वासन दिया।जानकारी के अनुसार वैभव श्रीवास्तव पूर्व में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, पटना में निदेशक के पद पर कार्यरत थे। इससे पहले अपने प्रशिक्षण काल में वे सारण जिले में ट्रेनी आईएएस के रूप में भी सेवा दे चुके हैं, जिसके कारण जिले की संरचना और कार्यप्रणाली से भली-भांति परिचित हैं। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान, विधि-व्यवस्था में मजबूती और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन को प्राथमिकता दी जाएगी। उनके आगमन से जिले में प्रशासनिक गति और सुशासन को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## राज्यपाल 14 दिसंबर को करेंगे भोजपुरिया कला हाट के समापन समारोह को संबोधित

### राज्यपाल के आगमन को लेकर डीएम,एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 14 दिसंबर को सुबे के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान बेतिया का दौरा करेंगे। इस दौरान वे संस्कार भारती द्वारा आयोजित भोजपुरिया कला हाट के समापन समारोह में शामिल होंगे और कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। राज्यपाल के इस कार्यक्रम में आने के मद्देनजर जिला प्रशासन ने तैयारियों का शुक्रवार को जायजा लिया। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन, एसडीएम विकास कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने ऑडिटोरियम का दौरा किया और कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सह संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र शरण , प्रांतीय अध्यक्ष डा. दीवाकर राय भी उपस्थित थे, जिन्होंने अधिकारियों के साथ मिलकर सुरक्षा व्यवस्था, तैयारियों की स्थिति और अन्य जरूरी पहलुओं पर चर्चा की। अधिकारियों ने ऑडिटोरियम के भीतर और बाहर सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। खासकर सुरक्षा, पार्किंग व्यवस्था और कार्यक्रम स्थल पर लगने वाले प्रदर्शनी स्टॉल्स की स्थिति पर गहन समीक्षा की। राज्यपाल के आगमन से लेकर उनके प्रस्थान तक सभी जरूरी कदमों की योजना बनाई गई। जिलाधिकारी श्री सिंह ने निर्देश दिया कि आयोजन स्थल पर कोई भी असुविधा न हो और सुरक्षा के सभी मानकों का पालन किया जाए। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के आगमन पर स्थानीय प्रशासन और आयोजन समिति ने सुनिश्चित किया है कि इस आयोजन में कोई कमी न हो। आयोजन में शामिल होने वाले दर्शकों और अतिथियों की बैठने की व्यवस्था, आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों की व्यवस्था, सुरक्षा के लिए सभी संभावित उपायों पर भी चर्चा की गयी। भोजपुरिया कला हाट का समापन समारोह शहर के सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। जिसे लेकर संस्कार भारती के सदस्य भी खासे उत्साहित हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्यपाल के कार्यक्रम के दौरान खासतौर पर सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और पार्किंग व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही, अधिकारियों ने यह भी सुनिश्चित किया है कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो। समापन समारोह में क्षेत्रीय कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें विशेषकर थरुहट के कलाकारों का योगदान अहम रहेगा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवधान रहित संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों द्वारा रणनीति तैयार किया जा रहा है।

## स्वास्थ्य जांच कैम्प में संभावित टीबी मरीजों की पहचान की गई

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के हरपुर पंचायत के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर हरपुर में सोमवार को यक्षा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हेल्थ कैम्प का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत यह कैम्प लगाया गया है जहाँ फ्री स्वास्थ्य जाँच किया गया जिसमें अल्ट्रा पोर्टेबल ऐक्स रे यूनिट मशीन से यक्षा रोगी की पहचान की गई एवं टीबी रोगियों के परिवार के सदस्यों को भी जाँच के लिए कहा गया एवं इस दौरान पंचायत के अधिक से अधिक लोगों को जाँच कराने की अपील की गई वहीं कैम्प में चिन्हित पाँच मरीजों का बलगम एकत्रित किया गया एवं जाँच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहाँ टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर टीबी का दवा वितरण कर इलाज शुरू की जाएगी।

CMYK

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय शहर के अब्दुल बारी नगर भवन में शुक्रवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी, प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग मेला सह क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे द्वारा दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने पहले विज्ञान एवं गणित के पाठ आधारित प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तर से चयनित उत्कृष्ट प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी, कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों द्वारा तैयार विज्ञान प्रोजेक्ट का जिला स्तरीय प्रदर्शनी लगाया गया। इसके साथ ही कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार की संभावनाएं एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर तथा कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए क्वांटम युग की संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर क्विज प्रतियोगिता आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिन विधाओं में प्रतिभागियों ने भाग लिया वह प्रखंड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बाद जिला स्तरीय प्रतियोगिता का हिस्सा बने। विजेता बच्चों को सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया गया। प्रतियोगिता में जिला स्तर पर विजेता रहने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राएं राज्य स्तर पर होने वाले प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रतियोगिता कर रहे बच्चों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आलोचनात्मक/ तार्किक एवं वैज्ञानिक सोच पाठ्यक्रम का हिस्सा बने। साथ ही यह जरूरी है की यह हमारी सोच में पिरोया जाए। जिला पदाधिकारी के द्वारा विद्यार्थियों को सवाल पूछने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि क्यों?, कैसे? और क्या? से शुरू होने वाले जिज्ञासात्मक प्रश्न सीखने का हिस्सा है तथा यही आगे चलकर विज्ञान के आविष्कार में महत्वपूर्ण कड़ी सिद्ध होते हैं। अतः शिक्षकों को भी छात्र-छात्राओं को प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित करना चाहिए एवं उनके हर एक प्रश्न का तथ्यात्मक जवाब भी उपलब्ध कराना शिक्षकों की जिम्मेवारी है।

# हसपुरा बाजार से अतिक्रमण हटाने की प्रशासनिक पहल सराहनीय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** स्थानीय बाजार क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की दिशा में प्रशासन द्वारा उठाया गया कदम स्वागत योग्य है, परंतु इसके साथ ही सब्जी विक्रेताओं और ठेला चालकों के लिए सुव्यवस्थित वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराना भी आवश्यक है। यह बातें लोजपा प्रदेश उप-सचिव एवं वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक विजय कुमार अकेला ने कही। अकेला ने आरोप लगाया कि हसपुरा बाजार में अतिक्रमण बढ़ने के पीछे केवल छोटे दुकानदार ही जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि कुछ जनप्रतिनिधियों और संबंधित जिम्मेदारों द्वारा अपनी सुविधा के अनुसार नाली निर्माण कराने से भी मार्ग बाधित हुआ है। ऐसे हालातों में गरीब सब्जी व्यापारी अपने ठेले और चौकी सड़क किनारे लगाने को मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग और निजी बिजली कंपनियों ने भी सड़क के दोनों ओर खंभे खड़े कर अतिक्रमण जैसी स्थिति उत्पन्न कर दी है, जिससे दो वाहनों का सुचारू रूप से गुजरना कठिन हो गया है। प्रशासन को इन खंभों की अनियमित स्थापना को हटाने या व्यवस्थित करने के लिए पहल करनी चाहिए। अकेला ने पूर्व में बनाए गए एस जल्जा मार्केट की दयनीय स्थिति पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि मार्केट का सेड अब उपयोग योग्य नहीं रह गया है और प्रशासन ने उसमें एक अनुपयोगी मछली बाजार बना दिया है, जिसका संचालन न के बराबर होता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक सब्जी विक्रेताओं के लिए उचित स्थान की व्यवस्था नहीं की जाएगी और सड़क पर मौजूद संरचनात्मक बाधाओं को नहीं हटाया जाएगा, तब तक हसपुरा को जाम से प्रभावी मुक्ति दिलाना संभव नहीं है।

## एक नजर

### मिनी किट योजना के तहत मसूर-चना बीज का वितरण

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन में शुक्रवार दोपहर कृषि पदाधिकारी अमृता कुमारी मौर्य ने मिनी कीट योजना के तहत दर्जनों किसानों के बीच मसूर एवं चना बीज का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान कृषि पदाधिकारी ने कहा कि मिनी कीट योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराना है, ताकि वे कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। मसूर और चना जैसी रबी फसलें किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, इसलिए इन फसलों के लिए प्रमाणित बीज उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने आगे बताया कि किसान इन बीजों का उपयोग करके बेहतर पैदावार प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही उनकी खेती की लागत भी कम होगी।किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समयानुकूल बताया। इस अवसर पर तकनीकी प्रबंधक प्रेम कुमार, कृषि समन्वयक भवदेव सिंह, अखिलेश कुमार, उपेंद्र चौधरी, किसान सलाहकार मनोज कुमार, मिथलेश कुमार, संजय चौधरी, ऑपरेटर विजय कुमार, लेखपाल रौशन कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### रफीगंज में पल्स पोलियो अभियान की बैठक

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में पल्स पोलियो अभियान को लेकर सुपरवाइजरों की एक बैठक आयोजित की गई। इस अभियान के तहत 14 से 18 दिसंबर तक शून्य से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। बैठक में डब्ल्यूएचओ फील्ड मॉनिटर नितेन्द्र मिश्र ने सभी सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण संबंधी जानकारी दी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि भारत को पोलियो मुक्त बनाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 64 हजार 335 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। रफीगंज में इस कार्य के लिए 44 सुपरवाइजर और 118 वैक्सीनेशन टीमें तैनात की जाएंगी। इस अवसर पर अकाउंटेंट राजेश कुमार, प्रभारी स्वास्थ्य प्रबंधक विकास कुमार, सुपरवाइजर मनोज कुमार मधुकर, मुमताज आलम, सुनील कुमार दीप, फैसिलिटेटर शांति कुमारी, बसंती कुमारी, रुबी कुमारी, सावित्री कुमारी, कंचन कुमारी, अनुमंडल कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### 150 बच्चों ने प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग मेले में दिखाया नवाचार का दम




**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर स्थित रानी ब्रज राज उच्च विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को दोपहर प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग आधारित विज्ञान मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह बीपीआरओ अमर कुमार, लेखपाल पवन कुमार मिश्रा एवं प्रो. अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मंच संचालन सुधीर कुमार मिश्रा ने किया। विज्ञान मेले में कुल 55 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 150 प्रतिभागियों ने विज्ञान मॉडल, नवाचार और तकनीकी प्रयोगों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही विज्ञान मेला में क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न रोचक विषय शामिल थे।विकसित भारत के लिए विज्ञान एवं नवाचार की संभावनाएं (कक्षा 6-12), कृत्रिम बुद्धिमत्ता कक्षा 6-8 लिए किया गया। क्वांटम युग का आग़ाज़ संभावनाएं व चुनौतियां (कक्षा 9-12) के छात्र छात्राओं के लिए किया गया। हर प्रतिभागी के साथ उनके विद्यालयों से एक-एक शिक्षक भी उपस्थित रहे। मेले में बच्चों द्वारा प्रस्तुत मॉडलों और नवाचारों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और कार्यक्रम को बेहद सफल बनाया।

### 40 हजार बच्चों को पिलाई जायेगी पोलियों की दवा

**ओबरा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में 14 से 18 दिसंबर तक पोलियो उन्मूलन अभियान चलाया जाना है जिसके तहत जीरो से लेकर 5 वर्षों के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें स्वास्थ्य प्रबंधक विकास शंकर, पीएमडब्लू संतोष कुमार, डब्लूएचओ अवनीश कुमार सिंह, प्रखंड लेखपाल अधिकारी सह नोडल पदाधिकारी पोलियो अखिलेश कुमार ने एएनएम आशा, सेविका, स्वयं सेवक के साथ स्वास्थ्य कर्मी को प्रशिक्षण दिया। बताया गया कि जीरो से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को घर-घर जाकर पोलियों की दवा पिलाना सत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। इस अभियान के तहत 40 हजार बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसको लेकर कई टीम निर्धारित की गई है जो जगह-जगह पर पोलियो अभियान से जुड़कर बच्चों को दवा पिलाएंगे।

# सीएसपी सेंटर में भीषण आग से डेढ़ लाख की संपत्ति जलकर हुई राख



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के काको प्रखंड के पाली थाना क्षेत्र स्थित सलेमपुर लांजो गांव में गुरुवार की देर रात एक सीएसपी (कस्टमर सर्विस प्वाइंट) सेंटर में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और करीब डेढ़ लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। सीएसपी सेंटर के संचालक धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि वे प्रति दिन की तरह गुरुवार शाम को सेंटर बंद कर सभी स्विच, इन्वर्टर और लाइन को ठीक से बंद कर घर चले गए थे। देर रात मकान मालिक ने फोन कर आग लगने की सूचना दी। धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि जब मैं मौके पर पहुथचा, तब तक सेंटर में आग की तेज लपटें उठ रही थीं। उन्होंने तुरंत पुलिस विभाग के डायल 112 को खबर दी गई। बाद में दमकल विभाग और ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था।

# गोह का कल्याण छात्रावास वर्षों से है बदहाल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित कल्याण छात्रावास की स्थिति इन दिनों काफी बदहाल हो गई है। छात्रावास इन दिनों खंडहर में तब्दील हो गई है। बता दें कि इस छात्रावास का निर्माण वर्ष 1987 में हुआ था। छात्रावास का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिंह ने किया था। उस समय छात्रावास में सभी सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। आज की स्थिति यह है कि छात्रावास की खिड़की और दरवाजे सभी गायब हो गई है। मुख्य दरवाजे का ग्रिल नजर नहीं आ रही है। भवन का छत भी टूट कर गिर रहा है। दीवारों में बड़े-बड़े दरारें उबर आई है। छात्रावास में गांधी स्मारक उच्च विद्यालय को में पढ़ने वाले महादलित के बच्चे रहकर अपना पढ़ाई किया करते थे स्थिति इतनी बदतर हो गई है कि छात्रावास का भवन पशुओं का रहने लायक भी नहीं बचा है। स्थानीय ग्रामीण देवेंद्र दास, महेंद्र दास, बाबूलाल दास, सुरेश दास, राम अयोध्या यादव, जेपी सेनानी, अरविद पांडे सहित अभिभावकों ने बताया कि कल्याण छात्रावास की भवन की स्थिति की सुधार के लिए कई बार विभागीय अधिकारी, मंत्री, सांसद एवं विधायक को आवेदन दिया गया पर किसी ने समस्या का सामाधान नहीं किया। स्थिति आज यह है कि कल्याण छात्रावास बच्चों के रहने लायक भी नहीं है उसकी सारी सुविधा गायब कर दी गई है। कल्याण छात्रावास की स्थिति की सूचना वरीय अधिकारी को भेजी गई है लेकिन उनके स्तर से आज तक कोई पहल नहीं किया गया है। एससीएसटी की छात्रों को अध्ययन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है किराए पर मकान लेकर इन दिनों अध्ययन करते हैं। इन दोनों कल्याण छात्रावास में शराबी एवं जुगाड़ियों का अड्डा बना हुआ है जिसे लेकर पुलिस हमेशा इसमें छापामारी करती रहती है लेकिन पुलिस की भनक लगते ही जुगाड़ी एवं शराबी फरार हो जाते हैं।

# महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना पहली प्राथमिकता




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन, जहानाबाद के अंतर्गत महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 'पोश एक्ट' के विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता मे ग्राम प्लेक्स, भवन में किया गया। इस दौरान कार्यशाला में जिला एवं प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को इस अधिनियम से संबंधित समग्र जानकारी प्रदान की गई। इस उन्मुखीकरण कार्यशाला का संचालन महिला एवं बाल विकास निगम, पटना की स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर, अंकिता कश्यप तथा सी-3 संगठन की जेंडर स्पेशलिस्ट, गुंजन बिहारी द्वारा किया गया। दोनों ने कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की परिभाषा, शिकायत निवारण की प्रक्रिया, आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका, एवं अधिनियम के सभी प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि पोश अधिनियम की जानकारी प्रत्येक पदाधिकारी व कर्मचारी के लिए अनिवार्य है, ताकि सभी कार्यालयों में महिलाओं के लिए सुरक्षित, स्वस्थ एवं सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित किया जा सके तथा महिलाए निर्भीक होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। कार्यशाला में अपर समाहर्ता, राजस्व, अनिल कुमार सिंहा, अपर पुलिस अधीक्षक, मनोज कुमार पांडेय, अपर समाहर्ता, विशेष कार्यक्रम, तेज नारायण राय, अपर समाहर्ता, राजीव कुमार, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ मीना, जिला परिवहन पदाधिकारी, अविनाश कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सुजीत कुमार एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। पूरे कार्यशाला का संयोजन जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,आईसीडीएस रचना के द्वारा किया गया।

# रबी किसान गोष्ठी आज, कृषि विशेषज्ञ देंगे विशेष मार्गदर्शन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कृषि विभाग की ओर से रफीगंज प्रखंड परिसर में आज रबी फसलों पर आधारित किसान गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में किसानों को रबी मौसम की प्रमुख फसलों की उन्नत तकनीक, सरकारी योजनाओं का लाभ, आधुनिक कृषि उपकरणों का उपयोग और उत्पादन बढ़ाने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। गोष्ठी सुबह 11:00 बजे से शुरू होगी, जिसमें विभाग के कृषि विशेषज्ञ किसानों के सभी सवालों के समाधान भी देंगे। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमृता कुमारी मौर्य एवं प्रखंड तकनीकी प्रबंधक प्रेम रंजन ने बताया कि यह कार्यक्रम किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। उन्होंने सभी किसानों से समय पर पहुंचकर इस गोष्ठी का लाभ लेने की अपील की है।

# जनता दरबार में जन समस्याओं का डीएम ने किया समाधान




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद स्थित समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में अपने कार्यालय प्रकोष्ठ मे तथा अन्य पदाधिकारी द्वारा सभा कक्ष मे जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान कुल 45 मामलों की सुनवाई की गई।

जनता दरबार में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुना गया एवं संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त सभी मामलों को विधिवत पंजीकृत किया गया, जबकि अधिनियम से बाहर के मामलों को भी शीघ्र निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया।

# कायनात इंटरनेशनल स्कूल में कौशल व व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का समापन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के काको प्रखंड बाजार स्थित कायनात इंटरनेशनल स्कूल, में 30-दिवसीय कौशल एवं व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन धूमधाम से हुआ। कायनात फाउंडेशन और टीच इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण का संचालन भारत के जाने-माने मोटिवेशनल स्किल ट्रेनर एवं इंग्लिश स्पीकिंग कोच सलमान खान ने किया। बताया गया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवेश के छात्रों में प्रभावी संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास एवं व्यावसायिक दक्षताओं से उन्हें सशक्त बनाना था। समापन समारोह में मौलाना मज़हरुल हक़ अरबी एवं फ़ारसी विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति डॉ. मोहम्मद आलमगीर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कायनात फाउंडेशन एवं कायनात इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक शाक़िल अहमद काकवी की शैक्षिक दूरदर्शिता और सामाजिक नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण युवाओं के लिए इस प्रकार का व्यापक कौशल विकास अभियान उनके भविष्य के लिए अवसरों के नए द्वार खोलने के साथ असंतुलित विकास की खाई को पाटने में भी समर्थ होगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अब्दुल क़य्यूम अंसारी, सचिव – अंजुमन तरक़्क़ी उर्दू बिहार, ने सलमान खान को उनके समय और विशेषज्ञता के लिए धन्यवाद दिया तथा कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र काकों में ऐसा प्रभावी कार्यक्रम आयोजित किया जाना समावेशी शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मकपा आइटीआई, मखदूमपुर के संस्थापक डॉ. नसीम खान ने की।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा की रद्दगी**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व प्रकाशित **ई-निविदा संख्या: 202_2025-26 एवं 203_2025-26 को तकनीकी कारणों के चलते दिनांक 11.12.2025 को रद्द कर दिया गया है।**

(HWH-457/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# अतिक्रमणकारियों पर चला बुलडोजर





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा बाजार में शुक्रवार को दोपहर से अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बुल डोजर चला कर सड़कों से अतिक्रमण हटाया गया। यह कारवाई हसपुरा ब्लॉक के समीप से शुरू हुआ बाजार के पटेल चौक, मेन रोड, दक्षिण मोहल्ला तक दोनों तरफ अतिक्रमण हटाया गया। सीओ कौशल्या कुमारी, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, एस आई सुर्य देव सिंह आर ओ विनय कृष्ण, अमीन विकास कुमार, रेशमी कुमारी, अनुज कुमार, राजस्व कर्मचारी सुमित कुमार, विवेक देव, अविशेष कुमार, विनय कुमार, नाजीर प्रियरंजन सहित भारी संख्या में पुलिस बल अतिक्रमण हटाने में लगे हुए थे। बताया जाता है कि 11 दिसंबर गुरुवार को प्रमुखता से सड़कों पर अतिक्रमण को लेकर खबर छपी थी। खबर छपते सीओ कौशल्या कुमारी एक्सन में आई और बुलडोजर लेकर अतिक्रमण हटाने में जुट गई। सीओ पहले माईकिंग से अतिक्रमण कारियों को हटाने का निर्देश दिया था। हालाकि माईकिंग के प्रचार से कुछ अतिक्रमण स्वेच्छा से सब्जी विक्रेता, ठेला खेमचा के अलावा किराना दुकानदार, तिलकुट व्यवसाई अतिक्रमण हटा लिया था।

# महाविद्यालय परिवार शोकाकुल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** स्वामी सहजानंद सरस्वती कॉलेज, जहानाबाद के राजनीति शास्त्र विभाग के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष डॉ. श्यामकिशोर शर्मा के निधन का समाचार मिलते ही महाविद्यालय परिवार गहरे शोक में डूब गया। डॉ. शर्मा ने 11 दिसंबर 2025 की सुबह अपनी अंतिम सांस ली। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दीपक कुमार ने अपने शोक संदेश में कहा कि डॉ. शर्मा के निधन से शैक्षणिक जगत को हुई क्षति अपूरणीय है। वे गहन ज्ञान, सरल व्यक्तित्व, जिंदादिली और संस्थान के प्रति अद्वितीय समर्पण के धनी थे। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**लघु सिंचाई प्रमंडल, औरंगाबाद**

आकांक्षी जिला कार्यक्रम योजना (ADP)

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 07/2025–26

केवल ई० निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर संवेदकों से प्रतिशत दर पर निविदा

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल औरंगाबाद |
| 2. | विज्ञापन निर्गत करने की तिथि | दिनांक– 11.12.2025 |
| 3. | परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक– 01.01.2026 से 08.01.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर। |
| 4. | प्री–बीड मीटिंग का स्थान, तिथि एवं समय | अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, पटना के कार्यालय में दिनांक– 02.01.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक–08.01.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर। |
| 6. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक– 09.01.2026 को 10:00 बजे पूर्वाह्न को संबंधित प्रमंडलीय कार्यालय में। |
| 7. | तकनिकी निविदाओं का मुल्यांकन | दिनांक 13.01.2026 से लगातार |
| 8. | वित्तीय वीड खोलने की तिथि | सक्षम प्राधिकार द्वारा बाद में घोषित किया जाएगा। |
| 9. | निविदा की वैद्यता अवधि | 120 दिन |
| 10. | कार्य की विवरणी | |

| क्र0सं0 | योजना का नाम | जिला | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण–विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) (रूपये में) | बेल्ट्रॉन को देय बीड प्रोसेसिंग मूल्य सेवा शूल्क सहित (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | नबीनगर प्रखंड के गम्हरिया चेकडैम का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | नबीनगर | 49.915 | 1.000 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| 2 | देव प्रखंड के पचोखर चेकडैम का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | देव | 48.344 | 0.967 | 5000 | 590 | 6 (छः) माह |
| | | कुल | | 98.259 | | | | |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, औरंगाबाद

PR. No. 019403 (MWRD) 2025-26

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

# सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना होगा लक्ष्य

## भाजपा जिला कार्यालय में एनडीए के नवनिर्वाचित विधायकों एवं पंचायत अध्यक्षों का अभिनंदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**दरभंगा।** भाजपा जिला कार्यालय में शुक्रवार को भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना की अध्यक्षता में एनडीए के नवनिर्वाचित विधायकों एवं पंचायत अध्यक्षों के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, पार्टी पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और मोर्चा-प्रकोष्ठ के संयोजकों की उपस्थिति रही।

समारोह में जिले के एनडीए विधायकों ने अपने संबोधन में कार्यकर्ता एवं जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दरभंगा ग्रामीण के विधायक ईश्वर मंडल ने कहा कि जनता ने जिस ऐतिहासिक भरोसे के साथ उन्हें पुनः अवसर दिया है, वे उस विश्वास पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता मिलेगी। बेनीपुर के विधायक विनय चौधरी ने कहा कि एनडीए सरकार विकास और सुशासन की नीति पर चल रही है और बेनीपुर में अधूरे बचे सभी विकास कार्य शीघ्र पूरे किए जाएंगे। उन्होंने जिला संगठन को मजबूत समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया। केवटी के विधायक मुरारी मोहन झा ने अपने वक्तव्य में कहा कि केवटी को मॉडल विधानसभा के रूप में विकसित करना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और बिहार सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। हायाघाट के विधायक रामचंद्र प्रसाद ने कहा कि हायाघाट में बाढ़ नियंत्रण, कृषि सहायता, युवाओं के रोजगार और सड़क संपर्क को बेहतर बनाने के लिए विशेष पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता का यह समर्थन उनके लिए ऊर्जा का स्रोत है। जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना ने सभी विधायकों एवं पंचायत अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि एनडीए के प्रति जनता का विश्वास विकास और कार्य संस्कृति की जीत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे जनहित की योजनाओं को ज़मीन पर उतारने में प्रतिनिधियों का सहयोग करें। आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार ने प्रेरक संबोधन देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊर्जा और नए संकल्पों के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में अद्भुत प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मंत्र केवल आर्थिक मजबूती का प्रतीक नहीं, बल्कि नए भारत के स्वाभिमान, नवाचार और स्थानीय संसाधनों के अधिकतम उपयोग का आधार है। राकेश कुमार ने जोर देकर कहा कि युवा शक्ति, महिला सशक्तिकरण, स्थानीय उद्योग, कृषि तकनीक, स्टार्टअप और कौशल विकास–ये सभी देश को आत्मनिर्भर बनाने के स्तंभ हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इस अभियान को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाकर प्रदेश को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करें। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत आयोजित गृह संपर्क अभियान में विभाग प्रचारक रविशंकर जी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि सौ वर्ष का यह अवसर केवल उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा, संगठन शक्ति, सांस्कृतिक मूल्यों एवं सामाजिक समरसता को और व्यापक रूप से फैलाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि गृह संपर्क अभियान के माध्यम से समाज में संवाद, आत्मीयता, परिवारिक संस्कृति और राष्ट्रभावना को सुदृढ़ किया जाएगा। रविशंकर जी ने कहा कि संघ का कार्य व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण की ओर निरंतर अग्रसर है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विजय चौधरी जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री संतोष पोद्दार ने किया। कार्यक्रम मे जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, पूर्व विधायक अमरनाथ गामी, बद्री पूर्वे, जिला उपाध्यक्ष राजेश रंजन, संगीता शाह, श्रवण कुमार मिश्रा, विकास चौधरी, सुनील चौधरी, जिला मंत्री मीरा मेहता, राहुल पासवान, बालेंदु झा,रानी झा, रिंकी देवी, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, साक्षी तिवारी, सुंदरलाल चौधरी, जिला प्रवक्ता विनोद सिंह यादव, प्रेम कुमार मिश्रा रिंकू, मदन यादव, राजेश चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष बबलू पंजियार, संतोष सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष मुकेश महासेठ महिला मोर्चा अध्यक्ष सपना भारती किसान मोर्चा अध्यक्ष ब्रह्मानंद यादव ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान, सोशल मीडिया संयोजक गुलशन चौधरी, आईटी सेल संयोजक रोशन कुवंर, कार्यालय मंत्री बबलू मिश्रा सहित सभी जिला पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के संयोजक, सभी मंडल अध्यक्ष, सभी पंचायतो के अध्यक्ष उपस्थित थे।

## महिलाओं का बंध्याकरण संपन्न

**भगवानपुर।** शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. दिलीप कुमार के नेतृत्व में कुल 21 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। प्रबंधक ने बताया कि वर्तमान में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा चल रहा है, जिसके तहत फिक्स डे सर्विसेज के माध्यम से प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को बंध्याकरण अपरेशन किया जाता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं को कॉपर-टी लगाने की सुविधा भी मुफ्त उपलब्ध है। वहीं सभी उपकेंद्रों के माध्यम से मुफ्त कंडोम वितरण, अंतरा इंजेक्शन, छाया गोली एवं अन्य गर्भनिरोधक साधनों का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही परिवार कल्याण से संबंधित परामर्श भी लाभार्थियों को प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर गुंजा कुमारी, श्वेता कुमारी, अनीता कुमारी, काउंसलर नियति मिश्रा, परिवार कल्याण परामर्शक आशुतोष गांधी, स्वास्थ्य प्रबंधक कवि जी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## जीविका कर्मियों ने उन्नत खेती की ली जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** जीविका कर्मियों ने वृंदावन जैविक संसाधन केंद्र, पीनगर उन्नत खेती मॉडल में एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट किया। इस विजीट का मुख्य उद्देश्य जैविक खेती, प्राकृतिक खेती तथा बहुस्तरीय खेती के अवलोकन कराकर इससे होने वाले प्रत्यक्ष लाभ से अवगत कराना है। प्रतिभागियों ने जैविक खेती, प्राकृतिक संसाधन निर्माण एवं नवीन कृषि पद्धतियों का करीब से अवलोकन किया। वृंदावन केंद्र में कर्मियों को बताया गया कि जैविक खादजैसे वर्मी कम्पोस्ट, घनजीवामृत, जीवामृत आदि कैसे तैयार किया जाता है। इसमें किन-किन सामग्रियों का उपयोग होता है तथा इसकी गुणवत्ता बनाए रखने के वैज्ञानिक उपाय क्या हैं। प्रतिभागियों ने जैविक खाद निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया का लाइव अवलोकन किया और तकनीकी जानकारी प्राप्त की। केंद्र की संचालक गुंजन देवी ने जैविक तरीकों से की जाने वाली विभिन्न खेती पद्धतियों जैसे सब्जी उत्पादन, सहफसली खेती, मल्टी-लेयर मॉडल, एवं मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने वाली प्राकृतिक विधियों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रदान संस्था से अभिषेक कुमार ने सुपर कम्पोस्ट तैयार करने की प्रक्रिया, आवश्यक सामग्री, फायदे एवं उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की, जिससे प्रतिभागियों की तकनीकी समझ और मजबूत हुई। पीरनगर में अफसाना रोजी ने स्ट्रबेरी एवं शिमला मिर्च की उन्नत खेती के बारे में जानकारी प्रस्तुत की, जिसमें पौधे तैयारी से लेकर उत्पादन तकनीक तक सभी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। शिवचंद्र कुमार ने गेंदा फूल उत्पादन मडल तथा दोहरी कतार खेती प्रणाली पर विस्तृत जानकारी देते हुए इसकी आर्थिक उपयोगिता और किसानों के लिए लाभ पर प्रकाश डाला। सोम्या श्री ने जैविक दवा बनाने की प्रक्रिया, उपयोग एवं इसके लाभ के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्रतिभागियों ने सभी स्थलों पर प्रदर्शित मॉडलों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर जैविक एवं प्रातिक खेती तकनीकों का अवलोकन कर इससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## 14 से प्रस्तावित पल्स पोलियो अनुराष्ट्रीय टीकाकरण अब 16 दिसम्बर से

**तिथि में हुआ बदलाव**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भारत सरकार द्वारा 14 दिसम्बर से शुरु होने वाला पल्स पोलियो अनुराष्ट्रीय टीकाकरण अपरिहार्य कारणो से स्थगित किया गया है। अब यह अभियान 16 दिसंबर से प्रारंभ होगा। भोजपुर जिले के सीएचसी बड़हरा के सौजन्य से पल्स पोलियो अनुराष्ट्रीय टीकाकरण अभियान 22 पंचायतो में चलाया जाएगा। यह अभियान 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित होगा। इस अभियान में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को घर-घर जाकर मेडिकल कर्मी पोलियो का दो बूंद पिलायेगें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बड़हरा में 33 सुपरवाइजर प्रतिनियुक्त है। प्रत्येक सुपरवाइजर के साथ तीन टीम कार्यरत होगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़हरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि सूक्ष्म कार्य योजना (माइक्रो प्लान) के तहत प्रखंड के सभी पंचायतो में घर-घर जाकर 0-5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो का दो बूंद पिलाया जाएगा।

## कपड़ा व्यवसाई हत्याकांड मामले में प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के बहरबन्नी में नटबाबा स्थान के पास गुरुवार की अहले सुबह पिपरा दोदराज वार्ड संख्या 9 निवासी मोहम्मद अजीम के पुत्र मोहम्मद शहजादे रजा को पूर्व से घात लगाकर बैठे अपराधी ने रंगदारी नहीं देने को लेकर गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसको लेकर मृतक के भाई मोहम्मद सलमान रजा ने थाने में आवेदन देकर बताया है कि दो साल पूर्व से ही तेघड़ा थाना क्षेत्र के पिपरा दोदराज गांव निवासी सुखदेव पासवान के 25 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार उर्फ पंकज पासवान, सुधीर सहनी के 24 वर्षीय पुत्र कन्हैया कुमार एवं सुमर पासवान के 25 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार के द्वारा पांच लाख की रंगदारी की मांग की जा रही थी जिसको लेकर ग्रामीण स्तर पर पंचायती भी हुई जिसमें पंकज पासवान की मां उमदा देवी ने गलती मानते हुए दुबारा ऐसी घटना नहीं होने की बात कही थी। पंकज पासवान तेघड़ा थाना कांड संख्या 181/23 में दस महीने जेल में रहा। जेल से छूटने के बाद फिर से मेरे भाई से रंगदारी मांगने लगा और गुरुवार को भी बाइक रोककर रंगदारी की मांग की नहीं देने पर तुरंत गोली मारने की धमकी दी और तीनों ने बारी बारी से मेरे भाई को गोली मार कर मौत का घाट उतार दिया और हथियार लहराते हुए पंकज पासवान ने अपने एक अन्य साथी गौरव का नाम लेकर भागने को कहा और पंकज समेत उसके और अन्य साथी वीरपुर की ओर भाग गया। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया है कि आवेदन के आलोक में मामला को दर्ज कर अपराधी की तलाश की जा रही है। वहीं इस घटना को लेकर व्यवसाई वर्ग के लोगों के साथ ही आम लोगों के बीच भी पुलिस प्रशासन के खिलाफ काफी गुस्सा है।

## धर्मपुर पंचायत में प्राथमिक विद्यालय छावनी का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड में जाकर धर्मपुर पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय छावनी का शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) आलोक कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की उपस्थिति, पढ़ाई की स्थिति, मध्याह्न भोजन, भवन व्यवस्था तथा साफ-सफाई सहित विभिन्न बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई बीडीओ आलोक कुमार ने विद्यालय में शिक्षण कार्य को और अधिक बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टरों की जांच कर शिक्षकों को नियमित रूप से समय पर विद्यालय पहुंचने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावकों से निरंतर संवाद बनाने का सुझाव दिया। निरीक्षण के क्रम में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और भंडारण व्यवस्था को भी देखा गया। बीडीओ ने रसोईघर की साफ-सफाई और मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने स्कूल परिसर की स्वच्छता पर असंतोष जताते हुए तत्काल सुधार करने को कहा विद्यालय भवन, शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कई जगह मरम्मती की आवश्यकता मिलने पर बीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया। इस दौरान बीडीओ आलोक कुमार ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार प्रखंड प्रशासन की प्राथमिकता है। विद्यालयों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिक्षकों से पठन-पाठन के स्तर को उन्नत बनाने तथा बच्चों में अनुशासन एवं सीखने की रुचि विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास करने को कहा निरीक्षण के दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## अज्ञात हमलावरों ने की बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** शुक्रवार की अहले सुबह भरगामा थाना क्षेत्र के भरगामा पंचायत के वार्ड-4 (संथाल टोला) निवासी 60 वर्षीय उपेन्द्र हैम्ब्रम को भैंस चराने के दौरान अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से सर पर प्रहार कर घायल कर दिया। परिजनों द्वारा घायल उपेन्द्र हैम्ब्रम को ईलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक उपेन्द्र हैम्ब्रम की हालत गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार घायल उपेन्द्र हैम्ब्रम की मौत अररिया अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में हो गई। सूचना मिलने के बाद भरगामा थाना पुलिस उपेन्द्र हैम्ब्रम के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने हेतु अररिया भेज दिया है। घटना के मद्देनजर मृतक उपेन्द्र हैम्ब्रम का छोटा भाई की पत्नी सुर्यमुनी देवी ने भरगामा थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई है। घटना के सन्दर्भ में बताया जा रहा है कि उपेन्द्र हैम्ब्रम शुक्रवार की अहले सुबह भैंस चराने घर से पश्चिम बांध पर गया था। इसी क्रम में तीन अज्ञात अपराधियों ने उपेन्द्र हैम्ब्रम से जोर जबरदस्ती कर भैंस छीन लिया। विरोध करने पर अपराधियों ने जान मारने की नियत से धारदार हथियार से सर पर प्रहार किया। सर पर प्रहार करने के बाद उपेन्द्र हैम्बम बुरी तरह घायल होकर गिर गया। आधा घंटा के बाद भैंस का बच्चा घर आया तो संदेह के आधार पर परिजनों के द्वारा खोजबीन की गई। खोजबीन के दौरान देखा गया कि उपेन्द्र हैम्बम खून से लथपथ खेत में पड़ा हुआ है। उधर उपेन्द्र हैम्ब्रम की मौत के बाद परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि उपेन्द्र हैम्ब्रम अविवाहित था फिलहाल वह अपने भाई के साथ जीवन यापन करता था। इधर भरगामा थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि घटना के मद्देनजर तहकीकात जारी है।

## दिव्यांगों के लिए लगेगा व्यावसायिक मार्गदर्शन शिविर

**बेगूसराय।** जिला नियोजनालय द्वारा जिले के सभी दिव्यांगजनों के लिए एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। श्रम संसाधन विभाग पटना के तत्वावधान में यह शिविर दिव्यांगजन के लिए नियोजन सहायता स्कीम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। आगामी 12 दिसंबर को संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई कैम्पस, पन्हास, बेगूसराय स्थित जिला नियोजनालय परिसर में सुबह 11 बजे से यह विशेष मार्गदर्शन शिविर आयोजित होगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं, लाभों तथा रोजगार-संबंधी विकल्पों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएँगे। शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को उपयुक्त व्यावसायिक दिशा प्रदान करना और उन्हें नियोजन के अवसरों से जोड़ने में सहयोग करना है। जिला नियोजनालय ने जिले के सभी दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में निर्धारित समय पर उपस्थित होकर इसका लाभ प्राप्त करें।

## पल्स पोलियो अभियान को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**भागलपुर।** जिले में आगामी 16 दिसंबर से आरंभ पोलियो पोलियो उन्मूलन अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जयप्रकाश नारायण छपरा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ फारूक अली एवं यूनिसेफ के एसएमपी अमित कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उक्त रैली भागलपुर शहर के सराय चौक, मंदिरोजा चौक, महादेव सिंह कॉलेज, इवनिंग कॉलेज चौक से होते हुए शफाली युवा क्लब के प्रांगण में संपन्न हुआ। रैली में पीसीआई के आनंद कुमार, जेएसआई के रिंकेश कुमार, यूनिसेफ के बीएमसी अजीत कुमार, पीतांबर कुमार सिंहा, शफाली युवा क्लब के सदस्य गुलफशा परवीन एवं डॉ विजयालक्ष्मी सहित बड़ी संख्या में लोग और बच्चे शामिल थे। इस दौरान बच्चे- बड़े सभी दो बूंद दवा ,पोलियो की हवा के नारे लगा रहे थे। पोलियों उन्मूलन अभियान अभियान जिले भर में आगामी 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा इस अभियान में लगभग 6 लाख 65 हजार बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई जाएगी।

## घोसी क्षेत्र में फल्गु नदी से व्यक्ति का शव बरामद, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के ब्रह्मस्थान निवासी विजय प्रसाद का शव शुक्रवार को घोसी प्रखंड के भारथू गांव स्थित फल्गु नदी से बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। विजय प्रसाद 4 दिसंबर से लापता थे। परिजनों ने उनकी हत्या किए जाने की आशंका जताई है और पुलिस पर समय पर प्राथमिकी दर्ज न करने का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार, विजय प्रसाद 4 दिसंबर को अपने घर से घोसी थाना क्षेत्र के गंगापुर गोडसर गांव स्थित अपने भगिना के घर विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। रात करीब 9 बजे तक वे समारोह में मौजूद थे, लेकिन इसके बाद अचानक गायब हो गए। काफी खोजबीन के बावजूद उनका कोई पता नहीं चला। परिजनों का कहना है कि लापता होने के 24 घंटे बाद उन्होंने घोसी थाने में गुमशुदगी का आवेदन दिया था, लेकिन पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। इस पर परिजन नाराज़ हैं और इसे पुलिस की लापरवाही बता रहे हैं। शुक्रवार को ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और विजय प्रसाद का शव फल्गु नदी से बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नदी में पानी में रहने के कारण शव में काफी सूजन पाई गई। इस संबंध में घोसी प्रक्षेत्र के डीएसपी संजीव कुमार ने बताया कि मामला संदिग्ध है और सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि शव पानी में रहने के कारण काफी फूला हुआ था। यह हत्या है, दुर्घटना है या कोई और कारण, यह स्पष्ट रूप से पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल पुलिस मामले की हर एंगल से जांच में जुटी है। हालांकि मृतक के परिजन लगातार पुलिस पर आरोप लगा रहे हैं कि समय रहते प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान की जाती तो शायद स्थिति अलग होती।

## बिजली चोरी मामले में दो पर प्राथमिकी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑपरेशन बिजली चोरी के खिलाफ चल रहे हैं छापेमारी के दौरान शुक्रवार को बिजली विभाग की टीम मसौढ़ी के तारेगना डीह मोहल्ले में छापेमारी की इस छापामारी दल में एसटीएफ व सहायक विद्युत अभियंता रजा अहमद अंसारी के साथ कनिय विद्युत अभियंता रंजीत कुमार, सहायक विद्युत अभियंता समेत पांच लोगों की टीम गठित कर छापेमारी की गई।जहां तारेगना डीह गांव स्थित राजेंद्र पासवान स्वर्गीय कपिल पासवान जो मीटर बायपास कर बिजली चोरी कर रहे थे उनके खिलाफ 37,361 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू।**

**Email:- palamunrep@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना।**

**ई0निविदा संख्या–RDD/NREP/Palamu 04/2025-26**

विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 15.12.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 15.12.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 22.12.2025 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 24.12.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू।

कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आइडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पाटन | ग्राम सघपुर राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विघालय में एक कमरे का निर्माण एवं 02 भवनों का जीर्णोद्वार। | 24.362 | 50000.00 | 5000.00 | 6 माह मात्र | 01/2025-26/ EE/RDD/NRE P/PALAMU |

नोट–
1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. भवन प्रमण्डल, पलामू एवं आर0ई0ओ0, पलामू में समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें **www.palamu.nic.in** एवं कार्यालय कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए **Website- www.jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, मेदिनीनगर पलामू।

PR 368404 NREP(25-26)D


## जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम एवं निवारण हेतु जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को शहर के मुरलीधर उच्च विद्यालय में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सैकड़ों छात्र एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जहानाबाद ग्रामीण, श्रीमती रेणु कुमारी ने कहा कि– 'जेंडर आधारित हिंसा समाज की गंभीर समस्या है, जिसे रोकने के लिए जागरूकता सबसे महत्वपूर्ण हथियार है।बच्चों को बचपन से ही समानता, सम्मान और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना आवश्यक है।लड़कियों और लड़कों दोनों को शिक्षा, खेल, प्रतियोगिताओं और कैरियर के हर क्षेत्र में बराबर अवसर मिलना चाहिए।' कार्यक्रम के दौरान छात्रों को जेंडर आधारित हिंसा के प्रकार एवं उसके दुष्परिणाम, लड़कियों और लड़कों के प्रति समान व्यवहार की आवश्यकता,बाल विवाह, घरेलू हिंसा तथा विद्यालय स्तर पर होने वाली लैंगिक विभेद जैसी समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान 'गुड टच, बैड टच' की जानकारी कक्षा अनुसार दी गई। सुरक्षा के लिए जारी राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबरः 112, 1098, 181 आदि की जानकारी भी छात्रों से साझा की गई। इस दौरान छात्रों के बीच प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान शपथ दिलाई गई कि वे विद्यालय और समाज में समानता के वातावरण को बढ़ावा देंगे। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका सुशीला कुमारी एवं संजू कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान करते हुए छात्रों को जेंडर समानता पर प्रेरक संदेश दिए।

# लूटकांड के चार घंटे के भीतर पुलिस ने किया घटना का पर्दाफाश

## गिरोह में शामिल महिला आरोपित समान के साथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा बाजार से हुए लूट कांड का पुलिस ने चार घंटे के भीतर लुटेरे गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सामान को भी बरामद कर लिया है। साथ ही लुट का सामान खरीदने वाले दुकानदार एवं गिरोह के कई सदस्यों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दरअसल सरेन गांव निवासी रवीना नामक महिला टेहटा बाजार में डॉक्टर को दिखाने आई थी। इसी बीच उसके हैंड पर्स की चोरी हो गई, जिसमे सोने का मंगलसूत्र रखा हुआ था। घटना की सूचना महिला ने टेहटा थाने की पुलिस को दी। पुलिस के समक्ष पीड़ित महिला ने एक महिला पर शक जाहिर करते हुए उसका हुलिया बताया जिसके बाद टेहटा थाने की पुलिस महिला की तलाश में जुट गई। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि महिला ने जिस हुलिए की महिला का जिक्र किया था उसी शक्ल की एक महिला होटल में नाश्ता कर रही थी। जिससे पुलिस ने पूछताछ किया उन्होंने बताया कि पहले तो महिला ना नुकुर करती रही पर जब महिला से सख्ती के साथ पूछताछ की गई तो उसने अपना दोष स्वीकार करते हुए कहस कि वे लोग मखदुमपुर स्टेशन के नीचे रहती है और इसी तरह का काम करती है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार महिला निक्कू देवी से जब पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि महिला से लुटा हुआ समान लेकर दूसरी महिला पिंकी देवी एवं दामिनी कुमारी लेकर चली गई है। पुलिस जब उन दोनो महिलाओं की तलाश में मखदुमपुर पहुँची तो वहां उन महिलाओं ने बताया की वे बेलागंज बाजार स्थित कृष्णा ज्वेलर्स के यहां जाकर मंगलसूत्र को बेच दी है। साथ ही उन महिलाओं ने बताया कि वे लोग जहां भी इस तरह की घटना को अंजाम देती हैं, उसे बेलागंज स्थित कृष्णा ज्वेलर्स में ही बेचती हैं। जिसके बाद पुलिस ने बेलागंज बाजार स्थित कृष्णा ज्वेलर्स में छापेमारी किया जहां से महिला का लूटा हुआ मंगलसूत्र बरामद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने कृष्णा ज्वेलर्स के प्रोपराइटर शंकर प्रसाद को भी गिरफ्तार किया। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष ने बताया के लूट कांड की सूचना प्राप्त होने के महज़ चार घंटे के भीतर ही पूरे गिरोह का भंडाफोड़ कर उसे गिरफ्तार कर किया गया हैं। इधर पुलिस की इस तत्परता का लोगों में काफी चर्चा का माहौल बना रहा।

## आपसी विवाद में लहराया देसी कट्टा

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के दुलार बीघा गांव में शुक्रवार की दोपहर में दो भाइयों के बीच आपसी विवाद के बीच हो रहे हो झंझट में एक युवक देसी कट्टा लहराते हुए डराने की कोशिश करने गया था, जहां दूसरे गुट के लोगों ने उसे पकड़ लिया और कट्टा छीन लिया इस बीच पुलिस को भी सूचना मिली जहां पुलिस आनन फानन में पहुंची, लेकिन पुलिस से पहले वह भाग निकला, जहां घटना स्थल पर देसी कट्टा को बरामद किया है। दरअसल बताया जाता है कि प्रमोद कुमार एवं छोटे प्रसाद दोनों भाइयों के बीच आपसी विवाद को लेकर झगड़ा झंझट चल रहा था वहीं टंनटन कुमार जो दुलारबिगहा गांव का है वह देसी कट्टा लेकर प्रमोद कुमार को डराने पहुंचा था जहां सभी ने मिलकर उसका देसी कट्टा को छीन लिया मौके पर पहुंची पुलिस हथियार को जप्त कर लिया है। वही पुलिस ने प्रमोद कुमार के दिए गए बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में होगा मसौढ़ी का चौमुखी विकास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के अदलचक गांव में बनने वाली सड़क निर्माण को लेकर विधायक अरुण मांझी ने नारियल फोड़ कर कार्य प्रारंभ किया है। दरअसल विधायक बनने के पहली बार सड़क निर्माण के लिए शिलान्यास अदलचक गांव में शिलान्यास किया है। गौरतलब है की बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड पटना पश्चिम के परियोजना के द्वारा नगर परिषद मसौढ़ी के वार्ड नंबर 7 अदलचक गांव के मुख्य सड़क से उदय प्रसाद के घर तक देवी स्थान से पूर्व अर्जुन प्रसाद के घर तक नाली एवं पीसीसी का निर्माण होना है। जिसका शिलान्यास विधायक अरुण मांझी ने नारियल फोड़कर किया है। यह सड़क निर्माण का प्राकलन राशि 16,61,320 है, जो 20.7.2026 तक निर्माण किया जाना है। मौके पर नवनिर्वाचित विधायक अरुण मांझी ने कहा कि



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में मसौढ़ी विधानसभा में चौमुखी विकास होगा। हर गांव में गली नाली पक्की सड़क बिजली पानी की सुविधा बहाल होगी। जहां जो भी काम अधूरा होगा वह पूरा किया जाएगा। मौके पर जदयू प्रखंड ग्रामीण अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, नगर अध्यक्ष अश्वनी उर्फ गोल्डी, बीजेपी नगर अध्यक्ष आशीष देव, मुकेश कुमार सिंह, अनिल कुमार, जदयू राजनीतिक सलाहकार जयकिशोर सिंह ऊर्फ पप्पु, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि कारू सिंह, राकेश रंजन, ओमप्रकाश शर्मा आदि शामिल रहे।

# सड़क के किनारे फेंकी गई एक्सपायरी दवा पर स्वास्थ्य विभाग ने लिया एक्शन

### उठाई गई दवा, अस्पतालों में हुई सघन जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी नौबतपुर मार्ग में मसौढ़ी थाना क्षेत्र के डोरी पर गांव के पास सड़क के किनारे फेंकी गई सरकारी दवा पर नवबिहार टाइम्स में प्रकाशित खबर पर स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लिया है और एक्शन लेते हुए सिविल सर्जन ने मसौढ़ी पीएचसी प्रभारी को निर्देशित किया है कि टीम गठित करते हुए पूरे मामले की जांच की जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर रामानुज ने बताया कि एक

**खबर का असर**

चिकित्सक समेत पांच लोगों की टीम गठित करते हुए घटना स्थल का जज लिया। इसमें डॉ आनंद, स्वास्थ्य प्रबंधक ललन कुमार सिंह, दवा स्टोर कीपर गजेंद्र कुमार के साथ उमेश कुमार, दयानंद कुमार आदि शामिल थे। सडक किनारे फ़ेके गए दवा को संग्रहित किया गया है, उसके बाद सबसे पहले मसौढ़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के दवा भंडार की सघन जांच की गई लॉग बुक एवं दवा वितरण का पूरा मिलान किया गया, जहां बताया गया की दवा मसौढ़ी पीएचसी का नहीं है।उसके बाद यहां से पत्र बनाकर सिविल सर्जन कार्यालय को भेज दी गई। इस पूरे मामले में सिविल सर्जन डॉ अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि सरकारी दवा को सड़क के किनारे एक्सपायर होने के बावजूद फेंक दिया जाना यह बहुत बड़ा अपराध है। इसकी पूरी मामले की जांच की जाएगी। जो भी दोषी होंगे बख्शे नहीं जाएगा

# सड़क के किनारे जल रहे कूड़े पर नगर प्रशासन ने लिया संज्ञान, अग्निशमन से बुझाई गई आग

**खबर का असर**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी पितवांस मार्ग के मोहिद्दीनपुर के पास सड़क के किनारे जल रहे कूड़े और उससे उठ रही धुएं से न केवल आमजन परेशान हो रहे थे बल्कि वातावरण पर भी प्रदूषण का खतरा मंडरा रहा था। जिसको लेकर गुरुवार को नवबिहार टाइम्स अखबार में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी। जिसको लेकर नगर परिषद प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को न केवल सड़क के किनारे से



कूड़े के ढेर को हटाया गया बल्कि अग्निशमन के द्वारा मोहिद्दीन पुर गांव की बिजली को आधे घंटे कटवा कर जल रहे कूड़े को बुझाया गया। इस पूरे मामले में नगर परिषद प्रशासन के अमीन रामाधार कुमार यादव ने बताया कि जैसे ही जानकारी मिली की धूआं से आवागमन बाधित हो रही है अविलंब उस पर एक्शन लेते हुए अग्निशमन की दमकल की गाड़ी को भेज कर सभी जल रहे कूड़े को बुझा दिया गया है और जेसीबी मशीन के जरिए कूड़े के ढेर को सड़क के किनारे से हटकर और दूर पर कर दिया गया है। ऐसे में अब उसे रास्ते से गुजरने वाले लोग राहत की सांस ले रहे हैं। इस कारवाई पर बाल विद्या निकेतन के स्कूल संचालक वेद प्रकाश गुड्डू ने नगर परिषद प्रशासन और मसौढ़ी के सभी स्थानीय पत्रकार को साधुवाद दिया है।

## पुलिस ने दो शराब कारोबारियों को किया गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस ने थाना क्षेत्र के कोहरा गांव में छापेमारी कर फरार चल रहे शराब कारोबारी सूरज कुमार एवं अनुज कुमार को कोहरा से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उन्होंने बताया कि अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी को लेकर कोहरा गांव में छापेमारी कर फरार चल रहे दोनों शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## खलिहान में रखे धान के पुंज में लगी आग, पांच लाख की संपत्ति का नुकसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के सांडा पंचायत के भेडगांवा में खलिहान में रखे हुए धान के पुंज में शुक्रवार की तकरीबन 11 बजे अचानक आग लग गई। आग लगते देख आस पास के लोगों के बिच आग बुझाने के लिए दोड़ पड़े। आसपास के लोग आग पर काबू करने की कोशिश की, लेकिन तब तक आग के आगोश में सभी धान का पुंज जलकर राख हो गया है। पीड़ित नागवेश्वर प्रसाद पिता स्व द्वारिका प्रसाद ने बताया कि तकरीबन 5 बिघे की धान की फसल काटकर खलिहान में रखे हुए थे और कुछ दिनों में इसे पिटवाने के भी तैयारी में जुटे थे, इसी बीच पता नहीं कैसे आग लग गई है 5 लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है। मौके पर पहुंचे धनरूइ थाना के अपर थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि आगलगी की सूचना मिली थी और जैसे ही सूचना मिली फायर ब्रिगेड को सूचना देते हुए आग बुझाने के लिए आए जहां फायर ब्रिगेड और स्थानीय लोगों से मिलकर आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक पूरी तरह से धान का पुंज जलकर राख हो गया था, वहीं सांडा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार डब्ल्यू मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लेते हुए पीड़ित किसान के जले हुए धान को लेकर सरकार से मुआवजा की मांग की है।

# खेल प्रतियोगिता एवं मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** काको प्रखंड मुख्यालय स्थित जहानाबाद मंडल कारा में कारा दिवस बहुत ही उत्साह और उमंग के साथ कैदियों के बीच मनाया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त, डॉ प्रीति के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में अपर समाहर्ता, विभागीय जांच विनय कुमार उपस्थित थे। बताते चले कि बिहार जेल मैन्युअल को 12 दिसंबर 2012 को अपनाया गया था तब से लेकर प्रतिवर्ष बिहार के सभी कारा में 12 दिसंबर को कारा दिवस का आयोजन किया जाता है। इस दिन बंदियो के लिए विशेष मनोरंजन और खेलकूद कार्यक्रम आयोजित की जाती है। शुक्रवार



को इसके तहत उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति द्वारा फीता काटकर बंदियो के बीच दो महीने चलने वाले जेल प्रीमियर लीग का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सत्र में अपर समाहर्ता विभागीय जांच के द्वारा बल्लेबाजी कर मैच का शुभारंभ किया गया। कैदियों के बीच 2 महीने चलने वाले जेल प्रीमियर लीग के लिए पांच टीमें बनाई गई है, जिनके नाम है काको फाइटर, मखदुमपुर किंग्स इलेवन, घोषी वॉरियर,अरवल चैलेंजर, जहानाबाद सुपर 11 और एक प्रशासन की टीम भी बनाई गई है। शुक्रवार को उद्घाटन मैच जहानाबाद सुपर 11 बनाम जहानाबाद प्रशासन के बीच आयोजित हुआ। इस मैच में जहानाबाद सुपर- 11 ने 15 ओवर के इस मैच में 257 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कारा प्रशासन की टीम द्वारा 161 रन बनाकर आउट हो गई। मैच के समाप्ति पर विजेता टीम को कारा अधीक्षक अजीत कुमार के द्वारा ट्रॉफी प्रदान किया गया। इसके अलावा पुरुष बंदियो के लिए रस्सा खींच प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था। वहीं महिला बंदियो के लिए म्यूजिकल चेयर और स्पून रेस का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अजीत कुमार के साथ-साथ उपाधीक्षक श्री भोला प्रसाद शर्मा, सहायक अधीक्षक श्री राजीव रंजन पाल, निधि कुमारी, सुधीर कुमार एवं समस्त कारा कर्मी उपस्थित थे।

## पुनपुन पुलिस ने लक्ष्मण झूला पर चलाया सघन वाहन जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन में बने लक्ष्मण झूला पर इन दिनों लहरिया कट बाइकर्स का इन दोनों रेस चल रहा है एवं साइलेंसर बदलकर तेज आवाज के साथ फटफटिया वाले मोटरसाइकिल का इन दोनों रेसिंग की शिकायत मिलने पर पुनपुन पुलिस ने लक्ष्मण झूला पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर ऑपरेशन लहरिया बाइकर्स के दौरान कई बाइकर्स को पकड़कर उसकी लाइसेंस की जांच की गई है। सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सभी बाइकर्स में हडकप मच गई और सभी भाग निकले हैं। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि जब से लक्ष्मण झूला बनी है तब से पुल पर लहरिया कट बाइक चलाने वाले की तादाद बढ़ते जा रही थी, कुछ बाइकर्स लोग अपना साइलेंसर को चेंज करवा कर तेज आवाज वाले बाइक के साथ गाड़ी इधर से उधर कर रहे थे। ऐसे में पैदल चल रहे यात्रियों को एवं अन्य वाहन चालकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में जनता की मिली हुई शिकायतों को देखते हुए लक्ष्मण झूला पर दोनों तरफ सघन वाहन चेकिंग की गई, दर्जनों बाइकर्स युवकों को पकड़कर उसकी लाइसेंस को जांच की गई है। इस दौरान लहरिया कट बाइकर्स को सख्त चेतावनी दी गई है कि अगर कोई भी युवक लहरिया कट बाइक चलाते हुए दिखेगा तो उसे पर सख्त कार्रवाई होगी।

# धनरूआ के अशरफपुर में पुल निर्माण का ग्रामीणों ने जताया विरोध, एसडीएम से लगाई गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड के छाती पंचायत के अशरफपुर गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में पहुंचकर लिखित आवेदन देकर गुहार लगायी है। दरअसल दिए गए आवेदन के आलोक में बताया गया है कि मौजा छाती, ग्राम-अशरफपुर, से पूर्व भूतही नदी पर पुल का निर्माण होने जा रहा है। नदी का चौड़ाई 228 फीट है। जबकि पुल का निर्माण नदी के पश्चिम साइड चाचर पर 56 फिट पर पुल का निर्माण होने



जा रहा है। जिसमें प्लॉट संख्या 2166, का पानी का निकास बंद हो रहा है, एवं प्लॉट संख्या 2166 के उत्तर साईड में प्लॉट संख्या 2164 है जिसमें छह व्यक्तियों का मकान बना हुआ है, के दक्षिणी छोड़-पूर्वी छोर पर पुल निर्माण किया जा रहा है जिससे पूरे अशरफपुर ग्रामवासियों का आने-जाने का रास्ता एवं खन्दा चन्दीपा, तरी, एवं पूरे अशरफपुर ग्राम का पानी निकासी का रास्ता पूरी तरह बन्द हो जाएगा। जिससे आम जनता को बहुत परेशानी का सामना करना पडेगा। ग्रामीणों में सिद्धेश्वर प्रसाद, विक्रम कुमार। आदी ने बताया कि एसडीएम से गुहार लगाये हैं कि पूरे गांव के लोगों का पानी निकासी और रास्ता अवरूद्ध हो जाएगा इस पर पहल की जाए।

# किसानों को मिला प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण, उत्पादन बढ़ाने की पहल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों की लागत घटाकर उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार की योजना नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग (एनएमएनएफ) के तहत मसौढ़ी में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया, जहाँ प्रखंड कृषि कार्यालय में शुक्रवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्षित पटेल की अध्यक्षता में नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के तहत कृषि वैज्ञानिक के जरिए किसानों को प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीकें, जैविक उत्पादों का निर्माण, मिट्टी सुधार प्रक्रिया और लागत घटाने के वैज्ञानिक



तरीके सिखाए गए। प्राकृतिक खेती का उद्देश्य रासायनिक खादों पर निर्भरता कम कर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाना है। इससे किसानों की लागत घटती है और फसल की गुणवत्ता बेहतर होती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को रासायनिक मुक्त, टिकाऊ और कम लागत वाली खेती की तकनीकों से अवगत कराया गया। इस मौके पर जिला परियोजना प्रबंधक अविनाश कुमार एवं कृषि वैज्ञानिक राजेश कुमार उपस्थित रहे। इसके अलावा मसौढ़ी प्रखंड के सभी पंचायत के किसान, किसान सलाहकार उपस्थित रहे। किसानों को प्रशिक्षित करते हुए कृषि वैज्ञानिक राजेश कुमार ने बताया कि किसानों को रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर निर्भरता और मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करके टिकाऊ कृषि प्रणालियों को बताया। किसानों को जैविक खाद, बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, और नीमास्त्र जैसी प्राकृतिक तकनीकों और इनपुट तैयार करने का व्यावहारिक ज्ञान दिया गया है। इसके अलावा उन्होंने बताया की प्राकृतिक खेती को अपनाकर किसान अपनी इनपुट लागत को काफी कम कर सकते हैं और स्वस्थ, रसायन मुक्त उत्पाद प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि होती है।

## धोखाधड़ी मामले में फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** कादिरगंज पुलिस ने शुक्रवार को मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव से पैसा जालसाजी मामले में फरार अभियुक्त अनिल कुमार पिता स्वर्गीय महेंद्र सिंह को घर से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह मामला बीते 21.4.2024 की है जहां पर वादी दिनेश सिंह पिता रामप्यारे सिंह मुजफ्फरपुर निवासी ने अनिल कुमार और उसके भाई दिलीप कुमार सिंह पर पैसा जालसाजी करने की प्राथमिकी दर्ज की थी। दिए प्राथमिकी दर्ज के आवेदन में लिखा गया था की दिनेश सिंह ने धान चना मसूर की बिक्री की थी जिसे कीमत 3 लाख 50 हजार थी, पैसा देने के नाम पर 10 लाख का चेक अनिल कुमार ने दी थी लेकिन जब वह पैसा बैंक भौजाने गया तो चेक बाउंस हो गया था। उसमें प्राथमिक्की दर्ज कराई गई थी तब दिलीप सिंह ने कहा था कि एक लाख रुपया करके जमा कर देंगे लेकिन बाद में पैसा नहीं दिया गया था इसी मामले में फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है।

# आईसीडीएस सेवाओं को पात्र लाभुकों तक पहुंचाने का लक्ष्य

### लगातार सीडीपीओ कर रही आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** आईसीडीएस की सभी योजनाओं को पारदर्शी तरीके से शत प्रतिशत लाभुकों तक पहुंचे जिसको लेकर मसौढ़ी सीडीपीओ आरती कुमारी के नेतृत्व में लगातार सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का प्रतिदिन निरीक्षण शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में सीडीपीओ ने सभी केंद्रों पर पहुंचकर स्थलीय जायजा लिया। साथ ही सेविकाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सीडीपीओ ने सभी सेविका व सहायिका को अपने-अपने केंद्रों पर नाामंकित बच्चों के साथ समय से उपस्थित रहने, केंद्रों की साफ-सफाई व



पोषाहार संचालन पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। सीडीपीओ ने निरीक्षण कर स्कूल पूर्व शिक्षा कार्यक्रम, साफ-सफाई, शैक्षणिक माहौल, बच्चों की उपस्थिति, पोषाहार संचालन सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर रिपोर्ट ली। सीडीपीओ ने बताया कि लगातार आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण जारी रहेगा। लगातार केंद्र निरीक्षण से केंद्र संचालन में महत्वपूर्ण सुधार भी हुआ है। दरअसल ग्रामीण स्तर पर आंगनबाड़ी सेवाओं को उनके सही लाभार्थियों तक पहुँचाने के लिए लगातार निगरानी (मॉनिटरिंग) कर रही हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे है कि सभी पात्र लाभुकों को सेवाओं का लाभ मिले।सेविकाओं को पोषण ट्रैकर और सर्वे पंजी अपडेट करने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही सभी सुपरवाइजर को भी अपने-अपने सेक्टर में प्रतिदिन निरीक्षण करने का निर्देश दिए हैं। लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## गोपाल नारायण सार्वजनिक पुस्तकालय का 113वां स्थापना दिवस मना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** दुल्हिन बाजार प्रखंड के भरतपुरा गांव स्थित देश के सातवें स्थान पर आने वाले गोपाल नारायण सार्वजनिक पुस्तकालय सह संग्रहालय का 113वां स्थापना दिवस शुक्रवार को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व सचिव ध्रुपद नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि से हुई। इसके बाद स्थानीय विधायक डॉ संदीप सौरभ, पालीगंज एसडीएम सह पुस्तकालय समिति के पदेन अध्यक्ष गरिमा लोहिया, पुस्तकालय सचिव मुकेशधारी सिंह और वरिष्ठ चिकित्सक डॉ श्यामनंदन शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों का शॉल और गुलदस्ते देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पुस्तकालय सचिव मुकेशधारी सिंह ने पुस्तकालय के विकास से जुड़ी कई मांगें रखीं। संचालन कर रहे डॉ. श्यामनंदन शर्मा ने कहा कि पुस्तकालय आर्थिक संकट से जूझ रहा है, ऐसे में इसे बचाने के लिए जनता का सहयोग बेहद जरूरी है। विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने घोषणा की कि यदि सरकार छात्रों के लिए स्टडी हॉल नहीं बनवाती है, तो वे स्वयं अपने स्तर से स्टडी हॉल का निर्माण करवाएंगे। वहीं एसडीओ गरिमा लोहिया ने कहा कि पुस्तकालय को विकसित और आकर्षक बनाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगी।

# उत्तर कोयल नहर परियोजना के लिए दो दिनों के अंदर पूर्ण करें लंबित भूमि अधिग्रहण का कार्य : अभिलाषा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उत्तर कोयल नहर परियोजना के अंतर्गत भूमि रैयतीकरण एवं अधिग्रहण कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में परियोजना के विभिन्न पैकेजों की प्रगति, भूमि अधिग्रहण की स्थिति, रैयती एवं गैर-रैयती भू-स्वामियों को भुगतान की प्रगति तथा लंबित कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा नबीनगर, मदनपुर, अम्बा, औरंगाबाद तथा गया प्रमण्डलों में भूमि अधिग्रहण की वर्तमान स्थिति, लंबित प्रक्रियाएं, रैयतीकरण, सरकारी भूमि हस्तांतरण, रैयती दावों के सत्यापन तथा अधियाचनाओं की स्वीकृति में आ रही बाधाओं का गहन परीक्षण किया गया। औरंगाबाद जिले में परियोजना के कुल 9 पैकेज हैं जिनकी कुल लंबाई 77.69 किमी है। कुल अधिग्रहणीय भूमि 41.251 हेक्टेयर है जिसमें अब तक 32.7099 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है और 8.5411 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण लंबित है। भूमि का वर्गीकरण इस प्रकार है। रैयती भूमि 29.1048 हेक्टेयर, गैर-मजरूआ आम भूमि 7.1445 हेक्टेयर, गैर-मजरूआ मालिक भूमि 3.017 हेक्टेयर और बकास्त भूमि 1.986 हेक्टेयर है। उत्तर कोयल प्रमंडल नवीनगर में सभी 12.2483 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है। अम्बा में 7.078 हेक्टेयर में से 6.3936 हेक्टेयर अधिग्रहित है और 0.7044 हेक्टेयर शेष है। औरंगाबाद में 8.210 हेक्टेयर में से 5.638 हेक्टेयर अधिग्रहित है और 2.572 हेक्टेयर शेष है। मदनपुर में 5.338 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है। गया में 8.3776 हेक्टेयर में से 1.2998 हेक्टेयर अधिग्रहित है और 5.031 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण लंबित है। जिलाधकारी ने निर्देशित किया कि लंबित भूमि अधिग्रहण कार्य दो दिनों के अंदर पूर्ण किया जाए। रैयतों को भुगतान में पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और सभी पैकेजों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से अद्यतन कर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव एवं संबंधित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## इंद्रपुरी बराज की चाट से अज्ञात शव बरामद

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** इंद्रपुरी बराज के पास चाट से एक अज्ञात व्यक्ति का शव नरारी कलां खुर्द थाना की पुलिस द्वारा बरामद किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर आवश्यक पूछताछ के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया गया। पुलिस आसपास के थानों के साथ ही शोशल मीडिया के माध्यम से शव की पहचान में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टता के अनुसार मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त है। मृतक का उम्र क़रीब 50 वर्ष के आसपास होगी। शरीर पर जख्म के कोई निशान नहीं है। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम करा कर 72 घंटे के लिए पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है और विभिन्न स्त्रोतों से पता लगाया जा रहा है। मृतक कहां का रहने वाला था और कहां जा रहा था। बावजूद पहचान न होने पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया जायेगा।

# लूटपाट का विरोध करने पर भाई-बहन को मारी गोली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जम्होर थाना क्षेत्र के शीशो बिगहा गांव के पास गुरुवार देर रात लूटपाट का विरोध करने पर अपराधियों ने बाइक सवार भाई-बहन को गोली मार दी। गंभीर हालत में दोनों को सदर अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मगध मेडिकल कॉलेज गयाजी रेफर कर दिया। घटना तब हुई जब दोनों परीक्षा देकर घर लौट रहे थे। घायलों की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के बिहारी बिगहा निवासी योगेंद्र पासवान के पुत्र विकास कुमार (20) एवं पुत्री वंदना कुमारी (23) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार विकास अपनी बहन को जीविका की परीक्षा दिलाकर गयाजी से लौट रहा था। कारा मोड़ पर चचेरे भाई सुशील पासवान को फोन कर बाइक लेकर आने को कहा। जब सुशील वहां पहुंचा तो तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे, तभी शीशो बिगहा के पास तीन बदमाशों ने रोक लिया और मोबाइल तथा पैसे छीन लिये। विरोध करने पर गोली चला दी। गोली विकास के सीने में और वंदना के हाथ में लगी। सुशील ने शोर मचाया तो ग्रामीण जुटे। इस बीच बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। घायल भाई-बहन को इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद लाया गया। दोनों की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। जम्होर थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है, जिसके कारण अपराध बढ़ रहे हैं। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल घटनास्थल पहुंचे और मामले की छानबीन की। उन्होंने कहा कि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# शराब माफियाओं के खिलाफ आवाज उठाना पड़ा भारी, छोड़ना पड़ा घर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शराब माफियाओं के खिलाफ आवाज उठाना एक परिवार को भारी पड़ गया। बच्चों के साथ घर छोड़कर भटकने को मजबूर हैं। प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। मामला हसपुरा थाना क्षेत्र के इटवा गांव का है। इटवा गांव की रहने वाली खुशबू निशा अपने पति सलाम आलम और बच्चों के साथ समाहरणालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर को गांव के दो लोग रविंद्र साव उर्फ नेपाली एवं दीपक साव उनके घर के दरवाजे पर ही बैठकर खुलेआम शराब बेच रहे थे। विरोध करने पर उसी रात दोनों चार-पांच लोगों के साथ छत के सहारे घर के अंदर घुस गए और जमकर मारपीट की। परिवार को बर्बाद कर देने की धमकी देते हुए दोबारा विरोध न करने की चेतावनी दी। घटना की सूचना थानाध्यक्ष को दी गई, लेकिन पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब माफिया बेखौफ है और पुलिसिया संरक्षण के भरोसे गांव में खुलेआम अवैध धंधा चला रहे है। अब यही आस लेकर पुलिस अधीक्षक के पास आई हूं कि हमें न्याय मिले। घर लौटने में भी डर लगता है। वहीं, सलाम आलम ने बताया कि वह ठेला चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। शराब कारोबारी के द्वारा लगातार धमकी मिलने और बढ़ते खतरे के कारण वे अपने छह बच्चों को लेकर गांव छोड़ चुके हैं। हमने कहीं और शरण ली है। अगर हमें इंसाफ नहीं मिला और हमारी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हुई, तो पूरा परिवार जहर खाकर जान दे देगा। दोनों आरोपी पूर्व से ही शराब कारोबार से जुड़े हुए हैं। मामले में हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने घटना की जानकारी होने से इंकार किया लेकिन बाद में उन्होंने कहा कि अब मामला संज्ञान में आ गया है तो निश्चित रूप से जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# हमले की घटना को राजनीतिक रूप देने की कोशिश कर रहे राजद एमएलसी : प्रमोद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** राजद एमएलसी कारी सोएब के बयान पर रफीगंज के जदयू विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने आरोप लगाया है कि वे बिना सच्चाई जाने इस घटना को राजनीतिक रूप देने की कोशिश कर रहे हैं और हमारी राजनीतिक छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि रफीगंज में माहिद खान पर हमला पूरी तरह भूमि विवाद से जुड़ा हुआ है। माहिद ने पुलिस को दिए बयान में साफ कहा है कि हमले से पहले हमलावरों ने कहा कि इसी ने जमीन का म्यूटेशन कराया है। श्री सिंह ने कहा कि माहिद खान से उनका कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं है। बावजूद एमएलसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि रफीगंज के जदयू विधायक प्रमोद कुमार सिंह के गुंडों ने चुनावी रंजिश में हमला कराया है। विधायक ने इस बयान को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि राजद हमेशा गुंडई की राजनीति करती रही है, इसलिए जनता ने उन्हें नकार दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि कारी सोएब बयान के लिए माफी मांगें, अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने आरोप लगाया कि रफीगंज में भू-माफियाओं का बड़ा गिरोह सक्रिय है। इस गिरोह में माहिद खान के साथ गया जिले के आंती थाना क्षेत्र के करमाईन निवासी पूर्व मुखिया मो. गालिब, रफीगंज के राजा बगीचा निवासी रिजवान रजा, मो. नौशाद, मो. जुनैद, हाजीपुर गोला निवासी मो. ख्वाजा मियां, चांद बिगहा निवासी मो. शहिद खां, न्यू एरिया निवासी शिक्षक मो. नसीम और अन्य शामिल हैं। इनका काम फर्जी जमीन दस्तावेज तैयार करना, अवैध कब्जा करना, फर्जी म्यूटेशन कराना और जमीन की दलाली करना है। विधायक ने दावा किया कि यह गिरोह उनके पूर्ववर्ती विधायक मो. नेहालुद्दीन के पुत्र के संरक्षण में फलता-फूलता रहा है। माहिद खान से पटना अस्पताल में मिलने वालों में पूर्व विधायक के बेटे की मौजूदगी को भी उन्होंने शक के दायरे में बताया और कहा कि इससे साफ होता है कि वह भी भू-माफियाओं का हमदर्द है। विधायक ने रफीगंज के सीओ पर भी भू-माफियाओं से मेल-जोल का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि सीओ ईमानदारी से जनता के लिए काम करें, अन्यथा उनपर भी कार्रवाई होगी क्योंकि सरकार की नीति भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की है।

# 14 बेचों की मदद से होगी लोक अदालत की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद एवं दाउदनगर में 14 बेचों की मदद से अधिक से अधिक वादों की निपटारा किया जायेगा। 13 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां लगभग पुरी कर ली गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने जानकारी देते हुए कहा कि सुबह 10 बजे से उद्घाटन सत्र के बाद गठित बेंच के समक्ष वादों के निस्तारण की कार्रवाई की जायेगी जिसके लिए व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में बेंच एवं निस्तारण से संबंधित सूचना चस्पा की गयी है। ध्वनि विस्तारक यत्र तथा हेल्प डेस्क के माध्यम से भी लगातार प्रचार कराया जायेगा जिससे न्यायालय आने वाले वादकारियों को अपने वाद से संबधित बेंच को खोजने में आसानी होगी। सचिव द्वारा बताया गया कि लोक अदालत में आने वाले वादकारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया जायेगा जिसमें स्वास्थ्य योजनाओं से संबधित उक्त सभी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी और केन्द्र सरकार, एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराते हुए इच्छुक व्यक्तियों द्वारा लाभ लेने हेतु निबंध भी कराया जायेगा जिसके लिए सिविल सर्जन, औरंगाबाद को इस हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पत्र प्रेषित किया गया है।

# सामान्य प्रशासन विभाग को शीघ्र भेजे रिक्तियों की अधियाचना : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय), सभी प्रमंडलीय आयुक्त एवं सभी जिलाधिकारी तथा विभिन्न आयोगों के सचिवों के साथ वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में औरंगाबाद जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने भी भाग लिया गया। बैठक के क्रम में मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि राज्य सरकार के अधीन कार्यरत सभी विभागों एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में स्वीकृत पदों के अनुरूप मानवबल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सभी रिक्तियों की अद्यतन सूचना संग्रहित की जाए तथा 31 मार्च 2026 तक की संभावित रिक्तियों का प्रतिवेदन सामान्य प्रशासन विभाग को भेज दिया जाए। वहीं वर्तमान की रिक्तियां को रोस्टर क्लीयरेंस कर 31 दिसंबर 2025 तक सामान्य प्रशासन विभाग को अधियाचना प्रेषित की जाए। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा जिला स्थापना उपसमाहर्ता के साथ जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें स्थापना उपसमाहर्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जिला अंतर्गत उपलब्ध सभी रिक्तियों की अधियाचना सामान्य प्रशासन विभाग को प्रेषित कर दी गई है। साथ ही यह बताया गया कि अमीन के 05 पद हाल ही में प्राप्त त्यागपत्रों के कारण रिक्त हुए हैं जो अधियाचन की प्रक्रिया में लंबित हैं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि उक्त पदों के लिए आज ही रोस्टर क्लियरेंस करते हुए रिक्ति की अधियाचना कल तक सामान्य प्रशासन विभाग को भेजना सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद के प्रतिवेदन में उल्लेखित टियर-4 की रिक्तियों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही, पुलिस विभाग के अंतर्गत उपलब्ध रिक्तियों की स्थिति की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने ली स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अंबा (औरंगाबाद)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर घर स्वदेशी-घर घर स्वदेशी कार्यक्रम के तहत स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की शपथ ली। शुक्रवार से कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जो अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्मदिन तक चलेगी। इस आत्मनिर्भर भारत अभियान में एक संकल्प पत्र भरवाया जा रहा है जिसमें लोगों ने मुख्य रूप से दैनिक जीवन में अधिकतम भारतीय उत्पादों का उपयोग करने, समाज में भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने तथा युवाओं व बच्चों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। वहीं पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन में भारतीय भाषाओं का प्रयोग करने, पर्यावरण के प्रति सजग एवं प्रकृति के अनुकूल उत्पादों का प्रयोग तथा देश के प्रयटन स्थलों को प्राथमिकता देने की बात कही। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार, महामंत्री अभय पासवान, अमरेंद्र कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह, श्रीमन पाण्डेय समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाइवा की ठोकर से अधेड़ की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के पिपरडीह मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर शुक्रवार को हाइवा की चपेट में आने से साइकिल सवार 50 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। घटना की है। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के आनंदपुरा गांव निवासी महेंद्र कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि महेंद्र अपने घर से साइकिल द्वारा सब्जी खरीदने औरंगाबाद शहर जाने के दौरान पिपरडीह मोड़ पार करने के क्रम में अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आ गए। घटना के बाद चालक हाइवा लेकर फरार हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल मामले की सूचना नगर व मुफस्सिल थाना की पुलिस को दी। सूचना पर दोनों थाना की पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई। कुछ देर बाद मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे और सड़क जाम कर प्रदर्शन करने लगे। काफी देर तक सड़क जाम की स्थिति रही। आक्रोशित पिपरडीह मोड़ पर बाईपास बनाने की मांग कर रहे थे। घंटों बाद पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सिन्हा कॉलेज में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन 24 को

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सिन्हा कॉलेज में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन 24 दिसंबर को होने जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य सुधीर कुमार मिश्रा और कॉलेज एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी निहारिका सिंह ने बताया कि यह आयोजन जिलास्तरीय होगा जिसमें 18 से 25 आयु वर्ग के युवक और युवतियाँ भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ऑनलाइन लिंक जारी किया गया है जिसकी विस्तृत जानकारी मोबाइल नंबर 9709030951 पर प्राप्त की जा सकती है। भागीदारी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 13 दिसंबर निर्धारित की गई है। यूथ पार्लियामेंट में प्रतिभागियों के लिए भाषण का विषय 'भारतीय लोकतंत्र के लिए सबकः आपातकाल के 50 साल पूरे होने के परिप्रेक्ष्य में' तय किया गया है।

# जनता दरबार लगा डीएम ने सुनी लोगों की फरियाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगा फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों द्वारा अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। आज के जनता दरबार में 24 फरियादियों ने जनहित से जुड़ी विविध समस्याएं रखीं जिसमें दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत, इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन, भूमि विवाद, थाना से आवेदन लौटाए जाने, शस्त्र लाइसेंस, भूमि मुआवजा तथा अन्य जनसुविधाओं से संबंधित मुद्दे मुख्य रूप से शामिल रहे। देव थाना क्षेत्र के हरिकीर्तन बिगहा निवासी बिमला देवी द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र, नगर थाना क्षेत्र के गंगटी गांव निवासी सिताबी यादव द्वारा इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन निर्गत कराने जबकि रफीगंज अंचल के देवकुली निवासी गुलबिया देवी ने भूमि विवाद के निपटारे के संबंध में आवेदन दिया। बारून थाना क्षेत्र के पोखराही निवासी उषा शंकर सिंह द्वारा थानाध्यक्ष द्वारा आवेदन लौटाए जाने के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किया गया। अमारी गांव निवासी रामविजय पासवान द्वारा मापी होने के उपरांत छत निर्माण में अवरोध हटाने के संबंध में आवेदन दिया गया। टंडवा थाना क्षेत्र के लभरी गांव निवासी धीरेन्द्र कुमार सिंह एवं अन्य ग्रामीण द्वारा उत्तर कोयल नहर परियोजना अंतर्गत फुट ब्रिज निर्माण कराने के संबंध में मांग रखी गई। कुटुंबा अंचल क्षेत्र के बेदौलिया निवासी निर्मला कुमारी द्वारा भारतमाला परियोजना अंतर्गत भुगतान कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी जनसुविधाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित, निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार में प्राप्त सभी प्रकरणों की नियमित प्रगति समीक्षा की जाएगी तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

## स्वास्थ्य केंद्र में लगाया गया विधिक जागरूकता शिविर

**ओबरा(नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ जिसमें सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस पर जागरूकता और विधिक साक्षरता गतिविधियां तथा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया जिसमें लगभग 80 मरीजों का निबंधन हुआ जिसमें 70 लोगों का इलाज हुआ। साथ ही साथ लोक अदालत में सुलहनीय वाद की जानकारी दी गई और जागरूकता फैलाई गई ताकि अधिक से अधिक लोग लोक अदालत में अपने वादों का ससमय निपटारा करवा सके। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलभी अभिषेक कुमार सिन्हा, डॉ शशिकांत कुमार, डॉ विकाश रंजन, चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा इत्यादि लोग उपस्थित रहें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

# मॉक ड्रिल कर आग से बचाव दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से डीएवी पब्लिक स्कूल महुली नबीनगर के प्रांगण में अग्निशमन टीम द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरीय जिला समादेष्टा-सह-जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी की उपस्थित में किया गया जिसमे आग लगने की स्थिति में बचाव, उपकरणों के उपयोग और त्वरित प्रतिक्रिया की प्रक्रिया को लोगों के सामने व्यावहारिक रूप से प्रदर्शित किया गया। जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों की जानकारी देना व तत्परता बढ़ाना था। बताया कि आग लगने पर घबराना नहीं चाहिए बल्कि तुरंत अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करके आग को नियंत्रित करना चाहिए। अग्निशमन यंत्र चलाने की जानकारी भी दी गई। बताया कि किस प्रकार प्रत्येक विद्यार्थी को आग से बचाव करने और सुरक्षित बाहर निकलने की जानकारी होनी चाहिए। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने फायर ड्रिल के बारे में जानकारी प्रदान की और आग से सुरक्षा के तरीकों को प्रदर्शित किया। इसमें उन्होंने स्वयं पेपर में आग लगाकर उसे बुझाकर दिखाया। उन्होंने आग बुझाने वाले उपकरण के कार्य को भी समझाया। कुछ छात्रों को मैदान पर आग बुझाने वाले यंत्र को स्वतंत्र रूप से संचालित करने के लिए भी बुलाया। जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि कोई भी घटना हो तो तुरंत 101 या 112 या जिला के सरकारी नंबर 7485805920 पर तुरंत सूचना दे। घटना की सटीक सूचना देनी है ताकि उस जगह पर सहजता से अग्निशमन की वाहन पहुंच सके। इस कार्यक्रम में सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी लालकेश्वर प्रसाद, प्रधान अग्निक संजीत कुमार, अग्निक चालक फिरोज अनवर, अग्निक हरेराम सिंह, अग्निक चालक मंजीत पांडेय एवं सभी कर्मी उपस्थित रहे।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार
नवबिहार टाइम्स
एक अखबार, पूरा बिहार
राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध
अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें
9334115121/8540866721/8789755505
पटना कार्यालय
द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स
आशियाना-दीघा रोड, पटना-13
मो0-6206165107
7004534093